CMYK




shahtimes2015@gmail.com | बैसाख शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 9 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## पहलगाम हमले के शहीदों की पत्नियों को देश के सैन्य बलों ने किया नमन

# ऑपरेशन सिंदूर

# 25 मिनट, 24 मिसाइल हमले आतंकियों के नौ ठिकाने ध्वस्त



**कर्नल सोफिया कुरैशी** ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए मासूम नागरिकों और उनके परिवारों को न्याय देने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया। जिन ठिकानों को निशाना बनाया गया वहां से आतंकियों के प्रमुख और बड़े प्रशिक्षण शिविर संचालित किए जा रहे थे।



**विंग कमांडर व्योमिका सिंह** ने बताया कि ऑपरेशन के लिए ठिकानों का चयन विश्वसनीय खुफिया जानकारी और इन ठिकानों की गतिविधियों के आधार पर किया गया था। इनका चयन करते समय यह बात ध्यान में रखी गई थी कि नागरिक ठिकानों और आम लोगों को किसी तरह का नुकसान न पहुंचे।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** पहलगाम में निर्मम आतंकवादी हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को चुन-चुन कर मारने के सरकार के संकल्प को पूरा करने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 25 मिनट तक ताबड़तोड़ 24 मिसाइल हमले कर नौ आतंकवादी ठिकानों को पूरी तरह ध्वस्त कर आतंकवादियों के नेटवर्क की कमर तोड़ दी।

दावा है कि हमलों में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं। भारत की ये जवाबी कार्रवाई पहलगाम हमले के 15 दिन बाद की गई है और इसका नाम दिया है 'ऑपरेशन सिंदूर'। ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने हत्या कर दी थी। विदेश सचिव विक्रम मिस्री, सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में देश को छह और सात मई की दरमियानी रात को एक बज कर पांच मिनट से डेढ़ बजे तक चले ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी। ब्रीफिंग से पहले एक स्लाइड में बताया गया कि पाकिस्तान कई दशकों से आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है और आतंकवादियों के हमलों में अब तक करीब 350 आम लोग और 600 से अधिक सुरक्षाकर्मी मारे गए हैं। ऑपरेशन सिंदूर में जिन नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया है, उनमें से चार पाकिस्तान में और पांच पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में हैं। इन ठिकानों पर आतंकवादी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के मुख्यालय, भर्ती, प्रशिक्षण केन्द्र और लांच पैड हैं। श्री मिस्री ने जोर देकर कहा कि बीती रात सीमापार की गई कार्रवाई नपी तुली, गैर उकसावे वाली एवं जिम्मेदाराना थी जिसका उद्देश्य आतंकवादी ढांचे को नेस्तनाबूद करना और आतंकवादियों को आगे किसी भी ऐसी हरकत के लिए अक्षम बनाना था। इस कार्रवाई में पाकिस्तान के किसी सैन्य ठिकाने को निशाना नहीं बनाया गया। इसमें निर्दोष लोगों की जान नहीं गई और न ही उनकी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई 25 अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पहलगाम हमले के बाबत जारी बयान की भावना के अनुरूप है। विदेश सचिव ने कहा कि पाकिस्तान आधारित आतंकवादी मॉड्यूल पर हमारी खुफिया निगरानी से संकेत मिला था कि भारत पर आगे भी हमले हो सकते हैं, अत: इन्हें रोकना और इसने निपटना दोनों को बेहद आवश्यक समझा गया। गुरुवार सुबह भारत ने -**शेष पृष्ठ दो पर**



## सेना ने सटीक निशाना साध केवल आतंकियों के ठिकाने किए ध्वस्त



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारतीय सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ योजना के अनुसार पहले से तय किए गए आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर इतिहास रचा है। श्री सिंह ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर पर पहली प्रतिक्रिया में जोर देकर कहा कि इस कार्रवाई में किसी भी नागरिक ठिकाने को जरा सा भी नुकसान नहीं पहुंचाया गया है। इसका उद्देश्य आतंकवादियों को ठिकाने लगाकर आतंकवाद की कमर तोड़ना था। रक्षा मंत्री ने सीमा सड़क संगठन की विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि सेना ने केवल उन्हीं को मारा है, जिसने भारत को आहत किया था।

## ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम हमले का जवाब, हमें सेना पर गर्व: शाह



**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने पहलगाम आतंकवादी हमले के सटीक जवाब के लिए अपने सैन्य बलों की कार्रवाई को गौरवान्वित करने वाला बताते हुए कहा कि आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए भारत दृढ़रूप से प्रतिबद्ध है। श्री शाह ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि हमें अपने सैन्य बलों पर गर्व है। ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम में हमारे निर्दोष भाइयों की नृशंस हत्या का भारत का जवाब है। मोदी सरकार भारत और उसके लोगों पर किसी भी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है। श्री शाह ने सेना की कार्रवाई व सैन्य बलों के 'ऑपरेशन सिंदूर' की प्रशंसा की और सेना पर गर्व किया है।

## भारतीय सेना के हमलों में मसूद अजहर के परिवार के 10 सदस्य मारे गए



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के बहावलपुर सुभानअल्लाह परिसर में किए गए हमलों में कुख्यात आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर के परिवार के 10 सदस्य और उसके चार करीबी सहयोगी मारे गए हैं।

आतंकवादी समूह ने इस परिसर का इस्तेमाल शरणस्थली के रूप में किया था। मारे गए लोगों में मसूद अजहर की बड़ी बहन और बहनोई, उसका भतीजा और उसकी पत्नी शामिल हैं। जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख के बयान का हवाला देते हुए समाचार रिपोर्ट में कहा गया है कि उसके परिवार की एक और भतीजी और पांच बच्चे भी मारे गए। इसमें कहा गया है कि अजहर का एक करीबी सहयोगी और दो अन्य करीबी सहयोगी भी भारतीय हमलों में मारे गए हैं । भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में जैश, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े नौ आतंकवादी शिविरों पर हमला किया है। बहावलपुर में सुभानअल्लाह परिसर पर हमला 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत किए गए दो महत्वपूर्ण हमलों में से एक था। इन हमलों में 80 से अधिक आतंकवादी मारे गए हैं।

## मोदी की यूरोप के तीन देशों की यात्रा टली

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस माह के मध्य में क्रोएशिया, नॉर्वे एवं नीदरलैंड्स की यात्रा स्थगित कर दी गई है। सूत्रों ने बताया कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सैन्य बलों की सीमापार कार्रवाई एवं उसके बाद उपजी परिस्थितियों को देखते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी की यूरोप के इन तीन देशों की यात्रा टाल दी गई है। श्री मोदी को 12 मई से 17 मई तक इन देशों की यात्रा करनी थी।

## अपने सैन्य बलों पर गर्व है: राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में सैन्य बलों की कार्रवाई को गौरवान्वित करने वाला करार देते हुए बुधवार को कहा कि सफल सिंदूर अभियान को अंजाम देने वाले अपने सशस्त्र बलों पर उन्हें गर्व है। श्री गांधी ने कहा कि हमें अपने सशस्त्र बलों पर गर्व है। जय हिंद। पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ पहले दिन से ही तीखे तेवर अपनाते हुए श्री गांधी ने इस आतंकी कार्रवाई का करारा जवाब देने का सरकार से आग्रह करते हुए कहा था कि उनकी पार्टी इस हमले पर हर जवाबी कार्रवाई में सरकार के साथ खड़ी है।

## देश के 18 हवाई अड्डों पर सिविल उड़ानों पर 10 मई तक रोक

**नई दिल्ली।** देश के उत्तर और पश्चिमी हिस्सों में 18 हवाई अड्डों पर सिविल उड़ानों को 10 मई तक रोक दिया गया है। भारतीय सेनाओं द्वारा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान में 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाए जाने के कुछ घंटों बाद बुधवार तड़के अचानक सिविल उड़ानों को बंद करने के निर्देश दिए गए। सूत्रों के अनुसार, जिन हवाई अड्डों पर सिविल उड़ानों को बंद किया गया है उन हवाई अड्डों की सूची में लेह, थोइस, श्रीनगर, जम्मू, अमृतसर, पठानकोट, चंडीगढ़, जोधपुर, ग्वालियर, जैसलमेर, बीकानेर, जामनगर, भठिंडा, भुज, धर्मशाला, शिमला, राजकोट और पोरबंदर शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार उड़ानें रोकने के लिए नोटिस टू एयरमैन भी जल्द ही जारी किए जाने की उम्मीद है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ये हवाई अड्डे 10 मई तक नागरिक उड़ानों के लिए बंद रहेंगे। इनमें नियमित उड़ानें और चार्टर्ड उड़ानें दोनों शामिल हैं।

## दिल्ली से लेकर मुंबई तक हुई मॉक ड्रिल

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के रिश्तों में बढ़ते तनाव और संभावित हमले की आशंका के मद्देनजर बुधवार को देश के 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 244 जगहों पर युद्ध के दौरान बचाव के तरीकों की मॉक ड्रिल हुई। बता दें कि, इसके लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से सभी राज्यों को निर्देश जारी किया गया था।

## सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में 22 नक्सली किए ढेर



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर की कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर जारी 'नक्सल उन्मूलन ऑपरेशन' के 16वें दिन बुधवार को सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली। सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में 20 से 22 नक्सलियों के मारे जाने का दावा किया। इनमें से अब तक 18 नक्सलियों के शव बरामद किए जा चुके हैं।

नक्सलियों के मूवमेंट की पुष्टि ड्रोन कैमरे से लिए फोटो में भी हो रही है। छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के आखिरी गढ़ कर्रेगुट्टा की पहाड़ियों पर जमा नक्सलियों को सुरक्षाबल चौतरफा घेरे हुए हैं। इस ऑपरेशन पर दिल्ली से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक (डीजी) ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह भी नजर बनाए हुए हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) (नक्सल ऑप्श) विवेकानंद सिन्हा, सीआरपीएफ के

### 18 नक्सलियों के शव बरामद

महानिरीक्षक (आईजी) राकेश अग्रवाल व बस्तर के आईजी पी. सुंदरराज भी मुठभेड़ की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उम्मीद है शाम तक जवान ऐतिहासिक सफलता की ओर बढ़ सकते हैं। नक्सलियों को उनके मांद में डीआरजी कोबरा, सीआरपीएफ और एसटीएफ के बहादुर जवान मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर स्थित कर्रेगुट्टा की पहाड़ी के पास सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ अभी जारी है। सुरक्षा बलों द्वारा बड़े स्तर पर नक्सल-विरोधी ऑपरेशन चलाया जा रहा है। बीजापुर जिले और उससे सटी तेलंगाना सीमा पर पिछले 16 दिनों से नक्सल विरोधी अभियान जारी है। इस अभियान के तहत बुधवार सुबह से पुलिस और नक्सलियों के बीच भारी गोलीबारी हो रही है। छत्तीसगढ़ के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विवेकानंद सिन्हा ने बताया कि अब तक पुलिस ने 18 नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। गोली बारी जारी है। इधर बस्तर रेंज के आईजी पी सुंदरराज ने जारी बयान में कहा है कि गुरुवार को ऑपरेशन संकल्प के अच्छे परिणाम की अपेक्षा है। सभी सुरक्षाबल सुरक्षित हैं और बस्तर क्षेत्र को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध हैं। चूंकि ऑपरेशन प्रगति पर है सुरक्षा कारणों से इस समय संपूर्ण जानकारी साझा नहीं की जा सकती। उपयुक्त समय पर अधिकृत पदाधिकारी आवश्यक जानकारी साझा करेंगे। चूंकि ऑपरेशन प्रगति पर है सुरक्षा कारणों से इस समय संपूर्ण जानकारी साझा नहीं की जा सकती। उपयुक्त समय पर अधिकृत पदाधिकारी आवश्यक जानकारी साझा करेंगे।

## पाकिस्तान की नागरिक क्षेत्रों में भारी फायरिंग में 15 निर्दोष लोगों की मौत

**श्रीनगर।** पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत के ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेनाओं के पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी शिविरों पर सटीक हमलों के बाद बौखलाया पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) और अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर देर रात से भारी गोलीबारी कर रहा है, जिसमें पुंछ और तंगधार में 15 निर्दोष लोगों की मौत हो गई और 43 अन्य घायल हो गए। भारतीय सेना ने भी पाकिस्तान की अंधाधुंध फायरिंग का मुंहतोड़ जवाब दिया है और पाकिस्तानी चौकियों पर हमले में कई पाकिस्तानी सैनिकों के मारे जाने की खबर है। सेना ने एक बयान में यह जानकारी दी है। सेना ने कहा है कि हताश पाकिस्तानी सेना ने पुंछ और तंगधार क्षेत्रों में नागरिक ठिकानों और आबादी को निशाना बनाकर फायरिंग की है। सेना ने कहा कि वह पाकिस्तान की अंधाधुंध फायरिंग का करारा जवाब दे रही है।

## मोदी ने राष्ट्रपति मुर्मू को दिया ऑपरेशन का अपडेट



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर उन्हें भारतीय सेनाओं द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिए चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी।

राष्ट्रपति भवन सचिवालय ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। इससे पहले प्रधानमंत्री ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता की और केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति की बैठक में भी इस पर चर्चा की।

# हिंदू इंटर कॉलेज में पदाधिकारियों का सम्मान

## प्रधानाचार्य रविंद्र शर्मा ने फूल मालाएं पहनाकर किया अभिनंदन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** हिंदू इंटर कॉलेज चांदपुर में प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार शर्मा ने उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत सम्मान किया। नए शिक्षा सत्र में संगठन की सदस्यता विस्तार के लिए संगठन के जिला अध्यक्ष गय्यूर आसिफ तथा जिला मंत्री विनोद कुमार अलग-अलग क्षेत्रों का भ्रमण कर शिक्षकों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं तथा संगठन को मजबूत करने के लिए बल दे रहे हैं।



इस क्रम में संगठन के जिला संरक्षक विनेश त्यागी के साथ आज दोनों पदाधिकारी चांदपुर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में भ्रमण कर रहे थे। जनता इंटर कॉलेज आजमपुर, कृषक जनता इंटर कालेज धुंधली, दयानंद इण्टर कॉलेज हीमपुर दीपा, श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज जलीलपुर, गांधी इण्टर कॉलेज के शिक्षकों से भेंट करने के बाद हिंदू इंटर कॉलेज चांदपुर में पहुंचने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य और संगठन के सह संरक्षक रविंद्र कुमार शर्मा ने अपने साथियों के साथ संगठन के पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया तथा फुल मालाएं पहनकर उनका अभिनंदन किया।

इस अवसर पर रविंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में जिला अध्यक्ष गय्यूर आसिफ तथा जिला मंत्री विनोद कुमार की जोड़ी संगठन के संस्थापक ओम प्रकाश शर्मा के द्वारा स्थापित आदर्शों का पूर्णत: अनुपालन करते हुए संगठन को मजबूत बनाने के लिए भरसक प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि संगठन की सदस्यता विस्तार हो अथवा शिक्षकों की समस्याओं का संज्ञान लेना संगठन आज प्रत्येक क्षेत्र में मजबूती के साथ अपने दायित्व का निर्वाह कर रहा है। जिला संरक्षक दिनेश कुमार त्यागी ने कहा कि वर्तमान समय में नए शिक्षकों को संगठन की विचारधारा को समझना चाहिए तथा संगठन के महत्व को समझकर अपने वरिष्ठ साथियों के साथ मिलकर अपने हितों तथा अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष में सम्मिलित होना चाहिए। विनेश त्यागी ने कहा की सरकार निरंतर शिक्षकों एवं कर्मचारियों के अधिकारों को सीमित करती जा रही है, ऐसे में यदि एकजुट होकर शिक्षकों ने संघर्ष न किया तो पुरानी पेंशन तथा विभिन्न प्रकार के भक्तों की तरह से भविष्य में और भी बहुत कुछ हमसे छीना जा सकता है। उन्होंने कहा की आपस में मतभेद भुलाकर सभी शिक्षकों को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के बैनर के साथ आना चाहिए और संगठन को मजबूत करना चाहिए।

जिला अध्यक्ष ने स्वागत सम्मान और अभिनंदन के लिए प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार शर्मा तथा उनके साथियों अमित सिंघल, हंसराज सिंह, पुनीत कुमार, विनय कुमार आदि को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि वर्तमान कार्यकारिणी अपने दायित्वों का बखूबी निर्वाह कर रही है। उन्होंने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय हो अथवा जेडी या डीडीआर कार्यालय कहीं भी हमारे शिक्षक साथियों की समस्याओं को त्वरित निस्तारित करने के लिए संगठन निरंतर प्रयासरत है। जिला मंत्री विनोद कुमार ने कहा कि एनपीएस के साथियों के कुछ प्रकरण उनके संज्ञान में है। एनपीएस से पुरानी पेंशन में आने वाले साथियों को शीघ्र जीपीएफ में सम्मिलित किया जाएगा। जिन साथियों के नाम अथवा पते में कुछ त्रुटि है, पेंशन विभाग से त्रुटि दूर होने पर तुरंत उनको भी पुरानी पेंशन के लाभ से आच्छादित कर उनको भी जीपीएफ नंबर दिलाए जाएंगे। दोनों नेताओं ने जनपद के सभी माध्यमिक शिक्षकों से संगठित होकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।

# रिश्वत लेते पकड़े गये बाबू की सीट का अभी नहीं हुआ चार्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से बहाली के नाम पर रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े गए वरिष्ठ सहायक के कार्य का कार्यभार दूसरे लिपिक को ना सौंपे जाने से नजीबाबाद तहसील के माध्यमिक विद्यालयों के कार्य लंबित पड़े हैं। लेकिन अभी तक भी जिला विद्यालय निरीक्षक इस प्रकरण को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

आर्य कन्या इंटर कालेज नजीबा. बाद के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी राधेश्याम सिंह के प्रबंध समिति द्वारा निलंबित किए जाने के प्रकरण में उच्च न्यायालय के द्वारा बहाल किए जाने के बाद जिविनि कार्यालय द्वारा कार्यभार ग्रहण कराने के लिए धन का दबाब बनाने के बाद जनवरी के अन्त में मुरादाबाद की विजिलेंस टीम ने कार्यालय के वरिष्ठ सहायक देवेन्द्र चौहान को दस हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय बिजनौर में काम के बदले रिश्वत लेने का कोई नया काम नहीं था। लेकिन न्यायालय के आदेश के बाद भी कार्यभार ग्रहण कराने के लिए लगातार मांग बढ़ाने से आहत कर्मचारी ने विजिलेंस मुरादाबाद से संपर्क कर वरिष्ठ सहायक देवेन्द्र चौहान की लिखित शिकायत की। जिस पर कार्यवाही के बाद वरिष्ठ सहायक को कार्यालय में रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा और गिरफ्तार कर मुरादाबाद ले गये। होली से दो दिन पूर्व वरिष्ठ सहायक देवेन्द्र चौहान की जमानत हो गयी। इस बीच विभाग द्वारा निलंबित किए गये वरिष्ठ सहायक देवेन्द्र चौहान के प्रभाव वाली नजीबाबाद तहसील का चार्ज कार्यालय के लिपिक लोकेन्द्र सिंह के नाम जिला विद्यालय निरीक्षक जय करन यादव ने कर दिए। साथ ही चार्ज दिलाने के लिए विभागीय कमेटी भी गठित कर दी गई है। आरोपी वरिष्ठ सहायक देवेन्द्र चौहान के जमानत पर आने के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर ने उनके मूल पद वरिष्ठ सहायक राजकीय इंटर कालेज बिजनौर में कार्य भार ग्रहण करा दिया लेकिन तीन माह बाद भी जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर अपने कार्यालय के वरिष्ठ सहायक देवेन्द्र चौहान का नजीबाबाद तहसील का प्रभाव लिपिक लोकेन्द्र सिंह को नहीं दिला सके, यहां तक चार्ज दिलाने के लिए बनायी गई कमेटी भी सक्रिय नहीं हो सकी। जिससे नजीबाबाद तहसील के 11 अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के साथ ही दर्जनों वित्त विहीन विद्यालयों के कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

### आरोपी बाबू ने अपनी मूल तैनाती पर चार्ज संभाला

सूत्रों के अनुसार जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर ने नजीबाबाद तहसील के न्यायालय से जुडी एक दो फाईल तो अवश्य लोकेन्द्र सिंह को उपलब्ध करायी है जबकि लिखित आदेश के बाद भी नजीबाबाद तहसील के माध्यमिक विद्यालयों से जुड़ी सामान्य व आवश्यक पत्रावली आज तक नामित लिपिक को उपलब्ध नहीं कराई गई है। नजीबाबाद तहसील के माध्यमिक विद्यालयों के प्रबंधक व शिक्षक कर्मचारी अपने लंबित कार्यों के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय बिजनौर में चक्कर काट रहे हैं और नजीबाबाद तहसील पटल सहायक लोकेन्द्र सिंह चार्ज ना मिलने या नजीबाबाद का चार्ज उनसे हटाने की बात करते हैं जबकि जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर जय करन यादव भी गोल मोल जबाब देकर प्रकरण को टाल रहे हैं।

इस बाबत जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर जय करन यादव से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन सम्पर्क नहीं हो पाया।

# ऑक्सफोर्ड में सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल



### हमले से बचाव के उपाय बताए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत व पाकिस्तान के बीच युद्ध की आशंका के चलते आम जनता की सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के निकट सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

थाना अध्यक्ष धीरज कुमार नागर ने स्कूली बच्चों को किसी भी दुश्मन देश के हमले से बचाव करने के उपाय बताए साथ ही सभी बच्चों को कहा कि सब बच्चे अन्य लोगों को बचाव के नियम बताए। इस अवसर पर पुलिस बल के साथ साथ नगर पालिका अधिशासी अधिकारी ओम गिरी, अन्य कर्मचारी व स्वास्थ विभाग से डॉ. आशीष आर्य व कर्मचारी, खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह, ऑक्सफोर्ड सीनियर सेकेंड्री पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर आशीष सिंघल, लीना सिंघल व छात्रों आदि के भाजपा मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल, अतुल मारवाड़ी, सौरभ चौहान, देवराज चौधरी, शोभित त्यागी मॉक ड्रिल में उपस्थित रहे।

# गुलदार पकड़ने को लगाया पिंजरा

### ग्रामीणों में दहशत का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** गांव फूलसंदा खाकम के जंगल में चारा काटते समय किसान पर गुलदार के हमला करने के बाद घायल का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। वन विभाग ने गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया है, लेकिन अभी तक गुलदार के नहीं पकड़े जाने पर किसानों में दहशत का माहौल बना हुआ है। किसान अकेले जंगल जाने से कतरा रहे हैं।



गौरतलब है कि मंगलवार को गांव फूलसंदा खाकम निवासी खुर्शीद अहमद पर जंगल में चारा काटते समय गुलदार ने हमला कर दिया था। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया था। जहां से जिला अस्पताल रैफर किया गया था। उनका जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। उधर वन विभाग ने गुलदार को पकड़ने के लिए जंगल में पिंजरा लगाया है। लेकिन 30 घंटे बीत जाने के बाद भी गुलदार वन विभाग की पकड़ से दूर है, जिसको लेकर किसानों में दहशत का माहौल बना हुआ है और वह अकेले जंगल जाने से कतरा रहे है। ग्रामीणों ने गुलदार को पकड़वाए जाने की मांग की है। वन रेंजर गोविंदराम गंगवार का कहना है कि गुलदार को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## आपातकाल में सुरक्षा के उपाय बताए

**बढ़ापुर।** आपातकालीन स्थिति पर नागरिक सुरक्षा के उपायों को लेकर पुलिस ने बैंकों, कालेजों व कस्बे में कई स्थानों पर मॉक ड्रिल कार्यक्रम आयोजित किए। पुलिस ने थाना प्रांगण में पुलिस मॉक ड्रिल का अभ्यास किया। इसके बाद थाने के बाहर बढ़ापुर-नगीना मार्ग पर बस यात्रियों एवं बैंकों व कालेजों समेत कस्बे के विभिन्न स्थानों पर मॉक ड्रिल कार्यक्रम आयोजित कर नागरिकों को किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति से निपटने एवं उसमें अपना योगदान देने के बारे में विस्तृत जानकारी व प्रशिक्षण देते हुए आगाह किया गया कि आपदा की स्थिति में नागरिकों को किसी अप्रिय घटना होने पर विशेष रूप से किन - किन बातों का ध्यान रखना है।



## एक नजर

### तमंचे के साथ गुलफाम गिरफ्तार

बढ़ापुर। थाना प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार ने बताया कि उच्च अधिकारियों के आदेश पर अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान में पुलिस ने गांव छायली के जंगल से गुलफाम उर्फ मुन्ना पुत्र अब्दुल गफ्फार निवासी मुहल्ला बाजार थाना बढ़ापुर को जंगल में डेरे से एक तमंचा 315 बोर मय एक जिंदा कारतूस के गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

### आरकेसीएम स्कूल में मॉक ड्रिल



**नूरपुर।** आरकेसीएम पब्लिक स्कूल में मॉक ड्रिल करवाया गया। केंद्र सरकार के निर्देश के उपरांत विद्यार्थियों और समाज के लोगों को जागरूक करने हेतु आरकेसीएम पब्लिक स्कूल में सीनियर विंग के विद्यार्थियों के लिए युद्ध की स्थिति में सुरक्षा बचाव के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य ने बताया है कि सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को युद्ध के समय पर विशेष रूप से हवाई हमले के समय सायरन बजने पर एवं ब्लैक आउट की स्थिति में बचाव के लिए आवश्यक जानकारी दी। विद्यार्थियों ने मॉक ड्रिल के प्रदर्शन में पूरी उत्सुकता से भाग लेकर, अपने परिवार और समाज के लोगों को जानकारी देने का संकल्प भी लिया। अगर आपातकाल स्थिति में अपने आपको किस तरह से बचाया जा सके, इसलिए हर व्यक्ति को जानकारी होना जरूरी है।

### मॉक ड्रिल कर किया जागरुक




**हल्दौर।** थाना पुलिस ने जिला प्रशासन के निर्देश पर मॉक ड्रिल कर लोगों को जागरुक किया। बुधवार को थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार बैंसला, कस्बा इंचार्ज श्रीपाल सिंह पुलिसबल के साथ नगर के टाटमोहरा पर स्थित जामा मस्जिद पर पहुंचे। उन्होंने व्यापारियों, नगरवासियों को अपने घरों के खिड़की, दरवाजे, लाइटें आदि बंद रखने और सायरन बजने पर सजग रहने, मोबाइल फोन पर कम बातें करने व आपातकालीन विभिन्न संबंधी आपदा आदि की जानकारी दी। इस अवसर पर वरुण कुमार अग्रवाल, दर्पण रावल, राशिद मलिक आदि मौजूद रहे।

# खाटू श्याम महोत्सव का भव्य आयोजन

**हल्दौर।** श्री श्याम परिवार सेवा सोसाइटी के तत्वावधान में तृतीय खाटू श्याम महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। नगर का महौल श्याममय हो गया। नगर के पोखर बाजार रामलीला मैदान में श्री श्याम परिवार सेवा सोसायटी के तत्वाधान में आयोजित खाटू श्याम महोत्सव का शुभारंभ जोत जलाकर व भगवान गणेश एवं मां सरस्वती वंदना से किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायक हेमंत बृजवासी (मुंबई), निशा अरोड़ा और प्रहलाद फकीरा ने अपने सुंदर-सुंदर भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। महोत्सव में विशिष्ट क्षेत्रीय विधायक ओम कुमार, उनकी पत्नी व महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष शोभा रानी को श्याम बाबा का छाया चित्र से सम्मानित किया गया। आयोजन को लेकर उत्साही स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ लक्ष्मीकांत वर्मा ने किया। कार्यक्रम में उक्त समिति के अध्यक्ष व सभासद ऋषभ रस्तोगी, अर्पित रस्तोगी, डॉ यश चंद्रा, गोलू बाबा, कृष्ण वर्मा, विनीत सैनी, मोहित सैनी, हनी चौहान, शिवम शर्मा, सौरभ चौधरी, तन्मय रस्तोगी, जानू रस्तोगी, आशू, प्रिंस वर्मा ,चरण सैनी, रेखा यादव, रिया, अतुल मारवाड़ी आदि सहित समिति के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जीएसएन में सुर साधना आईडल का आयोजन

### विजेताओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** जीएसएन इंटरनेशनल एकेडमी में तीन दिवसीय सुर साधना आईडल 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिवस का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक रघुराज सिंह नागर, मुख्य अतिथि सरदार अमरजीत सिंह व जसप्रीत सिंह ने किया।

कार्यक्रम में डॉ. संजय सिंह त्यागी, हरिश्चंद्र चंद्रा, अजीत सिंह, जोगेंद्र सिंह चिकारा, सोनू कश्यप निर्णायक की भूमिका में रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन विकास पंकज ने किया। जिला के विभिन्न विद्यालयों के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। फाइनल राउंड में जूनियर वर्ग में आरोही (हैजलमून चांदपुर) ने प्रथम, तपवी (एम.के.डी.नहटौर) ने द्वितीय व लवानिया त्यागी (एम.ई.पी.एस नहटौर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि सीनियर वर्ग में रितिका देव (एम.ई.पी.एस नहटौर) ने प्रथम, शुभकरण सिंह (स्कॉलर वैली धामपुर) ने द्वितीय और ख्याति (एम.के.डी.नहटौर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को ट्रॉफी व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। वर्णिका, बालेश्वर, तुफैल अंसारी, तन्मय पाराशर, मुस्कान को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया। अंत में शैक्षिक सत्र 2024-25 के टॉप 3 रैंकर्स को गोल्ड मेडल, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल के साथ सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जसप्रीत सिंह ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में अर्जुन सिंह, अपूर्व कुमार, विशाल चाहल, विक्रांत कुमार,नीरज कुमार, निशा राजपूत, स्वाति पाराशर, पलक राजपूत, स्वाति वर्मा, नमिता रस्तौगी सहित समस्त कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राएं समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा




## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### ऑपरेशन सिंदूर ...

इस तरह के सीमा पार हमलों का जवाब देने और उन्हें रोकने तथा उनका प्रतिरोध करने के अपने अधिकार का प्रयोग किया है। विदेश सचिव ने पहलगाम हमले की पृष्ठभूमि की पूरी जानकारी दी और कहा कि 22 अप्रैल 2025 को लश्कर-ए-तैयबा से संबंधित पाकिस्तानी और पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हमला किया और 25 भारतीय नागरिकों और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी। यह हमला स्पष्ट रूप से जम्मू-कश्मीर में बहाल हो रही सामान्य स्थिति को बाधित करने के उद्देश्य से किया गया था। श्री मिस्री ने बताया कि यह हमला स्पष्ट रूप से जम्मू-कश्मीर में सामान्य स्थिति को गड़बड़ाने और अशांति फैलाने उद्देश्य से किया गया। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष घाटी में रिकॉर्ड ढाई करोड़ पर्यटक आए थे। साथ ही इसके जरिये केन्द्र शासित प्रदेश में विकास और प्रगति को नुकसान पहुंचाना और पाकिस्तान से सीमा पार आतंकवाद को जारी रखने के लिए उपजाऊ जमीन बनाना था। उन्होंने कहा कि यह हमला उन्होंने कहा कि देश में ऐसा कुछ नहीं हुआ और इसके लिए केन्द्र सरकार और जनता को श्रेय दिया जाना चाहिए जिन्होंने इन मंसूबों को विफल कर दिया। श्री मिस्री ने कहा कि खुद को द रेसिस्टेंस फ्रंट टीआरएफ कहने वाले एक समूह ने हमले की जिम्मेदारी ली है। यह समूह संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित पाकिस्तानी आतंकवादी गुट लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा है। उल्लेखनीय है कि भारत ने मई और नवंबर 2024 में संयुक्त राष्ट्र की 1267 प्रतिबंध समिति की निगरानी टीम को अर्ध-वार्षिक रिपोर्ट में टीआरएफ के बारे में जानकारी दी थी, जिससे पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूहों के लिए एक कवर के रूप में पाकिस्तान की भूमिका सामने आई थी। इससे पहले भी दिसम्बर 2023 में, भारत ने निगरानी टीम को लश्कर और जैश-ए-मोहम्मद के बारे में सूचित किया था जो टीआरएफ जैसे छोटे आतंकवादी समूहों के माध्यम से काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले की जांच से पाकिस्तान के साथ आतंकवादियों के संपर्क उजागर हुए हैं। रेजिस्टेंस फ्रंट द्वारा किए गए दावे और लश्कर-ए-तैयबा से ज्ञात सोशल मीडिया हैंडल द्वारा इसको रिपोस्ट किया जाना इसकी पुष्टि करता है। चश्मदीद गवाहों और विभिन्न जांच एजेंसियों को उपलब्ध अन्य सूचनाओं के आधार पर हमलावरों की पहचान भी हुई है। इसके अलावा खुफिया एजेन्सी ने इस टीम के योजनाकारों और उनके समर्थकों की जानकारी जुटाई है। श्री मिस्री ने कहा कि इस हमले की रूपरेखा भारत में सीमा पार आतंकवाद को अंजाम देने के पाकिस्तान के लंबे ट्रैक रिकॉर्ड से भी जुड़ी हुई हैं, जिसके लिखित और स्पष्ट दस्तावेज उपलब्ध हैं। पाकिस्तान दुनिया भर में आतंकवादियों के लिए एक शरण स्थल के रूप में पहचान बना चुका है। इसके अलावा पाकिस्तान ने इस मुद्दे पर विश्व और फाइनेन्सियल ऐक्शन टास्क फोर्स जैसे अंतर्राष्ट्रीय मंचों को जानबूझकर गुमराह करने के लिए भी जाना जाता है। साजिद मीर का मामला, जिसमें इस आतंकवादी को पाकिस्तान ने मृत घोषित कर दिया था और फिर, अंतर्राष्ट्रीय दबाव के परिणाम स्वरूप, वह जीवित पाया गया, इसका सबसे स्पष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि हमलों के एक पखवाड़े के बाद भी, पाकिस्तान द्वारा अपने क्षेत्र या अपने नियंत्रण वाले क्षेत्रों में आतंकवादियों के ठिकानों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए कोई स्पष्ट कदम नहीं उठाया गया है। उल्टे, वो इन्कार करने और आरोप लगाने में ही लिप्त रहा है इसलिए यह कार्रवाई जरूरी थी।

# नोएडा एयरपोर्ट पर 131 पुलिसकर्मी संभालेंगे मोर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ विशेष ट्रेनिंग प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, 45 को किया गया प्रशिक्षित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की संचालन प्रक्रिया जल्द ही शुरू होने वाली है। गौतमबुद्धनगर के जेवर में बन रहे एशिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट पर किसी प्रकार की सुरक्षा चूक न हो, इसी कड़ी में, जेवर एयरपोर्ट पर तैनात होने वाले पुलिस. बल को चयनित कर उनकी विशेष ट्रेनिंग की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

इस एक महीने चलने वाली ट्रेनिंग प्रक्रिया के अंतर्गत 45 पुलिस कर्मियों के पहले बैच को ट्रेंड कर दिया गया है। इस ट्रेनिंग का आयोजन ब्यूरो ऑफ इमीग्रेशन की अनुशंसा पर लखनऊ स्थित फॉरेन रीजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिस द्वारा कराया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा जेवर एयरपोर्ट पर इमीग्रेशन सर्विसेस समेत तमाम कार्यों की निगरानी व प्रबंधन के लिए राज्य पुलिस बल की नियुक्ति का आग्रह किया गया था, जिसे पूरा करते हुए योगी सरकार ने पुलिस विभाग के विभिन्न कार्मिकों को सेवाएं देने के लिए चिह्नित किया है। इन सभी कार्मिकों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप ट्रेंड करने तथा विशेष तौर पर इमीग्रेशन सर्विसेस के सफल संचालन के लिए सतर्क, सक्षम व सुदृढ़ निगरानी प्रणाली के तौर पर कार्य करने के लिए ट्रेंड किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग द्वारा गौतमबुद्धनगर के जेवर स्थित एनआईएल में जिन पुलिस कर्मियों को तैनात किया जाना है, उन्हें विशिष्ट ट्रेनिंग प्रक्रिया का हिस्सा बनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश पुलिस बल द्वारा एनआईएल की सुरक्षा प्रणाली मजबूत करने के लिए जिन 131 पुलिस कार्मिकों का चयन किया गया है, उनमें 10 इंस्पेक्टर, 42 सब इंस्पेक्टर तथा 62 कॉन्सटेबल शामिल हैं।

### योगी ने आकांक्षात्मक विकास खंडों की प्रगति पर जताई संतुष्टि

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आकांक्षात्मक जनपदों और आकांक्षात्मक विकास खंडों में आए बदलाव का स्थलीय परीक्षण करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को भ्रमण पर भेजने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को आकांक्षात्मक जनपद और आकांक्षात्मक विकास खंड कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आठ आकांक्षात्मक जिलों में प्रमुख सचिव/सचिव स्तर के 8 अलग-अलग अधिकारियों को 3 दिन के दौरे पर भेजा जाए, इसी तरह 108 आकांक्षात्मक जनपदों में भ्रमण के लिए विशेष सचिव स्तर के 108 अधिकारियों को भेजा जाए। यह अधिकारी इन कार्यक्रमों के प्रारम्भ से अब तक इन क्षेत्रों में आए वास्तविक बदलाव का स्थलीय निरीक्षण करें।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैंडसअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# मालन नदी के पुनरुद्धार पर जोर

## डीएम ने दिए विशेष निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम श्रीमती जसजीत कौर ने मालन नदी के पुनरूद्धार पर जोर देते हुए कहा कि इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में पौराणिक मालन नदी का पुनरूद्धार कराएं जाने के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। डीएम श्रीमती जसजीत कौर ने बताया कि महाकवि कालिदास द्वारा विराचित नाट्यग्रंथ अभिज्ञान शकुन्तलम के अनुसार महर्षि कण्व का आश्रम मालिनी नदी (आज की मालन) एवं गंगा के संगम पर अवस्थित था। यही स्थान सम्राट दुष्यंत एवं ऋषि की पालित पुत्री शकुन्तला की प्रणय स्थली रही है। इन्ही के पुत्र भरत के नाम पर हमारे देश का नाम भारत पड़ा। दोनों नदियों का संगम स्थल वर्तमान में शहर से 12 किमी की दूरी पर स्थित ग्राम रावली के रूप में पहचाना जाता है। जो इस जनपद का एक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है। उन्होंने कहा कि पौराणिक दृष्टिकोण से मालन नदी का पुनरूद्धार किया जाना अत्यंत आवश्यक है। जिसके लिए जिला प्रशासन द्वारा कार्य योजना तैयार की गई है।

उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम मालन नदी का ड्रोन सर्वे कराया जाएगा, ताकि उसके प्रवाह एवं सीमाओं का लेखपालों द्वारा चिन्हांकन किया जा सके। उसके बाद नदी के दोनों किनारों पर बांध बनाएं जाएंगे और बांधों के दोनों ओर बांस एवं अन्य पौधों का रोपण किया जाएगा। ग्राम से गुजरने वाली मालन नदी के बांधों पर इंटरलॉकिंग, बैंच एवं वृक्षारोपण का कार्य भी कराया जाएगा, ताकि वहां ग्रामवासी मनो. रंजन कर सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि नदी का चिन्हांकन एवं पैमाईश का कार्य करते समय संबंधित ग्राम प्रधान को भी अनिवार्य रूप से अपने साथ रखें तथा उनका सहयोग भी प्राप्त करें। उन्होंने यह भी बताया कि पैमाईश के बाद टीए कार्य का एस्टिमेट बना कर प्रस्तुत करेंगे और यथाशीघ्र कार्य शुरू कराया जाएगा।

उन्होंने सभी संबंधित उप जिलाधिकारियों एवं सिंचाई विभाग अफजलगढ़ को निर्देश दिए कि विकास विभाग के साथ आपसी तालमेल स्थापित करते हुए इस महव्पूर्ण कार्य को पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने उपायुक्त मनरेगा को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द मालन नदी के चिन्हाकन का कार्य प्रारम्भ करें और सर्वे कार्य की वीडियो भी बनाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि वाट्सएप ग्रुप बनाएं और सम्पूर्ण कार्य की प्रगति की समीक्षा करें और जिस स्तर पर भी कार्य में लापरवाही संज्ञानित हो, तत्काल कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने के लिए प्रयास करें। उन्होंने सभी लेखपालों को निर्देश दिए कि कार्य की प्रगति की प्रतिदिन की रिपोर्ट ग्रुप पर प्रेषित करें और यदि कार्य के सम्पादन में कोई समस्या हो, तो उसका समाधान कराने के लिए उप जिलाधिकारी या तहस. ीलदार से सम्पर्क स्थापित करें। ताकि प्राथमिकता के साथ उसको निस्तारित किया जा सके। उन्होंने अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड अफजलगढ़ को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र में प्रत्येक जेई को पांच गांवों का आवंटन कर उनकी निगरानी में मालन नदी के पुनरूद्धार का कार्य सम्पादित कराना सुनिश्चित करें।

# स्योहारा के आलम को किशोरी से बलात्कार में आजीवन कारावास

## नाबालिग किशोरी का अपहरण कर लूटी इज्जत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय स्पेशल पॉक्सो एक्ट ने स्योहारा के मौहम्मद आलम को नाबालिग का अपहरण कर उसकी इज्जत लूटने के आरोप में आजीवन कारावास एवं 61 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार वादी ने स्योहारा थाने में तहरीर दी थी कि अभियुक्त मौहम्मद आलम पुत्र कय्यूम निवासी ग्राम मंसूर सराय पित्थापुर ने उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया और अश्लील हरकतें करते हुए उसकी इज्जत लूट ली। स्योहारा पुलिस ने धारा 363 व 376 (3) आईपीसी एवं 3/4 पॉक्सो एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया था। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। अभियुक्त को सजा दिलाने के लिए पुलिस ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की थी। न्यायालय स्पेशल पोक्सो एक्ट में आज अभियुक्त मौहम्मद आलम पुत्र कय्यूम निवासी मनसूर सराय को आजीवन कारावास एवं 61 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

## जनपद में 15 मिनट का ब्लैक आउट

**बिजनौर।** पाकिस्तान में आतंकी शिविरों पर सेना की कार्यवाही के बीच आज देर शाम आठ बजे से सवा आठ बजे तक ब्लैक आउट रखा गया। सभी ने अपनी दुकानों, प्रतिष्ठानों व घरों की लाइटें बंद रखी। जनपद मुख्यालय पर तो आठ बजे के पूर्व ही लाइट भगा दी गई थी।

## एक नजर

### चौराहे पर खतरनाक गड्ढा



**नजीबाबाद।** नगर के कृष्णा टाकिज चौराहे पर एक गहरा गड्ढा हादसों को दावत दे रहा हैं। अब तक कई लोग इस गड्ढे के कारण गिरकर घायल हो चुके है। इस व्यस्तम मार्ग में दिन-रात आवागमन का दबाव बना रहता है। भीड़भाड़ के कारण यहां से गुजरना खतरे से खाली नहीं है, क्योंकि यह गहरा गड्ढा बिल्कुल चौराहे पर है। चौराहे से नगर के प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों का आना-जाना लगा रहता है। इस संबंध में स्थानीय लोगों द्वारा पूर्व में भी आवाज उठाई गई थी। परंतु शासन व प्रशासन की कानों पर जू नहीं रेंगी। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि गड्ढे की वजह से कई लोग घायल हो चुके हैं। व्यापारियों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से सड़क पर बने गहरे गड्ढे को भरवाने की मांग की है। समाजसेवी अभिनव अग्रवाल, व्यापारी आशु सिद्दीकी, राशिद, सुरेश वशिष्ठ, सुहेल, नदीम, अनिल कुमार, शारिक, शाहिद, सलीम, सरताज आदि ने गड्ढे को भरवाने की मांग की है।

### मौलाना गुलाम के इंतकाल पर अफसोस



**राजा का ताजपुर।** मदरसा इस्लामिया हिफजुर्रहमान में उलेमाओं की बैठक आयोजित हुई। जिसमें सैकड़ों उलेमाओं ने शिरकत की। जिसमें हजरत मौलाना गुलाम मौहम्मद वस्तानवी के इंतकाल पर दुख का इजहार व मगफिरत की दुआएं की गई। अध्यक्षता हजरत मुफ्ती फरमान ने की व निजा. मत कारी अजीम ने की। दुआओं का आगाज कुरान पाक की तिलावत से हुआ। जिसमें हजरत मौलाना नईम कासमी ने दारुल उलूम देवबंद के पूर्व मो. हतमिम मरहूम आलिमदीन हजरत मौलाना गुलाम मौहम्मद वस्तानवी की जिंदगी पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि हजरत मौलाना गुलाम मौहम्मद वस्तानवी एक नेक दिल व मिलनसार इंसान थे। उन्होंने हिन्दुस्तान के साथ-साथ पूरी दुनिया में हजारों मदरसे के साथ मेडिकल कॉलेज व अस्पताल खोले। जहां पर लाखों की तादाद में गरीब परिवारों के बच्चे तालीम हासिल कर अपने मां-बाप के साथ-साथ मुल्क का नाम रोशन कर रहे है। उनके अचानक इंतकाल से दुनिया भर के उलेमाओं में गम का माहौल पैदा हो गया। आज हर कोई उनकी कमी को महसूस कर रहा है। उनके इंतकाल से मुसलमानों को गहरा सदमा लगा है। उन्होंने स्कूल मेडिकल कॉलेज के साथ ही लड़कियों के कॉलेज बनवाने का काम किया है। उनकी मेहनत व कौम की खिदमत को देखते हुए उनको याद करके हर किसी की आंखों में आंसू हैं। इस मौके पर कारी अजीम, मुफ्ती अरशद, मौलाना नईम कासमी, कारी गुफरान साजीदी, कारी मुंतजीम, कारी जाहिद, हाफिज शमीम अहमद, हाफिज उमर, मौलाना शुऐब, हाफिज शाहिद आदि मौजूद थे। हजरत मुफ्ती फरमान ने हजरत मौलाना गुलाम मौहम्मद वस्तानवी के इंतेकाल पर दुआ मगफिरत कराई।

# आतंकी शिविरों को ध्वस्त करना सही: राशिद हुसैन



## हमे अपनी सेना पर गर्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं झालू के पूर्व चेयरमैन राशिद हुसैन ने पाकिस्तान में संचालित आतंकी शिविरों को सेना के द्वारा ध्वस्त किए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि हमें अपनी सेना पर गर्व है।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के द्वारा भेजे जा रहे आतंकियों की नापाक करतूतों को माफ नहीं किया जा सकता है। उन्होंने बेगुनाहों का खून बहाया था। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश एकजुट है और इसी तरह एकजुट बने रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत की सेना को दुनिया की सबसे अच्छी सेना माना जाता है। हमारी सेना का कोई भी मुकाबला नहीं कर सकता है।

उन्होंने समाज में भाईचारा बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि हमें ऐसा कोई काम नहीं करना चाहिए, जिससे देश कमजोर हो। उन्होंने कहा कि देश बड़ा होता है। कोई भी व्यक्ति बड़ा नहीं होता है। उन्होंने कहा कि शांति व सद्भाव की वजह से ही पूरी दुनिया में हमारे देश की पहचान होती है। हमें सभी का सम्मान करना चाहिए और किसी का भी दिल नहीं दुखाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज जिस तरह से पूरा देश एकजुट है, उसी तरह से आगे भी देश को आगे भी एकजुट रहना होगा। उन्होंने कहा कि साम्प्रदायिक ताकतों को कमजोर किया जाना चाहिए। इनका मकसद सिर्फ समाज को बांट कर अपना स्वार्थ सिद्ध करना होता है। उन्होंने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी राष्ट्र का सम्मान व गौरव बरकरार रखने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि पूरी समाजवादी पार्टी सेना के साथ है।

# जनपद में मॉक ड्रिल का आयोजन

## एसआरएस पर डीएम की अगुवाई में मॉक ड्रिल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पाकिस्तान में आतंकी शिविरों पर सेना के हमले के बाद आज जनपद में विभिन्न स्थानों पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार जनपद में विभिन्न स्थानों पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। शक्ति चौक पर एसआरएस मॉल के बाहर डीएम श्रीमती जसजीत कौर एवं एसपी अभिषेक की मौजूदगी में मॉक ड्रिल का आयोजन करते हुए नागरिकों को आपातकालीन स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों व सुरक्षात्मक उपायों के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स सहित विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी मौजूद थे।

## चोर विकास अरोड़ा लक्की अरेस्ट



**बिजनौर।** शहर कोतवाली में वादी वीरेन्द्र कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी गौसपुर बालावाली, थाना मण्डावर ने छह मई को तहरीर दी थी कि लाइब्रेरी के बाहर से उसकी बाइक चोरी कर ली गई है। पुलिस ने धारा 303 (2) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। इसके अलावा कल ही मौहम्मद इमरान पुत्र अब्दुल हफीज निवासी मौहल्ला चाहशीरीं बी-22 ने शहर कोतवाली में तहरीर दी थी कि अज्ञात व्यक्ति ने उसकी बाइक चोरी कर ली। पुलिस ने इस मामले में भी रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने अभियुक्त विकास अरोड़ा उर्फ लक्की पुत्र रामलाल निवासी ग्राम सैफपुर फिरोजपुर रामराज, थाना बहसुमा, जनपद मेरठ को गिरफ्तार कर उसके पास से दोनों बाइकें बरामद कर ली हैं।

# झालू का नटवरलाल नंबर वन मनव्वर मिर्जा आखिरकार गिरफ्तार




## काले कारनामों का चिट्ठा आ रहा सामने

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नहटौर पुलिस ने आखिरकार झालू के नटवरलाल नम्बर वन मनव्वर मिर्जा को गिरफ्तार कर ही लिया है। मनव्वर मिर्जा की गिरफ्तारी के साथ ही उसके द्वारा किए गए काले कारनामों का चिट्ठा सामने आने लगा है।

झालू के मौहल्ला पीरजादगान निवासी मनव्वर मिर्जा पुत्र याकूब ने नहटौर सहित जनपद के कई स्थानों पर नागरिकों के साथ धोखाधड़ी की है। उसने अपनी पत्नी व मासूम बच्चों को भी धोखा दिया है। उसकी पत्नी अपने मासूम बच्चों के साथ इंसाफ के लिए चक्कर लगा रही है। जबकि वह देहरादून में ऐश की जिंदगी गुजार रहा था। उसे नहटौर पुलिस ने एक मामले में गैर जमानती वारंट के आधार पर गिरफ्तार किया है। जैसे ही नहटौर सहित जनपद में उसके गिरफ्तार होने की खबर फैली, तो लोग काफी खुश हुए और सभी अपने-अपने किस्से सुनाने लगे।

इससे पहले भी हल्दौर पुलिस ने चेक बाउंस मामले में न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर मनव्वर मिर्जा को गिरफ्तार किया था। मनव्वर मिर्जा ने नहटौर में हल्दौर मार्ग पर कॉलोनी काटी थी। इस कॉलोनी में स्थानीय लोगों के साथ काफी धोखाधड़ी की गई। इससे पहले उसने धामपुर में नहटौर मार्ग पर गैर आवासीय भूमि में कॉलोनी काटी थी। उसने कई अघोषित पार्टनर भी बनाए थे। जो बाद में अपनी रकम को लेकर परेशान दिखाई दिए। मनव्वर मिर्जा की रंगीन मिजाजी के किस्से आम है।

# चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी के कार्यालय का उद्घाटन

## मेधावी विद्यार्थी भी सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नगीना के सांसद चंद्रशेखर ने आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी के कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया।

इस दौरान सांसद ने साहनपुर के चेयरमैन व मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी के कार्यों की सराहना की। खुर्शीद मंसूरी द्वारा मैरिज हॉल में आयोजित मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान समारोह में पहुचकर सांसद चंद्रशेखर ने उन्हें क्षेत्र प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। मीडिया से वार्ता करते हुए सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि पार्टी ने आगामी जिला पंचायत और स्थानीय चुनाव को लेकर कमर कस ली है। 2027 के विधानसभा चुनाव के बाद सत्ता की चाबी आजाद समाज पार्टी के पास होगी। हमारी पार्टी के बिना किसी की सरकार नहीं बनेगी। उन्होंने कश्मीर के पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा की गई जवाबी कार्यवाही को सही ठहराया। इस अवसर पर मौलाना अतीकुर्रहमान, सरदार हरप्रीत सिंह, इंजीनियर मनोहर लाल, साहिल मेहरा, हाशिम जलाल, जगमीत सिंह जीत, कोतवाली से शादमान, शाबू ठेकेदार, प्रशांत महासागर, नगर अध्यक्ष शाहिद अंसारी, महताब राईन, सरताज राईन, अच्छन राईन, हाजी शमीम कुरैशी आदि मौजूद रहे।

गौरतलब है कि साहनपुर के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी आजाद समाज पार्टी के मण्डल प्रभारी रहते हुए क्षेत्र में पार्टी को मजबूत करने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। उनके द्वारा लगातार जनसमस्याओं का निस्तारण कराने के लिए प्रयास किए जा रहे है। वह जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं। चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने लोकसभा चुनाव में भी जी तोड़ मेहनत की थी। वह पार्टी के मजबूत स्तंभ माने जाते है।

# राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में शैक्षणिक सत्र की शुरूआत

## पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में शैक्षणिक सत्र की शुरूआत के लिए पंजीकरण शुरू हो गया है। यहां पर शैक्षणिक सत्र शुरू होने से अभिभावकों को मिलेगी प्राईवेट स्कूलों की मनमानी से निजात मिलेगी।

प्राप्त समाचार के अनुसार ब्लॉक की ग्राम पंचायत रसूलपुर आबाद के ग्राम रसूलाबाद में स्थित राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए पंजीकरण आज से शुरू हो गए। जीआईसी अफजलगढ से सहायक अध्यापक सत्यदेव शर्मा ने आज विद्यालय परिसर पहुंचकर विधिवत पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू की। उन्होंने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप उच्च अधिकारियों के निर्देशों पर आज पंजीकरण का काम शुरू किया गया है।

विद्यालय के निर्माण में अपना अहम योगदान देने वाले सामाजिक कार्यकर्ता विपिन यादव ने बताया कि उनके प्रयासों और राजकीय इंटर कॉलेज अफजलगढ़ के तत्कालीन प्रधान अध्यापक सत्यवीर सिंह के विषेष सहयोग के कारण वर्ष 2018 में चार करोड़ 18 लाख रुपए की लागत से बनने वाले विद्यालय के स्वीकृति अल्पसंख्यक कल्याण विभाग से मिली थी। विद्यालय का सत्र शुरू होने पर उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि उनकी मेहनत सफल हो गयी है। अब किसी भी गरीब विद्यार्थी को संसाधनों के अभाव में अपनी पढ़ाई नहीं छोडनी पडेगी। उन्होनें सभी अभिभावकों से बढ-चढ कर विद्यालय में रजिस्ट्रेशन करवाने की अपील की।

# नहटौर के हिस्ट्रीशीटर बदमाश बंटी को सात वर्ष का कारावास

## आठ हजार रुपये का अर्थदण्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय ईसी एक्ट ने नहटौर के हिस्ट्रीशीटर बदमाश बंटी को हत्यार बनाने के आरोप में सात वर्ष के कठोर कारावास एवं आठ हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार 27 मार्च 2021 को नहटौर पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर बदमाश बंटी पुत्र रो. हताश निवासी मौहल्ला वाल्मीकि बस्ती को गिरफ्तार किया था। उसके पास से तीन अवैध तमंचे, कारतूस एवं तमंचे बनाने के उपकरण बरामद किए गए थे। वह आर्थिक लाभ के लिए तमंचे बना कर बेचता था। नहटौर पुलिस ने धारा 3/5/25 आयुद्ध अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया था। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था।

न्यायालय ईसी एक्ट ने उसे आज सात वर्ष के कठोर कारावास एवं आठ हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। बंटी के विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट, गुण्डा एक्ट, नकबजनी, चोरी, एनडीपीएस एक्ट एवं आर्म्स एक्ट सहित गंभीर धाराओं में करीब दो दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

# मॉडर्न एरा में क्लास शो का आयोजन

## बच्चों में छिपी प्रतिभाओं का प्रदर्शन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल बिजनौर के Valley of Flowers विंग में क्लास शो का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 5H3, A, B, और ब्के समस्त छात्रों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों में छुपी प्रतिभा को बाहर निकालना एवं उनको खुद के टैलेंट से रूबरू कराना था।

इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए इन कक्षाओं के समस्त अभिभावकों को आमंत्रित किया गया और अभिभावकों ने भी कार्यक्रम का हिस्सा बनकर अपना पूरा सहयोग किया। सबसे पहले विद्यालय की डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सीमा बिस्वास ने सभी अभिभावकों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। फिर कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से की गई। उसके बाद गुरु वंदना, बैंड टीम का प्रदर्शन, सोलो डांसस, ग्रुप सॉन्ग्स, ग्रुप डांस तथा हिंदी और इंग्लिश में लघु नाटिका, कविता पाठ और ताइक्वांडो आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

जय हो सॉन्ग पर बच्चों के स्केटिंग के जोरदार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों में से ही कुछ अभिभावकों को जजों के रूप में स्थान दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय की डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सीमा विश्वास ने बच्चों और उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चे अपने भीतर छुपी हुई प्रतिभा को पहचान पाएंगे और अपनी प्रतिभा के बल पर अपने विद्यालय का ही नहीं अपितु अपने जिले और देश का नाम भी रोशन करेंगे। अभिभावकों ने भी कार्यक्रम की खूब सराहना की और डायरेक्टर प्रिंसिपल मैम को कार्यक्रम के लिए बहुत-बहुत बधाई दी और उनसे अनुरोध किया कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन विद्यालय द्वारा किया जाना चाहिए।

समस्त कार्यक्रम विंग कोऑर्डिनेटर रेनू भगत की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंजलि विश्नोई, ऋतू शर्मा, रेनू सिंह, मीनाक्षी शर्मा, शालिनी तुली, फरहीन अंसारी,एकता अग्रवाल, दीक्षा, मोनिका, गीता खन्ना, श्वेता शर्मा, गुंजन, संजना, निधि एवं पारुल का पूर्ण सहयोग रहा।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

'शाह टाइम्स'

की शत-प्रतिशत गारंटी

खबरें छुपाता नहीं ,छापता है

मोबाइल नम्बर:- 9927777377

samiullah.bijnor@gmail.com

# सड़क हादसे में साले की मौत, बहनोई गंभीर घायल

## अनियंत्रित बाइक पुलिया से टकराई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नूरपुर मार्ग पर गांव बूढ़पुर के पास बाईक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकराने के दौरान साले बहनोई गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने साले को मृत घोषित कर दिया।

गांव तालमपुर 23 वर्षीय जितिन सैनी अपने बहनोई नूरपुर के गांव बिडार निवासी कपिल 25 वर्ष छत्रपाल के साथ बाईक से अपनी रिश्तेदारी में जा रही थी। बुधवार को करीब चार बजे नूरपुर मार्ग पर गांव बूढ़पुर के पास उनकी बाईक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई। दोनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने जितिन को मृत घोषित कर दिया। कपिल को गंभीर रूप घायल होने पर जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। बताया जाता है कि जितिन बाईक चला रहा था। उसने हेल्मेट नहीं लगा रखा था। जितिन की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। थानाध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि मृतक के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया है।

# इस्लाम में दहेज लेना व देना मना

## उलेमाओं ने दी हिदायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** उलेमाओं ने हिदायत देते हुए कहा कि इस्लाम के अंदर दहेज लेना व देना बिल्कुल मना करार दिया गया है। निकाह न केवल दो व्यक्तियों को पवित्र रिश्ते में जोड़ता है, बल्कि एक नेक समाज की बुनियाद भी रखता है।

तबलीगी जमात के जिला अमीर मौलाना शरीफ अहमद मकसूदपुरी ने जमीयत उलेमा ए हिन्द के नगर अध्यक्ष मौलाना अबरार अहमद के पुत्र हाफिज मौहम्मद लुकमान के निकाह के मौके पर उन्होंने ख्यालात रखे। मौलाना शरीफ ने कहा कि कुरआन और हदीस दोनों में निकाह को सुन्नत और जरूरी अमल बताया गया है। लेकिन आज समाज में फिजूलखर्ची, दिखावा और दहेज जैसी बुराइयों ने इसे कठिन बना दिया है, जिससे नौजवान गुनाह की ओर जा रहे हैं।

उन्होंने अपील करते हुए कहा कि निकाह को आसान और सादा बनाए। फिजूल रस्मों और दहेज से बचे। महर हक आसान हो और जल्द निकाह की हिम्मत बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि निकाह से न केवल गुनाह से हिफाजत होती है, बल्कि एक अच्छी और दीनदार नस्ल की परवरिश का रास्ता भी खुलता है। उन्होंने कहा कि निकाह आसान बनाओ और गुनाह से बचाओ, यह पैगाम हर घर तक पहुंचना चाहिए।

जमीयत उलेमा ए हिंद प्रदेश अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुर्रहमान नौगानवी ने खुत्बा पढ़ा और निकाह की रस्म अदा करवाई। इस मौके पर शहर के उलेमा और गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

शहर काजी मौलाना मौहम्मद अली खादमी, मौलाना मौहम्मद अंसार रामपुरी, कारी मौहम्मद राशिद हमीदी, कारी नौशाद आलम, शाद अलीग, मुफ्ती मौहम्मद मुआज, मौलाना मौहम्मद सलमान, मौलाना मौहम्मद फुरकान हरदोई, मौलाना लतीफुर्रहमान कासमी, मौलाना मौहम्मद अनस, कारी मौहम्मद याकूब, हाजी इमरान अली, हकीम इसरार, पूर्व चेयरमैन इरशाद अली अंसारी, मौलवी मौहम्मद मूसा, हाफिज मौहम्मद जकी, हाफिज नफीस अहमद, मौलाना मौहम्मद जुनैद, मुफ्ती वहाजुद्दीन, मौलाना मौहम्मद साजिद, मौलाना अब्दुल कय्यूम, मुफ्ती मौहम्मद खालिद धामपुरी सहित अन्य कई उलेमा-ए-किराम और गणमान्य लोग मौजूद रहे और दुल्हा व दुल्हन को दुआएं दीं।

# मूलचंद चौहान व शमशाद अंसारी का स्वागत

## सपा नेता ने सरेआम गुटबाजी को बढ़ावा देने वाला दिया बयान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एक बार फिर गंदी गुटबाजी की तरफ बढ़ रही समाजवादी पार्टी के नेताओं की जुबान से जहर ही निकल रहा है। एक सपा नेता ने मासिक बैठक में सरेआम गुटबाजी को बढ़ावा देने वाला बयान देते हुए अपने दिल की भड़ास जमकर निकाली। जिससे मुसलमानों में काफी गंदा मैसेज जा रहा है और इसका खामियाजा आगामी विधानसभा चुनाव में आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशियों को मुस्लिमों के द्वारा वोट देकर सपा को भुगतने के लिए मजबूर किया जा सकता है।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज सपा कार्यालय में मासिक बैठक का आयोजन किया गया था। इस बैठक में पूर्व मंत्री मूलचंद चौहान, जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन ठाकुर अमित चौहान एवं बिजनौर नगर पालिका की पूर्व चेयरपर्सन के पति शमशाद अंसारी का जोरदार स्वागत किया गया। पूर्व मंत्री मूलचंद चौहान व जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन ठाकुर अमित चौहान वाहनों के काफिले के साथ मासिक बैठक में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। बैठक में भारी भीड़ आने की संभावना को देखते हुए कार्यालय के बाहर मंच बनाया गया था।

इस मौके पर वक्ताओं ने पार्टी को मजबूत करने एवं प्रदेश में सपा की सरकार बनाने पर जोर दिया। वक्ताओं ने इन नेताओं की घर वापसी का स्वागत करते हुए कहा कि इससे पार्टी मजबूत होगी। लेकिन एक वक्ता ऐसा भी था, जिसने अपने दिल की भड़ास निकाली। उसने जनपद के एक वरिष्ठ नेता का नाम लिए बिना उन पर हमला बोला। यह वरिष्ठ नेता आज नहीं आए थे। इस वक्ता ने पूर्व में भी भड़ास निकाली है। इसके द्वारा जब अपनी भड़ास निकाली जा रही थी, तो तालिया बजाने की बजाए सब सोच रहे थे कि यह गुटबाजी को बढ़ावा देने वाला बयान क्यों दे रहा है। यह पार्टी को मजबूत करना चाहता है या इसे पता चल गया है कि उसे सपा से टिकट नहीं मिलेगा, इस लिए गुटबाजी बढ़ाकर मैदान से भागना चाहता है।

मासिक बैठक में नगीना के मजबूत विधायक व पूर्व मंत्री मनोज पारस, नजीबाबाद के विधायक हाजी तसलीम अहमद, चांदपुर के विधायक स्वामी ओमवेश, डॉ. रमेश तोमर, पूर्व जिला अध्यक्ष राशिद हुसैन, रफी सैफी, डॉ. लाखन सिंह पाल, विपिन यादव, अफजाल चौधरी, डॉ. रहमान, सत्यपाल सिंह, चौधरी आदित्यवीर सिंह, शिव कुमार गौस्वामी, नाजिर अंसारी, फुरकान खां, बीके कश्यप, द्वारा सिंह, राधा सैनी, मदन लाल सैनी, चौधरी दिनेश, पंकज विश्नोई, नसीम अहमद, काम. रान जैदी, उदल चौहान, श्लोक पंवार, सत्यवीर यादव, कृपारानी प्रजापति, अहमद खिजर खान, हितैष यादव, शेख जाहिद, ठाकुर योगेन्द्र सिंह, कासिफ खान, मोमिन खान, डॉ. इरफान मलिक, डॉ. योगेन्द्र, मनोज राजपूत, शादाब हैदर, नैन सिंह पाल, शेख इरशाद, कैशर अली, संजय यादव, लाल सिंह कश्यप, नसीम राणा, महमूद कस्सार, रईस कस्सार, नफीस अहमद आदि मौजूद थे। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने की। संचालन कार्यालय प्रभारी अखलाक पप्पू ने किया।

# पूर्व मंत्री ठाकुर मूलचंद चौहान का स्वागत

**नहटौर।** झालू चौराहे पर पूर्व राज्य मंत्री ठाकुर मूलचंद चौहान के सपा में दोबारा से शामिल होने पर सपा के कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से लादकर स्वागत किया।

जानकारी के अनुसार पूर्व राज्य मंत्री ठाकुर मूलचंद चौहान दोबारा से सपा में शामिल होने के बाद बुधवार को नहटौर के झालू चौराहे पर मुदित त्यागी के प्रतिष्ठान पर पहुंचे।जहां सपा कार्यकर्ताओं ने ठाकुर मूलचंद चौहान का फूल माला उसे लादकर स्वागत किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि ठाकुर मूलचंद चौहान के दोबारा से सपा में शामिल होने पर पार्टी को और अधिक मजबूती मिलेगी। इस मौके पर ठाकुर मूलचंद चौहान ने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि पार्टी के लिए सभी एकजुट होकर तन मन से काम करें। आगामी विधानसभा चुनाव में सपा का परचम लहराएगा।

इस मौके पर विशाल चौधरी, मुदित त्यागी, राजपाल विश्वकर्मा, राजू त्यागी, नरेश चौधरी, शराफत हुसैन, राहुल चौधरी, नरेंद्र सैनी, नदीम अहमद, धर्मपाल सिंह, शकील अहमद, ऋषभ शर्मा, विशाल जोशी आदि मौजूद रहे।

# करंट लगने से किशोर की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग ग्राम भज्जावाला स्थित श्याम कुंज बैंकट हाल में शादी समारोह में चढ़त के दौरान लाइट पकड़ कर चल रहे एक किशोर की जनरेटर तार के करंट की चपेट आकर झुलस जाने के कारण लोगों ने किशोर को सीएचसी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां चिकित्सक द्वारा किशोर को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया तथा पुलिस जांच व कार्रवाई में जुट गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार मंगलवार को रफैतपुर उलास निवासी धीरेंद्र की बेटी की बारात महिपाल चौहान के पुत्र राहुल चौहान के ग्राम अलियारपुर से आई हुई थी। बारात चढ़ने का अंतिम दौर चल रहा था कि झूमर लाइट पकड़ कर चल रहे नगर के मौहल्ला गड्ढा कालोनी निवासी एक किशोर बिलाल 16 वर्ष पुत्र साबिर शादी समारोह में बैंडबाजे व बग्घी वालों के साथ बारात चढ़त के दौरान लाइट पकड़ने की मजदूरी करने जाता था। मंगलवार की रात को भी वह शादी समारोह में बैंड मास्टर बग्घीवालों के साथ झूमर लाइट पकड़ने के लिए गया था। बारात चढ़त के दौरान जेनरेटर का करंट लगने से वह झुलस गया। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से आनन-फानन में किशोर को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। सीओ राजेश सौलंकी व थानाध्यक्ष सुमित राठी ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण कर मृतक के परिजनों से आवश्यक जानकारी हासिल की। सीओ राजेश सौलंकी ने बताया कि मृतक के लाइट उठाने के दौरान जनरेटर का करंट लगने से घटना हुई है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी। बधुवार को पोस्टमार्टम से शव घर पहुंचने पर परिजनों में को. हराम मच गया। किले वाली मस्जिद में नमाज ए जनाजा अदा कर ईदगाह के समीप कब्रिस्तान में सुपुर्द खाक कर दिया।

गौरतलब है कि सरकार भले ही बाल श्रम कानून को लेकर सतर्कता का ढोल पीटती फिरे, लेकिन हकीकत में जमीनी स्तर पर पेट भरने के लिए मजबूर बच्चे इसके शिकार होते रहते है।

बाल श्रम कानूनों को धता बताते हुए शादी समारोह में बालकों को बिजली के लैंप ढ़ोने का कार्य लिया जाता है। होटलों, दुकानों में पढ़ने-लिखने की उम्र में चंद रुपयों के लिए मजदूरी करने के दौरान घटनाओं की चपेट में आकर नतीजतन मौत का शिकार हो जाते हैं।

# शार्ट सर्किट से आग लगने से दो बेटियों के दहेज का सामान जला

**कोतवाली देहात।** ग्राम महेश्वरी जट निवासी मोहम्मद शाहिद के घर में फ्रिज के प्लग से निकली चिंगारी से शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई। आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग से घर में रखा फ्रिज, कूलर, बर्तन, कपड़े, सोफा आदि जलकर राख हो गए। मोहम्मद शाहिद की दो बेटियों की शादी तय हो गई है। मोहम्मद शाहिद ने दोनों बेटियों की दहेज के लिए सामान जोड़कर घर में रखा था। मोहम्मद शाहिद के पुत्र राशिद ने बताया कि लगभग 10 लख रुपए का सामान जलकर राख हो गया है। आग के कारण घर की दीवार तथा छत भी क्षतिग्रस्त हो गई है। कई जगह से प्लास्टर उखड़ गया है। आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी गई। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। तब तक लाखों रुपए का सामान चलकर राख हो चुका था। घटना की सूचना हल्का लेखपाल को दी गई है।

# हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** क्षेत्र के गांव ढाकी साधो निवासी हेंसी की आम के पेड़ पर लटकी मिली लाश के मामले में पिता विनोद कुमार ने हत्या की आशंका जताते हुए चार अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर देकर हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या या आत्महत्या का कारण स्पष्ट ना आने से पुलिस असमंजस में है। मृतक के पिता द्वारा हत्या की आशंका जताते हुए तहरीर से घटना में नया मोड़ आ गया है। थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह ने तहरीर मिलने की पुष्टि की है।

बुधवार की शाम सात बजे पीड़ित पिता ढाकी साधो निवासी विनोद कुमार क्षेत्रीय विधायक मनोज पारस एंव ग्रामीणों के साथ किरतपुर थाने पहुंचे और उन्होंने थाना प्रभारी को चार अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर देकर हत्या का मुकदमा दर्ज कराने की मांग की। विधायक मनोज पारस ने बताया कि मृतक हेंसी के शव को जिस तरह पेड़ पर लटकाया गया है उससे तो हत्या की आशंका अधिक बनती है। उन्होंने बताया कि मृतक हेंसी के पिता विनोद कुमार को शंका है कि उसके पुत्र की हत्या की गई है। तहरीर में पिता विनोद कुमार ने पुलिस से मांग की है कि



उसके पुत्र हेंसी की मौत की हत्या के एंगल से जांच की जाये। मृतक के पिता विनोद कुमार ने तहरीर में बताया कि सीसीटीवी फुटेज में एक स्थान पर हेंसी चार अज्ञात व्यक्तियों के साथ देखा गया है। गांव के पास स्थित सीसी टीवी कैमरे के फुटेज में एक मोटर साइकिल पर चार अज्ञात व्यक्ति गांव से निकलते हुए हेंसी के साथ देखे गए हैं।

विधायक मनोज पारस ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य एंगल से जांच हो और सच्चाई सामने आनी चाहिए।

# थाना प्रभारी ने दी ब्लैक आउट की जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से ब्लैकआउट के दौरान सभी लोग रात्रि आठ बजे से साढ़े आठ तक अपने घरों, प्रतिष्ठानों, पेट्रोल पंप, मंदिर, मस्जिद आदि स्थानों पर लाइट बंद रखें और सोशल मीडिया पर कोई भ्रामक पोस्ट न डालें।

बुधवार शाम स्थानीय थाना प्रांगण में थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार पेट्रोल पंप स्वामियों, व्यापारियों, होटल व ढाबा संचालकों एवं ग्रामीणों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से रात्रि आठ बजे से साढ़े आठ बजे के बीच ब्लैकआउट की माक ड्रिल की जाएगी। इस दौरान सायरन बजने के तुरंत बाद सभी लोग अपने घरों, प्रतिष्ठानों, मंदिर, मस्जिद आदि की लाइटों को बंद कर लें और किसी भी प्रकार की भ्रामक पोस्ट को सोशल मीडिया पर शेयर न करें। इस दौरान भारत सिंह, होरी सिंह तोमर, फिरोज बेग, शहजाद, अदनान फरीदी, सतेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# गुरु राम राय स्कूल में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम

## नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद रहे मुख्य अतिथि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सुहागपुर स्थित गुरु राम राय पब्लिक स्कूल में कैंसर के प्रति जागरूकता हेतु एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के कारण, लक्षण, बचाव और उपचार के प्रति जागरूक करना था।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगीना लोकसभा क्षेत्र से सांसद चंद्रशेखर आजाद उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों एवं विद्यालय स्टाफ को संबोधित करते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और कैंसर के लक्षणों को नजरअंदाज न करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जानक. ारी और सतर्कता ही इस बीमारी से बचाव का सबसे कारगर उपाय है।

सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा, कैंसर एक घातक बीमारी जरूर है, लेकिन समय पर जांच और उचित उपचार से इसे रोका जा सकता है। युवाओं को शुरू से ही स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना चाहिए।

विद्यालय प्रधानाचार्य ने सांसद एवं अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों के सर्वांगीण विकास और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय भविष्य में भी स्वास्थ्य एवं सामाजिक विषयों पर जागरूकता अभियान चलाता रहेगा।

कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने कैंसर के विभिन्न प्रकार, कारण, रोकथाम और आधुनिक उपचार पद्धतियों के बारे में जानकारी दी। छात्रों ने भी अपने सवालों के जरिए सक्रिय भागीदारी दिखाई।

कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। विद्यालय प्रशासन ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार जताया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन, आयुष कुमार, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### श्रद्धालुओं को सुनाई कथा



**अफजलगढ़।** नगर के बड़ा शिव मंदिर में चल रही सात दिवसीय भागवत कथा में वृंदावन से आए कथा वाचक आचार्य संजीव वशिष्ट ने तीसरे दिन कथा सुनाते हुए दक्ष प्रजापति के घमंड को भगवान शिव के द्वारा तोड़े जाने का वर्णन करते हुए सभी श्रद्धालुओं को मंत्र मुक्त कर दिया। साथ ही बताया कि किस तरह जहां माता सती के अंग गिरे थे, वहां शक्तिपीठों का निर्माण हुआ। साथ ही ध्रुव के बारे में विस्तार से वर्णन किया। भागवत कथा में पहुंचे आसपास के श्रद्धालुओं ने कथा सुनकर धर्म लाभ कमाया। इस मौके पर कथा में ठाकुर शैलेंद्र गहलौत, राम अवतार चौहान, हरिश्चंद्र कर्णवाल, दिनेश चौहान, त्रिलोचन सिंह, मीनू चौहान, सुधा गहलौत, आचार्य दिवाकर, आचार्य कृष्ण देव, पंडित मुकेश जख्मोला, मनोज देवी, कंचन देवी, बबीता रोहिल्ला आदि का मुख्य सहयोग रहा।

### एक राष्ट्र एक चुनाव पर चर्चा



**नहटौर।** नहटौर ब्लॉक के सभागार में ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह ने शासन द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए उनके क्रियान्वयन में पूर्ण सहयोग करने की अपील की। पात्र व्यक्तियों को शासन द्वारा संचालित योजना का लाभ दिलाने का आह्वान किया। इस मौके पर एक राष्ट्र एक चुनाव के संबंध में भी ग्राम प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों से राय ली गई। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार, शोभित त्यागी, निसार अहमद, तसलीम अहमद, यशपाल सिंह, अजहर अली, नरेश कुमार, मनीराम, महेश कुमार, प्रशांत चौधरी, शकील अहमद आदि मौजूद रहे।

### के.एस. में सॉफ्ट ड्रिंक प्रतियोगिता



**कोतवाली देहात।** के.एस. चिल्ड्रेंस अकादमी में इंटर-हाउस सॉफ्ट ड्रिंक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सॉफ्ट ड्रिंक्स प्राकृतिक सामग्रियों द्वारा तैयार किए गए। छात्रों ने बेल, नींबू, पुदीना, खीरा, तुलसी, मौसमी फल, नारियल पानी तथा अन्य हर्बल सामग्रियों का रचनात्मक प्रयोग करते हुए स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक ड्रिंक्स तैयार किए। प्रतियोगिता का संचालन मानसी अग्रवाल के मार्गदर्शन में हुआ। निर्णायक मंडल में सरस्वती जोशी एवं नीरा तोमर ज रहीं। उपस्थित अतिथियों ने छात्रों के प्रयास की सराहना की। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्थ हाउस को प्राप्त हुआ। द्वितीय स्थान वाटर हाउस को तथा तृतीय स्थान एयर हाउस और फायर हाउस को संयुक्त रूप से प्राप्त हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### प्राथमिक विद्यालय में शतरंज वितरित

**कोतवाली देहात।** प्राथमिक विद्यालय मंगोलपुरा में जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर और सीडीओ पूर्ण बोरा के सौजन्य से प्राप्त शतरंज का वितरण प्र.अ. गीता रानी ने अभिभावकों की उपस्थिति में किया। उन्होंने बच्चों को शतरंज खेलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि यह योजना पूर्व जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल के द्वारा शुरू किए गए शतरंज के कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए किया गया है। कार्यक्रम में गीता रानी ने कहा कि पढ़ाई के साथ- साथ बच्चों का खेल के प्रति रुझान बढ़े और बच्चों का मानसिक व बौद्धिक विकास हो सके। इस समारोह में गोता रानी प्रधानाध्यापक व समस्त स्टाफ एवं अभिभावक अनीत, भारत कुमार, अरविन्द्र कुमार, सोनम शोभा, देवेन्द्र सिंह, सोनी, सर्वेश, तसूलीमा, रीना, पूजा, रविता, रेनू, मोनिका, राजो, कमलेश आदि उपस्थित रहे।

### अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कोतवाली देहात।** थाना क्षेत्र के गांव बनवारीपुर से चंद्रपुर नसीब नहर पर बाबा शिव रामदास फॉर्म हैदराबाद की कंपनी एनसीसीएल कंपनी विद्युत पोल व तार लगाने का कार्य करती है। जिसका कॉन्ट्रैक्ट अतुल कुमार पुत्र सतपाल सिंह निवासी हकीमपुर थाना नजीबाबाद के नाम है। अतुल कुमार ने थाने में भी तहरीर में कहां है कि 7 दिन पूर्व लगभग 3000 मी. लगे विद्युत तार को अज्ञात चोर चुरा कर ले गए । पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई आरंभ कर दी।

### नीलगाय से टकराकर होमगार्ड घायल



**रेहड़।** मंगलवार की रात्रि लगभग ग्यारह बजे रेहड़ थाने में तैनात होमगार्ड लक्ष्मण सिंह 50 वर्ष अपने साथी होमगार्ड राजेंद्र के साथ बाइक से गश्त करने रेहड़ से ग्राम उदयपुर जा रहे थे। इसी दौरान वादीगढ़ चौराहा - सुआवाला मार्ग पर ग्राम भगतावाला में केएसबीडी स्कूल के पास अचानक उनकी बाइक के सामने एक नीलगाय आ गई। जिससे नीलगाय से बाइक की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में बाइक चालक होमगार्ड लक्ष्मण सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। साथी होमगार्ड राजेंद्र सिंह की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस गंभीर रूप से घायल हुए होमगार्ड लक्ष्मण सिंह को एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरे दो पुत्र दिनेश कुमार व मोनू कुमार व एक पुत्री सविता है। मेरा छोटा पुत्र मोनू कुमार मेरी कोई खेर खबर नहीं लेता है। मोनू और उसकी पत्नी गीता मेरे साथ मारपीट करते है। मुझे घर से निकालकर मेरे घर पर कब्जा करना चाहते है। मुझ पर घर बेच कर रुपए देने का दबाव डालते है। मेरा बड़ा बेटा दिनेश मेरी सेवा करता है। मोनू और उसकी पत्नी गीता बड़े पुत्र दिनेश व उसके परिवार से भी रंजिश रखते है। मैंने मोनू और उसकी पत्नी गीता को उनके आचरण व गलत व्यवहार के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनसे मेरा कोई मतलब वास्ता नहीं है। इन दोनों से मुझे अपनी व अपने बड़े बेटे दिनेश की जान का भी खतरा है। **आशा देवी पत्नी डालचंद, ग्राम चकउदयचंद छायली, थाना बढ़ापुर, जिला बिजनौर**

# एमएम इंटर कॉलेज में मॉक ड्रिल

## युद्ध जैसी स्थिति को देखते हुए इससे निपटने और बचाव के उपाय बताए





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** भारत और पाक के बीच बढ़ते तनाव और युद्ध जैसी स्थिति को देखते हुए हवाई हमलों से बचाव और सुरक्षा के लिए मॉक ड्रिल के अभ्यास के दौरान बच्चों को इससे बचने के उपाय बताए गए।

बुधवार के दिन एमएम इंटर कॉलेज में पुलिस और दमकल विभाग की टीमों ने पहुंचकर बच्चों को युद्ध से बचाव के तरीके बताएं और मॉक ड्रिल में आम नागरिकों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर क्षेत्र भर के कई अन्य स्थानों पर भी मॉक ड्रिल का अभ्यास कराते हुए युद्ध जैसी स्थिति से बचने के उपाय बताये गए। एमएम इंटर कॉलेज में पुलिस और दमकल विभाग की टीम द्वारा आपात स्थिति में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन ने नागरिकों को निर्देशित करते हुए युद्ध जैसी स्थिति से निमटने के लिए छात्रों को जागरूक करते हुए कहा कि हवाई हमले या सायरन बजते ही शांत रहें और तुरंत आश्रय ले लें। अपना स्थल या गांव भी चिन्हित करते हुए सुरक्षित आश्रय स्थल के बारे में पहले से जानकारी साझा करें। घर में कम से कम 7 दिन का राशन पानी, दवाइयां, चिकित्सा किट भी साथ रखें। ऐसे में बिजली का मेन स्विच और गैस सिलेंडरों को भी बंद रखें। साथ ही परिवार के सभी सदस्यों को ब्लड ग्रुप, आधार कार्ड की कॉपी अपने तैयार रखें, बच्चों के लिए सुरक्षा का बैग तैयार करने, पानी, बिस्कुट, डायरी व पहचान पत्र आदि अपने पास रखे। प्रत्येक फ्लोर पर एक सुरक्षा प्रतिदिन नामित करने अंधेरे में मार्गदर्शन हेतु इमरजेंसी लाइट रखे और बाथरूम में कंक्रीट वाली दीवार के पास शरण लें, खिड़कियों से दूर रहे, जिला प्रशासन नागरिक सुरक्षा विभाग से संपर्क बनाए रखें। गंभीर स्थिति में 112 डायल करें, आपदा राहत केंद्र सामुदायिक केंद्र का पहले से पता रखें। अपने दस्तावेज का डिजिटल बैकअप भी पास रखें। धमाके के बाद क्या करें के बारे में बताते हुए कहा कि तुरंत जमीन पर लेट जाएं। यदि कोई घायल है तो प्राथमिक उपचार करें या पास के केंद्र पर ले जाएं, अनजान वस्तु पर पुलिस को सूचित करें, बाहर निकलने से पहले आधिकारिक अनुमति या रेडियो अलर्ट सुनाएं, जगह छोड़ते समय सिर्फ जरूरी सामान लेकर निकले, बच्चों और बुजुर्गों के मानसिक रूप से शांत रखने के लिए उनसे संवाद करें। हर समय सकारात्मक सोच को बनाए रखें। सोसाइटी हो तो उसमें सुरक्षा सप्ताह या जागरूकता दिवस आयोजित करते रहे, बच्चों के रंग भरने की प्रतियोगिता युद्ध में सतर्कता थीम पर हर घर में इमरजेंसी पोस्टर लगाए। सुरक्षित नागरिक सशक्त भारत स्लोगन पर जागरूकता रैली करें।

मॉक ड्रिल में अग्निशमन दल सहित चांदपुर पुलिस क्षेत्राधिकारी भारत सोनकर, कोतवाली प्रभारी संजय तोमर, कस्बा इंचार्ज अजीत कुमार तोमर एवं फायर ब्रिगेड की ओर से एफएफएम गाजबीर सिंह, निर्दोष कुमार, गौतम कुमार, गोविंद सिंह, अभिषेक कुमार, पंकज चौहान आदि शामिल रहे। जबकि एम.एम. इंटर कॉलेज की ओर से प्रबंधक मुमताज अहमद, इफ्तेखार कुरैशी, प्रिंसिपल हाजी मोहम्मद ताहिर, सैयद बिलाल अकबर, रिजवान बारी हाशमी, शिक्षक फिरोज अहमद व स्टाफ एवं छात्र उपस्थित रहे।

# मौलाना मौहम्मद अली जौहर इंस्टीट्यूट का परीक्षाफल घोषित



### एमए प्रथम सेमेस्टर में हिमानी यादव प्रथम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट के एम.ए. (समाजशास्त्र) प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस परीक्षा में हिमानी यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। रजिया खातून और नूर सबा ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि सबा खान तृतीय स्थान पर रहीं।

मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट के एम.ए. समाजशास्त्र प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित होने पर मेधावी विद्यार्थियों में खुशी के लहर दौड़ गई।

इस मौके पर महाविद्यालय के प्रबंधक मौहम्मद साईम राजा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की सफलता न केवल उनकी मेहनत का परिणाम है, बल्कि यह हमारे समाज की प्रगति की भी बुनियाद है। उन्होंने कहा कि मेरी शुभकामनाएं हैं कि हमारे सभी छात्र-छात्राएं इसी तरह निरंतर आगे बढ़ते रहें और ज्ञान व संस्कारों से सुसज्जित होकर देश व समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मोहित बंसल ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आदर्श नागरिक बनकर देश एवं समाज की सेवा करने का आह्वान किया।

समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. अनुज कुमार राजपूत व प्रवक्ता सायमा सैफी ने सफल छात्र-छात्राओं को मुबारकबाद दी और उन्हें इसी तरह मेहनत करते हुए भविष्य में भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# हवाई हमलों से बचाव और सुरक्षा के लिए किया छात्रों ने मॉक ड्रिल

### सायरन बजते ही जान बचाने के लिए दौड़े बच्चे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर में आपत स्थिति से बचने के लिए छात्रों को मॉक ड्रिल का अभ्यास कराया गया।

प्रधानाचार्य कैप्टन बिशनलाल, सुधांशु वत्स, एसपी गंगवार, बालेश कुमार, चंद्रहास सिंह, अतुल कुमार रस्तोगी, मनोज कुमार यादव, नरेंद्र कुमार, करन वीर सिंह, मोहम्मद अनस आदि ने छात्रों को रेस्क्यू करना, आपातकालीन स्थिति में स्वयं व दूसरों किस प्रकार जान बचाई जा सकती है के तरीके बताएं गए। छात्रों ने उत्साह के साथ मॉक ड्रिल का अभ्यास किया। प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन ने बताया कि इस अभ्यास से सरकार और आम नागरिकों को यह अनुभव होता है कि युद्ध या बड़े आतंकी हमले जैसी किसी भी स्थिति से किस तरह संयम और योजना के साथ निपटा जा सकता है। मॉक ड्रिल सिर्फ एक चेतावनी अभ्यास नहीं है,यह राष्ट्रीय सुरक्षा की तैयारी का जरूरी हिस्सा है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि देश कभी भी किसी भी संकट के लिए तैयार है।

# हमलों से बचाव और सुरक्षा के लिए मॉक ड्रिल

### पुलिस ने किया फ्लैग मार्च





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** आला अधिकारियों के दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी अमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा जनमानस सुरक्षा संबंधित मॉक ड्रिल अभ्यास कराया और नगर में फ्लैग मार्च करके लोगों को आपात स्थिति में बचाव के उपाय बताएं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद से ही भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान से बदला लेने का कार्य चल रहा था, जिस पर भारत सरकार द्वारा हमारे जांबाज सैनिकों ने ऐसी मिसाइलें दागी की जिससे पाकिस्तान में बैठे उनके आतंकी आकाओ के हौंसले पस्त हो गए और तमाम ठिकाने हमारे सैनिकों ने तबाह कर दिए। हमले से बचाव के लिए देश के गृह मंत्रालय के दिशा निर्देश अनुसार पूरे भारत में मॉक ड्रिल व आम नागरिकों को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक करने का अभ्यास किया जा रहा है।

इसी को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार की अगुवाई में पुलिस बल ने थाना परिसर में मॉक ड्रिल अभ्यास कराया। थाना प्रभारी ने युद्ध के दौरान हमलों से बचने के लिए जागरूक किया। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने पुलिस बल के साथ नगर के मुख्य चौराहे पर फ्लैग मार्च करते हुए आम जनता को बताया कि यदि कोई भी हवाई जहाज की आवाज सुनाई दे तो आप अपने घरों की लाइट बंद कर लें। आपात स्थिति में बजने वाले सायरन की आवाज सुनकर अपने-अपने घरों में रहने की थाना प्रभारी ने हिदायत दी और कहा कि यदि कोई भी ऐसी स्थिति आ जाए के दुश्मन किसी तरह का कोई अटैक करे तो एक दूसरे की मदद के लिए तुरंत आ जाओ। इस अभ्यास से किसी भी परिस्थितियों से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन के साथ-साथ नगर की जनता भी पूरी तरह तैयार है।

इस मौके पर थाना निरिक्षक प्रभारी अमित कुमार, एसआई हरिओम कुमार, एसआई प्रदीप कुमार, एसआई धर्मेंद्र कुमार, एचएम लोकेश कुमार, हेड कांस्टेबल मनोज कुमार, हेड कांस्टेबल राजू दिवाकर, हेड कांस्टेबल किशन पाल, कांस्टेबल अश्वनी कुमार, कांस्टेबल रचित कुमार, प्रदीप कुमार, बबलू कुमार, मोनू कुमार, सतेन्द्र कुमार, नरेंद्र कुमार, महिला कांस्टेबल रुवि पटल, स्वाती आदि मौजूद रहे।

# समस्याओं के समाधान के लिए सौंपा ज्ञापन

### भाकियू प्रधान की मासिक बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** आज भारतीय किसान यूनियन प्रधान की मासिक बैठक तहसील कार्यालय परिसर में संपन्न हुई इसकी अध्यक्षता पवन पहलवान ने की और जिसका संच. ालन रामोद कुमार मंडल मीडिया प्रभारी द्वारा किया गया। किसानों की तहसील सम्बंधित समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार ममता यादव को दिया गया। जिसमें बताया गया कि जल्द ही किसानों की समस्याओं का समाधान होना चाहिए।

गन्ना सर्वे क्लर्क कर्मचारी की ड्यूटी का गड़बड़ी करना। भागूवाला में चल रहे पोल्ट्री फार्म को बंद कराने के लिए कार्यवाही हो। बालिया होटल के पास आम का बाग भूमाफियाओं के द्वारा कटवा दिया गया उस पर कार्यवाही हो। अवैध रूप से कॉलोनी विकसित हो रही है, उसकी जांच कराई जाए। भागूवाला में टायर फैक्ट्री के द्वारा प्रदूषण फैलाया जा रहा है, उस पर कार्रवाई हो। बिजली विभाग के द्वारा उपभोक्ताओं को जुर्माना अवैध वसूली हो रही है, जिसकी रोकथाम हो। गौरव मालिक के खिलाफ बे बुनियाद कार्रवाई को लेकर किसानों ने कहा कि नजीबाबाद आदर्श नगर चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार के खिलाफ जांच करा कर कार्रवाई हो। अगर इन सभी समस्याओं का समाधान नहीं होता तो राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रोहिताश सिंह ने कहा कि इसको लेकर बिजनौर जिले में एक उग्र आंदोलन होगा। जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष परविंदर बालियान, पश्चिमी युवा प्रदेश अध्यक्ष अरुण चौधरी, युवा जिला अध्यक्ष चौधरी आकाश डबास, महिला जिला अध्यक्ष रुखसाना उर्फ सोनी, जिला युवा मिडिया प्रभारी आफताब आलम सिद्दीकी, मंडल उपाध्यक्ष सुमन कुमार, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष अल्ताफ अहमद, मंडल उपाध्यक्ष जाकिर मकरानी, जिला प्रभारी शमशाद गुर्जर, महबूब, रामोद कुमार, प्रमोद कुमार, चौधरी दलबीर सिंह, पिंकूर ठाकुर, सचिन कुमार, नीरज बालियान, जिला महासचिव शोभित चौधरी, इरफान हामिद, नगर अध्यक्ष नजीबाबाद मोहम्मद आरिफ आदि किसान और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आंखों का चिकित्सा शिविर लगाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कन्या इंटर कॉलेज में सवेरा क्लब द्वारा हिमालय जौली ग्रांट हॉस्पिटल देहरादून द्वारा आंखों का चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिसमें आंखों के चिकित्सक डॉ. अनुष्का द्वारा लोगों की आंखों की जांच कर एवं निशुल्क दवाई वितरित की गई। जिसमें लगभग 125 मरीजों ने अपने आंखों की जांच कराई और चिकित्सा शिविर का लाभ उठाया। सवेरा क्लब से अध्यक्ष परमेश्वर दयाल, प्रोजेक्ट चेयरमैन विकास गर्ग, डॉ. पंकज, डॉक्टर सुरेश चौधरी, सतपाल चावला, अमिताभ, राजीव, खैराती अग्रवाल, मनोज गुप्ता, विनीत कुमार, आदि शामिल रहे। कन्या इंटर कॉलेज के शलभ अग्रवाल, लाल नरेंद्र कुमार एवं प्रधानाचार्य रेखा देवी द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया और भविष्य में इसी प्रकार समाज सेवा करने की उम्मीद की गई।

## एक नजर

### ट्रेन से गिरकर व्यक्ति गंभीर घायल



**स्योहारा।** हावड़ा चंडीगढ़ एक्सप्रेस से एक व्यक्ति सफर कर रहा था कि अचानक वह ट्रेन से नीचे गिर गया। इसकी जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में लेकर गए। जहां पर घायल को होश ना आने के कारण उसकी कोई भी पहचान नहीं हो पाई। वहीं इस संबंध सीएचसी प्रभारी का कहना है कि उपचार के दौरान तक भी व्यक्ति को होश नहीं आया था, इसीलिए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

### एयर स्टाइक की खुशी में शरबत पिलाया



**धामपुर।** भारत द्वारा पाकिस्तान में एयर स्टाइक किए जाने की खुशी में एवं गर्मी को देखते हुए मीठा शरबत राहगीरों को पिलाया गया। सुभाष मार्ग स्थित पीएनबी के पास कुछ समाजसेवियों द्वारा भारत द्वारा पाकिस्तान में की गई एयर स्टाइक की खुशी में साथ में गर्मी होने के उपलक्ष में आने-जाने वाले राहगीरों को ठंडा मीठा शरबत पिलाया गया। जिसे पीकर लोगों ने भारत द्वारा एयर स्ट्राइक की कामयाबी की भगवान से प्रार्थना की गई और पाकिस्तान को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की गई। लोगों ने कहा कि मई की गर्मी को देखते हुए मीठा शरबत पीकर लोगों को तसल्ली हुई है और गर्मी से राहत मिली है। मीठा शरबत पिलाने वाले समाजसेवियों में देवाशीष ठाकुर, आशू कुमार, हिमांशु कुमार, कुलदीप कुमार, रियांश ठाकुर आदि शामिल रहे।

### अरीजा ने किया नाम रोशन



**बिजनौर।** एमजेपी रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा एमएससी (वनस्पति विज्ञान) तृतीय सेमेस्टर के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एंड इन्फार्मेशन टेक्नोलॉजी बिजनौर के छात्र-छात्राओं का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डा. पूनम गुप्ता ने बताया कि एमएससी तृतीय सेमेस्टर (वनस्पति विज्ञान) की छात्रा अरीजा ने 80.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, गुलफशा ने 77 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा सुनैना ने 76 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कृष्णा कॉलेज के प्रबंधक मनोज कुमार ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई व देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अत्युत्त्म रहा है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्र-छात्राओं को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिलें, जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को वे बेहतर रुप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें। कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा तथा विभाग की प्रवक्ता दीक्षा त्यागी ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सोने का बिस्कुट हड़पने में नगीना का फैजान गिरफ्तार

**बिजनौर।** वादी ने 18 मई 2023 को थाना नगीना में तहरीर दी थी कि अभियुक्त फैजान उर्फ फैजी उर्फ अब्दुल मोईद निवासी मौहल्ला शाहजहीर एवं डॉ. फैय्याज पुत्र अब्दुल हकीम निवासी मौहल्ला नालबंदान ने अपने साथियों के साथ हमसाज होकर बेईमानी से छलपूर्वक उसका सोने का बिस्कुट हड़प लिया तथा वापस मांगने पर गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 167/23 धारा 420, 406, 120 बी, 504 व 506 आईपीसी में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने फैजान उर्फ फैजी को गिरफ्तार कर लिया है।

# बंदरों के बढ़ते आतंक से परेशानी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** नगर में बन्दरों के बढ़ते आतंक से जहां नगरवासी परेशान हैं। वहीं अब बन्दरों के झुण्ड के झुण्ड स्कूलों में भी देखे जा सकते है, जिससे स्कूलों में बन्दरों का बच्चों पर हमला किये जाने का खतरा बना हुआ है।

नगर में बन्दरों के आतंक से अभी तक नगरवासी ही जूझ रहे थे। लेकिन अब स्कूलों में भी बच्चे बन्दरों के आतंक के साये में पढ़ने को मजबूर है। बन्दरों के झुंड के झुंड की स्कूलों में मौजूदगी से न केवल बच्चे बल्कि शिक्षक व अन्य कर्मचारी भी डरे डरे रहते है। खतरा रहता है कि बन्दर किसी बच्चे पर हमला न कर दे। दक्ष आदर्श वैदिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य विनीत कुमार व प्राइमरी प्रभारी विजय वर्मा ने नगर पालिका प्रशासन से बन्दरों को पकड़वाए जाने की मांग की है।

# 1971 के बाद पहली बार मॉक ड्रिल

## पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक के बाद देशभर में मॉक ड्रिल का आयोजन

**अभिषेक गुप्ता**

**धामपुर।** देश 7 मई 2025 को एक ऐतिहासिक सुरक्षा अभ्यास का साक्षी बना है। वर्ष 1971 के बाद पहली बार भारत के सभी जिलों में एकसाथ मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस ड्रिल का उद्देश्य किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा, आतंकी हमला या अन्य आपात स्थिति से निपटने के लिए सरकारी एजेंसियों, प्रशासनिक तंत्र और आम जनता की तैयारी की वास्तविक परख।

लेकिन जब पूरा देश इस मॉक ड्रिल को लेकर तैयारियाँ कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ धामपुर स्थित शुगर मिल ने पहले ही एक मिसाल कायम कर रखी है। यहां हर छह महीने में मॉक ड्रिल आयोजित की जाती है,



### धामपुर मिल में हर 6 माह में होती है सुरक्षा मॉक ड्रिल अभ्यास

जिसमें मिल प्रबंधन, पुलिस, प्रशासन और अन्य विभागों के अधिकारी सक्रिय भागीदारी निभाते हैं। धामपुर शुगर मिल में नियमित अंतराल पर मॉक ड्रिल की परंपरा लंबे समय से जारी है। मिल प्रबंधन के अनुसार, औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है। गैस रिसाव, आगजनी, मशीन फेलियर जैसी संभावित आपदाओं को ध्यान में रखते हुए यह अभ्यास किया जाता है। प्रत्येक ड्रिल में आपातकालीन निकासी, प्राथमिक उपचार, फायर कंट्रोल और संचार व्यवस्था का परीक्षण किया जाता है।

धामपुर शुगर मिल के फैक्ट्री महाप्रबंधक प्रशासन विजय गुप्ता बताते हैं कि अभ्यास में स्थानीय पुलिस, फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य विभाग और तहसील प्रशासन की टीमें भी शामिल होती हैं। मौके पर मॉक घटना की स्क्रिप्ट तैयार की जाती है और उसके अनुसार वास्तविक परिस्थिति का अनुकरण किया जाता है। इससे अधिकारी न सिर्फ अपनी तैयारियाँ जांचते हैं, बल्कि आपसी समन्वय को भी मजबूत करते हैं।

इधर जिले भर में होने वाली मॉक ड्रिल को लेकर जिलाधिकारी ने निर्देश जारी कर दिए हैं। मॉक ड्रिल सुबह 11 बजे शुरू हुआ। ध्वनि सायरन, अस्थायी बिजली कटौती और सार्वजनिक स्थलों की खाली करवाई जैसी गतिविधियां की गई। एसडीएम रितु रानी ने आमजन से अपील की है कि वे घबराएं नहीं, बल्कि इस अभ्यास में सक्रिय सहयोग दें।

### धामपुर बन सकता है रोल मॉडल

जहाँ पूरे देश के लिए यह मॉक ड्रिल एक नई शुरुआत है, वहीं धामपुर की शुगर मिल लगातार तैयारी का उदाहरण पेश कर रही है। यह दिखाता है कि सुरक्षा के प्रति नियमित सजगता ही किसी भी आपदा के समय सबसे बड़ा हथियार बनती है।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' खाक में मिलेगा पाक आतंकवाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** पाक परस्त आतंकवादी ठिकानों पर ताबड़तोड़ हमले और उनके ठिकानों को उड़ाकर सेना ने जहां देश का सीना गर्व से चौड़ा किया है वहीं जिला और पूरे शहर में हर और खुशी का माहौल है। जगह-जगह देश की सेना में शामिल दो बेटियों के साहस और पराक्रम व पाक में अंदर घुसकर आतंकियों के ठिकानों को नेस्तोनाबूद कर मस्तक को और भी ऊंचा कर दिया। दो बेटियों की वीरता की चर्चायें हर और सुनाइ दिन भर देती रहीं। जबकि पाकिस्तान पर की गई कार्रवाई पर खुशी मनायी।



नगर पालिका परिषद के पूर्व चैयरमेन हाजी नुसरत इलाही ने कहा कि अंधेरे को चीरता हुई भारतीय विमानों की गर्जना ने

### शहर व जनपद भर में खुशी का माहौल दो बेटियों ने सीना किया चौड़ा

आतंकियों के ठिकानों को नेस्तोनाबूद कर दिया है। सेना में शामिल देश की दो बेटियों ने आपरेशन सिंदूर में जिस तरह से पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के ठिकनों पर हमला कर उनके चिथड़े उड़ाये उससे उनके शौर्य पराक्रम और साहस तथा वीरता से करारा जवाब दिया है। उन्होने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह भारत की शेरनियों ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश दे दिया है किएक देश का अस्मिता और इसकी तरफ बुरी नजर रखने वालों के खिलाफ एकजुट हें तथा उन्हे बख्शा नहीं जायेगा बल्कि उनक घर में घुसकर उनको करारा जवाब दिया जायेगा और पाकिस्तान से निपटने के लिए देश की दो बेटियां ही काफी है। उन्होने कहा कि पाक में घुसकर हमला और आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट कर पहलगाम में मारे गए लोगों को सच्ची श्रृद्धांजलि है।इसी के साथ उन्होने मॉक ड्रिल में पूरा सहयोग करने पर ज़ोर देते हुए कहा कि आपातकालीन स्थिति में धैर्य न खोएं हिम्मत से काम लें और खुद का हर स्थिति से निपटने को तैयार रखें, आवश्यक वस्तुओं को साथ रखें। सायरन बजाने पर घर के अंदर रहें, लाइट बंद रखें। अफवाहों पर धयान न दें। केवल आधिकारिक सूचना स्रोतों पर भरोसा करें। कहा कि युद्व जैसे हालातों में घबराएं नहीं। हर भारतीय की मदद करें। उन्होंने कहा कि अचानक आने वाली दुर्घटनाओं का सामना करें, स्वयं सुरक्षित रखें। पानी की बोतलें, ड्राई फूड, टॉर्च,प्राथमिक उपचार किट, जरूरी दवाइयां और जरूरी दस्तावेज, आईडी आदि एक बैग में रखें।

# नरौरा में नागरिक सुरक्षा के तहत हवाई हमले का मॉक ड्रिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** युद्व आपदाओं की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ एक जूम बैठक में साइबर सिक्योरिटी को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गेल यारा के एंट्री प्वाइंट को चेक करने तथा तेल एवं गैस की पाइपलाइन को लेकर पुलिस अधीक्षक ने सम्बंधित अधिकारियों से जानकारी ली। जबकि पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल किया।

कार्यालय पर साइबर सेल के प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि इस समय के माहौल को देखते हुए अगर कोई गलत ट्वीट करता है तो उस पर त्वरित प्रभाव से कार्यवाही की जानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति भारतीय सेना आदि पर सोशल मीडिया के माध्यम से गलत कमेंट करता है तो उनपर निगरानी रखी जाए तथा उनको पुछताछ के लिए भी बुलाया जाए। स्वास्थ्य विभाग को भी एम्बुलेंस एवं आवश्यक चिकित्सा किट को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि अफवाहों के बारे में अलर्ट रहें। यारा तथा गेल जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर विशेष ध्यान दिया जाए। जनपद के 49 गाँव जोकि संवेदनशीलता की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं उनको लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा आपदा विशेषज्ञ अच्युत यादव को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम कुल से संबंधित अधिकारी, खंड विकास अधिकारी तथा एडीओ पंचायत उन गांवों में वॉलंटियर्स, नेहरू युवा केन्द्र से जुड़े लोगों तथा रिटायर्ड आर्मी के लोगों की सूची तैयार करें तथा गायत्री परिवार को जागरूकता के लिए लगाएं। तत्पश्चात जनपद बुलंदशहर के नरौरा में नागरिक सुरक्षा के अन्तर्गत युद्व आपदाओं से संबंधित मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

# देश की दो नारी शक्ति ने किया गौरवान्वित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** पाक पर हुए हमले ने जहां देशवासियों को गौरवान्वित किया है वहीं एकजुट हुए नगरवासियों व राजनैतिक दलों के कर्णधारों ने सीमा के पार जाकर पाकिस्तान व आतंकवाद को करारा जवाब दे रहे सेना का जवानों का मनोबल बढ़ाने के लिए जगह-जगह जशन मनाया।









ऑल इंडिया उलेमा व मशायख बोर्ड यूनिट सम्भल के उपाध्यक्ष एवं खतीब व इमामे अहले सुन्नत बिस्मिल्लाह मस्जिद सराय तरीन, मुफ्ती मोहम्मद गुलफाम रजा ने आपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना को बधाई दी और आतंकवादियों को सजा देने पर धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारत की सेना ने न सिर्फ आतंकवाद का मुँहतोड़ जवाब दिया बल्कि धार्मिक सौहार्द का संदेश भी दिया। उन्होंने फिरकापरस्ती फैलाने वालों को आतंकवाद के एजेंडे का हिस्सा बताया। साथ ही शाम 7 बजे होने वाली मॉक ड्रिल में पूरी भागीदारी निभाएं और सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही अफवाहों से बचने का आहवान किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हाजी आरिफ हाजी आरिफ तुर्की ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ हर देशवासी एकजुट रहा है। पहलगाम में आतंकियों की कायराना हरकत के खिलाफ हर नागरिक पाक पर हमला करने के लिए आवाज उठा रहा था। देश के वीर सैनिको ने पाक पर हमला कर पाकिस्तान को जवाब दे दिया है।आसिफ रज़ा ने कहा कि आज का दिन हर देशवासी के लिए जश्न का दिन है। देश की पराक्रमी सेना ने जिस तरह से पाक के अंदर घुसकर मुंहतोड़ जवाब दिया है। उससे अब कोई भी दुस्साहस करने की सोच भी नहीं सकेगा। कांग्रेस नेता मुशीर खान तरीन ने कहा कि भारतीय वायुसेना की साहसी कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने आपरेशन सिंदूर में न सिर्फ दुश्मनों को करारा जवाब दिया, बल्कि भारत की एकता, नारी शक्ति दुश्मन को जवाब देने में पूरी तरह से सक्ष्म है संदेश दिया है। समाज सेवी आसिफ रज़ा ने भी सेना के पराक्रम और आपरेशन सिंदूर का नेतृत्व कर रही कर्नल सोफिया कुरैशी व विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने दुश्मनों के घर में घुसकर जवाब देकर सिद्व कर दिया है कि नारी शक्ति किसी से कम नहीं है।



**सम्भल।** सर्राफा बाज़ार में पाकिस्तान पर हमले पर खुशी मनाते नागरिक।

# देश की ओर आंख उठाने वाले को भारत देना जानता है जवाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** सुबह उठते ही ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी होने पर नगर में जश्न का माहौल है। बबराला के निवासियों का कहना है कि भारत अब नया भारत है। देश को आंख दिखाने वालों को कड़ा जवाब देना जानता है। पहलगाम में 15 दिन पहले हुए आतंकी हमले का भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से बदला लिया। सेना ने मंगलवार आधी रात के बाद एयर स्ट्राइक कर पाकिस्तान के नौ आतंकी ठिकाने तबाह कर कर दिए। ऑपरेशन सिंदूर के लिए लोग भारतीय सेना की प्रशंसा कर रहे हैं। भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष विनय वार्ष्णेय का कहना है कि भारत अब नया भारत हे देश का हर नागरिक सरकार के साथ खड़ा है। यदि युद्व की परिस्थितियां हुई तो देश का हर नागरिक बॉर्डर पर खड़ा दिखाई देगा। भाजपा जिला मंत्री कुमोद वार्ष्णेय ने कहा कि सुहागिन महिलाओं की पहचान उनका सिंदूर ही होता है। पाकिस्तानी आतंकवादियों ने महिलाओं के सिंदूर पर हमला किया था। सरकार और सेना की ओर से कड़ा जवाब दे दिया गया है। दिनेश कौशल ने बताया कि मोदी सरकार ने उन्हें सबसे अच्छा उपहार दिया है। आतंकवादियों ने कहा था कि मोदी को बता देना जाकर। अब मोदी ने बता दिया है कि भारत को चुनौती देना कितना कठिन है। सरकार ने जवाब दे दिया है। भारत की ओर आंख उठाने वाले का यही हाल होना चाहिए। सभासद मीना गुप्ता ने बताया कि मोदी सरकार ने हमला करके अन्य देशों को भी संदेश दिया है कि आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।









# आतंकियों को सबक सिखाने का उलेमा मशाइख बोर्ड ने किया शुक्रिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** आल इंडिया उलमा व मशाइख बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वर्ल्ड सूफी फोरम के चेयरमैन हजरत सय्यद मोहम्मद अशरफ किछौछवी ने ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर मुबारकबाद देते हुए देश की सेना को आतंकियों को सबक सिखाने के लिए शुक्रिया कहा।

उन्होंने कहा कि हमारे बेगुनाह नागरिकों को निशाना बना कर चौन की बंसी बजा रहे आतंकी दरिंदों को उनके किए की सजा मिलनी ही चाहिये थी आज आतंक से पीड़ित परिवारों को दिली सुकून हासिल हुआ है कि उनके प्यारों के खून का बदला भारत की बहादुर सेना ने लिया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह भारत की सेना द्वारा प्रेस ब्रीफिंग में भाईचारे और एकता का संदेश दिया है और साफ तौर से इस बात को स्पष्ट किया है कि आतंकवादियों द्वारा भारत में धार्मिक सौहार्द को बिगाड़ने और साप्रदायिक हिंसा फैलाने की कोशिश की गई थी इससे यह बात स्पष्ट होती है कि देश में इस समय जो

### आह्वान

### 0मॉकड्रिल में पूरा सहयोग करे हर भारतीय

लोग ऐसी हरकतों में लगे हुए हैं यानी हिंदू मुसलमान कर रहे हैं वह सीधे आतंकियों के एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं। हजरत ने कहा कि सेना द्वारा साफ कहा गया है कि भारत के नागरिकों की एकता और सेना के पराक्रम से आतंकियों को उनके किए की सजा दी गई है अब हम सबको इस बात का समझना होगा कि हमें धर्म के नाम पर बांटने वाले न तो देश की सेना के समर्थक हैं और न ही राष्ट्रप्रेमी क्योंकि उनके कारनामों से भारत कमजोर होता है। हजरत ने सभी भारतीयों से आज शाम 7 बजे होने वाली मॉक ड्रिल में पूरा सहयोग करने की अपील की और साथ ही किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न देने की बात कही उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर बहुत अधिक सावधानी बरते और किसी के हाथ की कटपुठली जाने अनजाने में बनने से बचें।

# भारतीय सेना को दिल से सैल्यूट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** नगर में भारत की सेना के पाकिस्तान में घुसकर एयर स्ट्राइक कर नो आतंकी ठिकानों को धवस्त करने पर हर्ष व्यक्त किया। सभी ने भारत की सेना की प्रशंसा की।

**कांठ (शाह टाइम्स)** परिषदीय स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता का स्तर बढ़ाने के लिए विभाग की ओर से एआरपी (एकेडमिक रिसोर्स पर्सन) का चयन किया जा रहा है। इसी के तहत हुई माइक्रो टीचिंग प्रक्रिया में नौ शिक्षक फेल हो गए। स्थिति यह है कि साक्षात्कार के लिए सामाजिक विज्ञान विषय में किसी शिक्षक को सफलता नहीं मिली। एडी बेसिक का कहना है कि जिन विषयों में पद खाली रह जाएंगे, उनके लिए पुनः प्रक्रिया करवाई जाएगी।मुरादाबाद जनपद में नौ ब्लॉक में हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित और सामाजिक अध्ययन विषय के नौ-नौ एआरपी का चयन किया जाना है। यह चयन लिखित परीक्षा, माइक्रो टीचिंग और साक्षात्कार के आधार पर होना है। इसके लिए जिले से करीब 120 शिक्षकों ने एआरपी बनने के लिए आवेदन किया था। जब विभाग की ओर से लिखित परीक्षा कराई गई तो 96 शिक्षक उपस्थित रहे।गणित में 44 आवेदन थे। अब 26 शिक्षक साक्षात्कार में शामिल होंगे, जबकि सामाजिक विज्ञान में 29 आवेदनों में से अब एक भी शिक्षक साक्षात्कार के लिए नहीं है। अंग्रेजी विषय में 12 आवेदनों में से साक्षात्कार के लिए आठ शिक्षक हैं। विज्ञान में 25 में से तीन शिक्षक साक्षात्कार देंगे। हिंदी में लिखित परीक्षा में नौ शिक्षक शामिल हुए थे। माइक्रो टीचिंग में दो शिक्षक अनुपस्थित रहे और दो फेल हो गए। अब चार शिक्षक साक्षात्कार में शामिल होंगे।

एडी बेसिक बुद्धप्रिय सिंह ने बताया कि एआरपी चयन के लिए साक्षात्कार 14 मई को प्रस्तावित है। इसके बाद जिस विषय में पद खाली रह जाएंगे, उसके लिए दोबारा से प्रक्रिया शुरू की जाएगी।इसके बाद माइक्रो टीचिंग में 57 शिक्षक शामिल हुए। इसमें अंग्रेजी में एक, हिंदी में एक, गणित में दो और सामाजिक विज्ञान में पांच शिक्षक फेल हो गए। विज्ञान में सभी शिक्षक उत्तीर्ण हुए। अब साक्षात्कार में 39 शिक्षकों को प्रतिभाग करना है।

# अवैध निर्माण के विरुद्ध विकास प्राधिकरण ने की ध्वस्तीकरण कार्रवाई

**मुरादाबाद।** विकास प्राधिकरण द्वारा दजोन-3, सबजोन-18, थाना मझोला क्षेत्रान्तर्गत मेनाठेर रोड, पेट्रोल पंप वाली गली, मिनी बाईपास रोड स्थित लगभग 500 वर्ग गज भूमि पर किए गए अवैध निर्माण के विरुद्ध नियमानुसार ध्वस्तीकरण की कार्यवाही प्रभावी रूप से संपन्न कराई गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उक्त भूमि पर श्री हाजी बबलू द्वारा उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम, 1973 की सुसंगत धाराओं के विरुद्ध लगभग 9 मीटर ऊँची बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया गया था। प्राधिकरण द्वारा मामले में तत्परता दिखाते हुए धारा 27(1) एवं 28(1) के अंतर्गत नियमानुसार नोटिस निर्गत कर वाद संख्या MUDA/ANI/। 2022/0000695 योजित किया गया तथा दिनांक 03 नवम्बर, 2022 को ध्वस्तीकरण आदेश पारित किया गया। निर्माणकर्ता को निर्देशित किया गया था कि आदेश प्राप्ति के 30 दिवस की अवधि में उक्त अवैध निर्माण को स्वेच्छा से हटाकर प्राधिकरण को सूचित करें। परंतु आदेश के अनुपालन में कोई कार्यवाही न किए जाने के फलस्वरूप, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा निर्धारित विधिक प्रक्रिया के अनुरूप 07 मई, 2025 को उक्त अवैध निर्माण को संपूर्ण रूप से ध्वस्त कर दिया गया। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के अधिकारीगण, स्थानीय पुलिस बल तथा संबंधित विभागीय कर्मचारियों की उपस्थिति में उक्त ध्वस्तीकरण कार्यवाही शांतिपूर्ण एवं प्रभावी रूप से संपन्न कराई गई। जनहित में अपील मुरादाबाद विकास प्राधिकरण आम नागरिकों से अपील करता है कि भवन निर्माण अथवा विकास कार्य प्रारंभ करने से पूर्व प्राधिकरण से स्वीकृति प्राप्त करें एवं सभी निर्धारित मानकों एवं नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

अवैध निर्माणों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही का यह क्रम भविष्य में भी इसी प्रकार सतत जारी रहेगा।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सहसपुरी
### विकास खण्ड-डिलारी (मुरादाबाद)।

पत्रांकः मीमो/पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग/2025-26 दिनांकः 07.05.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड डिलारी की ग्राम पंचायत सहसपुरी के गांव सिंह वाला मझरा में राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त आयोग योजना अर्न्तगत जोगेंद्र के घर से चेतराम के घर तक आरसीसी रोड निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 14.05.2026 की दोपहर 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है एवं उसकी दिन दोपहर 3.30 बजे समिति के सामने खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्ते एवं प्राक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/बैंक ड्राफ्ट/एफडीआर के रूप में जमा करनी होगी, जो ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी। अवकाश की दशा में उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | जमानत की 2 प्रतिशत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जोगेंद्र के घर से चेतराम के घर तक आरसीसी रोड निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेता, बजरी, बजरफुट ईंट आदि। | 103498/- | 2070/- | 300 | 2 माह |

**मुख्य शर्तेः-**
1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. कार्यो का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन/स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा। 3. इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा। सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होंगी।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत सहसपुरी**
**विकास खण्ड डिलारी, मुरादाबाद**

IS 15700 : 2018
**उ0प्र0आवास एवं विकास परिषद,**
**कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक, (मुरादाबाद/चंदौसी/अमरोहा/बिजनौर)**
**आफिस कॉम्पलैक्स (भूतल), सैक्टर-5 मझौला योजना**
**सं0-4, भाग-2, मुरादाबाद।**
**E-mail : emombd@upavp.com**

पत्र सं.-921/स0प्र0-मुरा0/ **सर्वसाधारण को सूचना** दिनांकः 07.05.2025

परिषद की जिगर विहार योजना, मुरादाबाद में स्थित स्वयं वित्त पोषित भवन संख्या बी/ 51 प्रदेशन- पत्र पत्रांक 863 / सं०प्र०-मुरा0/ दिनांक 01.04.1987 के द्वारा श्रीमती इन्दु मेहता पत्नी श्री अनूप मेहता एवं श्री अनूप मेहता पुत्र श्री राजकुमार मेहता के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी ने दिनांक 30.04.1987 को अपने पक्ष में किराया-किस्त क्रय किरायेदारी का अनुबन्ध निष्पादित कराकर दिनांक 08.05.1987 को उक्त भवन का भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया गया। तथा भवन के मूल्य के विरूद्ध पूर्ण भुगतान कर दिनांक 17.03.1989 को पट्टा विलेख निष्पादित करा लिया था। तदोपरान्त आवंटी द्वारा दिनांक 20.12.2007 को अपने पक्ष में फ्री होल्ड डीड निष्पादित कराकर दिनांक 20.12.2007 को सब रजिस्ट्रार कार्यालय मुरादाबाद में पंजीकृत करा लिया था। तत्पश्चात आवंटी श्री अनूप मेहता की मृत्योपरान्त उनके वारिसों श्रीमती इन्दु मेहता पत्नी स्व0 श्री अनूप मेहता व श्रीमती पूजा सहगल पत्नी श्री विशाल सहगल एवं श्रीमती चारू धवन पत्नी श्री राजीव धवन पुत्रीगण स्व० श्री अनूप मेहता द्वारा उक्त भवन को हैदर अली नकवी पुत्री नसीम असगर नकवी के पक्ष में दिनांक 21.01.2025 को रजिस्ट्री करते हुए विक्रय कर दिया गया अब हैदर अली नकवी पुत्र नसीम असगर नकवी द्वारा उक्त भवन को अपने पक्ष विक्रयोपरान्त नामान्तरण करने हेतु अनुरोध किया गया है। यदि इस नामान्तरण के सम्बन्ध में किसी हितबद्ध व्यक्ति को कोई सुसंगत आपत्ति है तो वह इस के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त सूचना करा सकता है। उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात् किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य न होंगी तथा परिषद नियमानुसार नामान्तरण सम्बन्धी अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। **-सम्पत्ति प्रबंधक**

## कार्यालय ग्राम पंचायत ठिरियादान
### विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद)।

पत्रांकः मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांकः 02.05.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत ठिरियादान विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांकः 17.05.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 17.05.2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत ठिरियादान में सरकारी उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य। | 1 | 707956/- | 100 | 2% | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तेः**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत ठिरियादान**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**


# छेड़छाड़ का विरोध करने पर दी जान से मारने की धमकी

**कांठ (शाह टाइम्स)** छेड़छाड़ का विरोध करने पर महिला को जान से मारने की धमकी दी जाने लगी महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है घटना थाना छजलैट छेत्र के गांव की है महिला का आरोप है कि गांब का अंकुर पुत्र रामचन्द्र आये दिन रास्ते में उसे आते जाते घेरकर छेडछाड करता चला आ रहा है । विरोध करने पर गन्दी -2 गाली देता है । एक मई की दोपहर को करीब 12.00 बजे वह गांव मे अपने बच्चो को ढूंढने जा रही थी रास्ते मेअंकुर मिला गया और उसने बत्तमीजी करनी शुरु कर दी विरोध करने व शोर मचाने पर अंकुर भाग गया और जाते समय शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दे गया पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अंकुर के खिलाफ संबंधित धारा में एफआईआर दर्ज की है।


## उत्तर रेलवे
**ई-नीलामी**

- मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 31 एस.एल.आरः

गाड़ी सं. 14816 (F-I, F-II, R-I) , 19566 (F-I, F-II, R-I), 12912 (F-I), 14308 (F-I, F-II, R-I), 14631 (F-I, F-II, R-I), 14230 (F-I, F-II, R-I), 12056 (F-I), 14310 (F-I), 14042 (F-I, F-II, R-I), 14120 (F-I), (14090 (F-I, F-II, R-I); 14318 (F-I), 15019 (F-I), 19272 (F-I),14311 (F-I),14609(F-I),19032 (F-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए देने हेतु ई-नीलामी के तहत दिनांक 21.05.2025 (Timings : 10:00 am) को बोली के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।

- मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 31 एस.एल.आरः

गाड़ी सं. 14320 (F-I, F-II, R-I), 14236 (F-I, F-II), 14321 (F-I), 14718 (F-I, F-II, R-I), 12091 (F-I, F-II, R-I), 14315 (F-I, F-II, R-I), 14605 (F-I), 12037 (F-I), 15120 (F-I), 12018 (F-I) 14887(F-I,F-II,R-I) 14304 (F-I,F-II,R-I), 14306 (F-I, F-II, R-I), 14314 (F-I, F-II,R-I), के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए देने हेतु ई-नीलामी के तहत दिनांक 22.05.2025 (Timings : 10:00 am) को बोली के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।

- मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 06 एस.एल.आरः

Trains No's 18478 (R-I), 13010 (R-I), 22660 (R-I), 15006 (F-I,R-I), 19020 (R-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए देने हेतु ई-नीलामी के तहत दिनांक 23.05.2025 (Timings : 10:00 am) को बोली के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।

1345/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## कार्यालय ग्राम पंचायत टांडा अफजल
### विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)।

पत्रांक 01/ग्रा.पं. टांडा अफजल /राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/2025-26 **दिनांकः** 07.05.2025

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन सामग्री आपूर्ति सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत टांडा अफजल वि०ख० ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद में वित्तीय वर्ष **2025-26** हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष **2025-26** के अनुसार निर्माण कार्यवार पंचम राज्य वित्त आयोग पन्द्रहवां वित्त आयोग एवं अन्य शासकीय मदों के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री कार्यवार निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें/कोटेशन आमंत्रित की जाती है। निर्माण कार्यो की सूची **https://egramswaraj.gov.in@approvedactionplan.do** पर जाकर देखी जा सकती है या ग्राम पंचायत सचिवालय में सूची/प्राक्कलन / निविदा प्रपत्र स्वयं जाकर प्राप्त कर सकतें है।

**निविदा से संबंधित विवरण-**

| क्र. सं. | निविदा का विवरण | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र **GPDP 2025-26** के क्रम में कार्यवार प्राप्त किये जा सकते है। कार्यवार निर्माण कार्य स्थल पर निर्माण से सम्बन्धित समस्त सामग्री आपूर्ति प्राक्कलन के अनुसार करनी होगी। | निविदा प्रारंभ | 08.05.2025 | सुबह 10.00 बजे |
| 2 | | निविदा समाप्त | 15.05.2025 | दोपहर 1.00 बजे |
| 3 | | निविदा खोलने की दिनांक | 15.05.2025 | सां. 4.00 बजे |

इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता ग्राम पंचायत सचिवालय से उपरोक्त अनुसार कार्यवार निविदा प्रपत्र प्राप्त करके ग्राम पंचायत सचिवलय में सीलबन्द निविदा/कोटेशन दरें सहित जमा कर सकते है। स्वीकृत निविदा/कोटेशन की आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर कार्य आदेश जारी किया जायेगा जो कि समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधरित है।
**1.** कार्य से संबंधित विवरण निविदा प्रपत्र के साथ किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
**2.** आयकर व्यापार कर नियमानुसार देय होगा।
**3.** कार्यो का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन/स्वीकृती प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा।
**4.** कार्यादेश एवं कार्य का भुगतान शासन से धनराशि प्राप्त होने के उपरान्त ही किया जायेगा।
**5.** इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने या सामग्री की आपूर्ति को बढाने या घटाने का अधिकार कार्यालय ग्राम पंचायत के पास होगा।

**ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत टांडा अफजल**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**


# एसडीएम विनय मिश्रा ने अतिक्रमण हटाने को लेकर कराई नपत

**चन्दौसी।** नगर को मूल स्वरुप में वापिस लाने के लिए अतिरिक्त प्रभार लेकर आये एसडीएम विनय मिश्रा अतिक्रमण हटाओ अभियान के तीसरे दिन जनपद न्यायालय के बराबर स्थित प्राईवेट बैंक के पास पहुंचे जहां नाले की खुदाई होनी है। हालांकि बिल्डिंग का कुछ भाग तोड़ा जा चुका है परंतु जिस हिस्से में बैंक है, उसे अभी नहीं हटाया गया है। बुधवार को उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा नगरपालिका अधिशासी अधिकारी, राजस्वकर्मियों की टीम के साथ शक्तिनगर पहुंचे जहां अपनी मौजूदगी में पहले निशान लगवाये गये थे उनकी नपत दोबारा करायी गयी एवं एसडीएम विनय मिश्रा द्वारा पक्के निशान लगवाए गये। साथ ही शक्तिनगर के लोगों की शिकायत थी, नपत के उपरांत नाला टेढ़ा-मेढ़ा बनाया गया है। फिर भी मौहल्ले के लोगों ने शिकायत की। इस पर तत्कालीन जिलाधिकारी द्वारा राजस्ट टीम भेजकर नपत करायी गयी पर इसके बावजूद नाला टेढ़ा-मेढ़ा बन गया। साथ ही कुछ लोगों ने उपजिलाधिकारी के जाने के उपरांत अतिक्रमण कर लिया।

# रविन्द्रनाथ टैगोर की जयंती मनाई

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्र गान जन-गण-मन के रचयिता गुरुदेव रविन्द्रनाथ टैगोर की जयंती मनायी गयी। साथ ही पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों के बाद भारत पाकिस्तान युद्ध की संभावना को देखते हुए आम जनता के लिए युद्ध के दौरान स्थानीय सायरन बजने एवं ब्लैक आउट होने पर मॉक ड्रिल के अभ्यास से कैसे सुरक्षित करें, पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने गुरुदेव रविन्द्र नाथ टैगोर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कवि माधव मिश्र ने कहा कि गुरुदेव रविन्द्र नाथ टैगोर दार्शनिक, विश्व प्रसिद्ध कवि, उपन्यासकार, नाटक लेखक, चित्रकार, समाज सुधारक थे, उन्हें गुरुदेव भी कहा जाता है। गुरुदेव रविन्द्र नाथ टैगोर को गीतांजलि के लिए एशिया में पहले नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। गुरुदेव रविन्द्र नाथ टैगोर की दो रचनाएं दो देशों का राष्ट्र गान बनीं। भारत का राष्ट्रगान जन-गण-मन तथा बांग्लादेश का राष्ट्र गान आमार-सोनार-बांग्ला हैं। रविन्द्र नाथ टैगोर का जन्म 07 मई 1861को कोलकाता (कलकत्ता) के जोड़ासांको ठाकुरबाड़ी के सम्पन्न परिवार में हुआ था। पिता देवेन्द्र नाथ टैगोर तथा माता शारदा देवी थीं। प्रारम्भिक शिक्षा प्रतिष्ठित सेंट जेवियर स्कूल में हुई।

# कार व बाइको की भिड़ंत में एक बाइक सवार की मौत दूसरा गंभीर रूप से घायल

**कुंदरकी।** थाना क्षेत्र कुंदरकी मुरादाबाद मार्ग बिस्कुट फैक्ट्री के निकट कार व दो बाइको की भिड़ंत में एक बाइक सवार की मौत दूसरा गंभीर रूप से घायल। बुधवार को 32 वर्षीय नाजिम पुत्र दिलशाद हुसैन निवासी ग्राम बघी गोवर्धनपुर थाना मैनाठेर कुंदरकी से मुरादाबाद बाइक से जा रहा था जहां कार ने बाइक सवार नाजिम को टक्कर मार दी। तथा दूसरा बाईक सबार कमरे हसन पिता मेहंदी हसन निवासी गदीपुर जो मुरादाबाद जा रहा था वह भी चपेट में आ गया जहां बाइक सबार नाजिम की मौके पर ही मौत हो गई तथा दूसरा बाइक सवार कमरे हसन गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे मुरादाबाद जिला अस्पताल ले जाया गया। मृतक नाजिम के दो बच्चे बताए जा रहे हैं। घटनास्थल पर पुलिस पहुंच गई नाजिम की मौत से परिवार में कोहराम मच गया तथा परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।


**IIFL FINANCE**
CIN: L67100MH1995PLC093797
Regd. Office: IIFL House, Sun Infotech Park, Road No. 16V, Plot No.B-23, Thane Industrial Area, Wagle Estate, Thane - 400604
Tel: (91-22) 41035000 • Fax: (91-22) 25806654
E-mail: reach@iifl.com • Website: www.iifl.com

**सोने के गहनों की नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना**

एतद द्वारा सभी संबंधित उधारकर्ताओं को विशेषतया, और आम जनता को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि हम, आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड (''आईआईएफएल'') उन डिफ़ॉल्ट ग्राहकों के सोने के गहनों की नीलामी कर रहे हैं, जिन्होंने पंजीकृत नीलामी सूचनाओं और बार-बार याद दिलाए जाने के बाद भी न तो अपने ऋण का भुगतान नियमित किया और न ही बकाया राशि का भुगतान किया। निम्नलिखित ऋण खातों में गिरवी रखे गये सोने के गहनों की सार्वजनिक नीलामी **12.05.2025** को **सुबह 10 बजे** से निम्नलिखित ज़िला केंद्र **रामपुर-सौकत अली रोड जीएल - ग्राउंड फ्लोर, एचडीएफसी बैंक के पास रामपुर, शौकत अली रोड रामपुर -244901** पर संचालित की जायेगी। स्थान या दिनांक में किसी भी बदलाव (यदि कोई हो) नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित किया जायेगा। अगर किसी कारण से नीलामी यहाँ दी गयी तिथि पर संपन्न न की जा सके या एक ही दिन में पूरी न हो, तो आईआईएफएल को कथित नीलामी समान नियमों व शर्तों के साथ आगे की किसी तारीख़ पर संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। इस स्थिति में कि ग्राहक की मृत्यु हो गई है, नामांकित व्यक्ति या कानूनी उत्तराधिकारी सभी नीलामी शर्तों के अधीन होगा।

**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL24846789, GL27227279, GL32629966, GL32636841, GL34060537, GL34323061, GL25398663, GL25512464, GL25513863, GL28298876, GL28298960, GL32085956, GL32093450, GL32948189, GL32949722, GL33388710, GL33395316, GL34004856, GL34013057, GL34050697, GL34086440, GL34149955, GL34234732, GL34286921, GL34328481.

नीलामी ''जैसा है, जहां है'', ''जैसा है जो है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर आयोजित की जाएगी और आईआईएफएल उक्त सोने के गहनों की गुणवत्ता, शुद्धता, कैरेट, वजन या मूल्यांकन के मामले में ना तो कोई प्रतिनिधित्व करता है, और ना ही कोई वॉरंटी देता है। आईआईएफएल, अपने पूर्ण विवेक से, किसी भी खाते को नीलामी सूची से और किसी भी कार्यवाही को बिना किसी पूर्व सूचना के और बगैर कोई कारण बताए या तो स्थगित कर सकता है या हटा सकता है, और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों या प्रस्तावों को अस्वीकार कर सकता है। डिफॉल्ट करने वाले उधारकर्ताओं गिरवी रखे गए गहनों का विवरण एवं अन्य विवरणों को संबंधित शाखा में प्रदर्शित किया गया है। इस नोटिस को प्रकाशित करने के बाद भी, डिफाल्टर उधारकर्ता के पास ब्याज और किसी भी लागू शुल्क सहित बकाया पूरी राशि चुकाने और अपने ऋण खाते को बंद करने या नियमित करने का विकल्प है। हालाँकि, यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उनके पास नीलामी की तारीख तक का समय है, जिस समय गिरवी रखे गए सोने के गहने बेचे जाएंगे और किसी भी बकाया राशि (यदि कोई हो) को ब्याज और लागत के साथ वापस कर दिया जाएगा। हालाँकि, डिफॉल्टर ऋण, जो इस प्रकाशन के समय या उसके बाद बंद या नियमित किए जाएंगे, उन्हें आनुपातिक रूप में प्रकाशन शुल्क का वहन करना होगा। उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपने नवीनतम बैंक खाते का विवरण दर्ज/अपडेट कराएं, ताकि उन्हें नीलामी से प्राप्त होने वाली अतिरिक्त आय, यदि कोई हो, की वापसी की जा सके।

**विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तों के लिए आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड के संबंधित शाखा कार्यालय से संपर्क करें।**

स्थानः रामपुर
दिनांकः **08.05.2025**

Sd/
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड

# भारतीय क्रिकेटरों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में वीरता के लिए सशस्त्र बलों की सराहना की






**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट बिरादरी ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाये जाने पर 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए बुधवार को देशभक्ति की भावना से एकजुट होकर देश के सशस्त्र बलों के प्रति अटूट समर्थन व्यक्त किया है। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि धर्मो रक्षति रक्षता जय हिंद की सेना 'ऑपरेशन सिंदूर'।

स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने इंस्टाग्राम पर ऑपरेशन सिंदूर की तस्वीर साझा की। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सेना की सराहना की। उन्होंने एक्स पर 'जय हिंद (भारत की जीत)' लिखा और ऑपरेशन सिंदूर की तस्वीर साझा की। पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा और प्रज्ञान ओझा भारतीय सशस्त्र बलों की सार्वजनिक रूप से प्रशंसा करने वालों सबसे आगे थे। उनमें से प्रत्येक ने सोशल मीडिया पर देशभक्ति संदेश साझा किए, सभी ने 'जय हिंद' लिखा।

## केकेआर ने दिया सीएसके को 180 रनों का लक्ष्य

**■ कोलकाता नाइटराइडर्स के अजिंक्य रहाणे ने 48 रन बनाए सीएसके के नूर को 4 विकेट**

**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) ने आईपीएल के 57वें मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को 180 रन का टारगेट दिया है। टीम ने ईडन गार्डन्स स्टेडियम में टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 179 रन बना लिए हैं। मनीष पांडेय 36 रन बनाकर नाबाद लौटे। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 48, आंद्रे रसेल ने 38 और सुनील नरेन ने 26 रन बनाए हैं। नूर अहमद ने 4 विकेट झटके।

रवींद्र जडेजा और अंशुल कंबोज को एक-एक विकेट मिला। मथीशा पथिराना ने पारी के आखिरी ओवर में 6 रन खर्च किए। इन रनों के सहारे कोलकाता ने 20 ओवर में 179 रन का स्कोर बनाया। 19वें ओवर में कोलकाता ने छठा विकेट गंवाया। यहां रिंकू सिंह 9 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नूर अहमद ने आयुष म्हात्रे के हाथों कैच कराया। 17वें ओवर में कोलकाता ने 5वां विकेट गंवाया। यहां आंद्रे रसेल 38 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नूर अहमद ने डेवाल्ड ब्रेविस के हाथों कैच कराया। एमएस धोनी के आईपीएल में 200 डिसमिसल्स हो गए हैं। वे ऐसा करने वाले पहले विकेटकीपर बने हैं। उनके बतौर विकेटकीपर 153 कैच और 47 स्टंपिंग हो गई हैं। 12वें ओवर में कोलकाता ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। अश्विन के ओवर की आखिरी बाल पर मनीष पांडेय ने दो रन लेकर टीम स्कोर 100 पार पहुंचाया। नूर अहमद ने 8वें ओवर में दो विकेट झटके। उन्होंने ओवर की पहली बाल पर सुनील नरेन और चौथी बाल पर अंगक्रिष रघुवंशी को पवेलियन की राह दिखाई। कोलकाता ने पावरप्ले में 67 रन बनाए, नरेन-रहाणे की फिफ्टी पार्टनरशिप टॉस जीतकर बैटिंग कर रही कोलकाता की टीम ने अच्छी शुरुआत की है। टीम ने पहला विकेट गंवाने के बाद पावरप्ले में 67 रन बना लिए, हालांकि गुरबाज का विकेट भी गंवाया। लेकिन रहाणे-नरेन ने फिफ्टी पार्टनरशिप करके टीम को शुरुआती झटके से उबारा। पारी के 5वें ओवर में कोलकाता ने 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया है।



## धर्मशाला में होने वाले आईपीएल मैच के स्थान में हो सकता है बदलाव

**सीमावर्ती राज्यों के हवाई अड्डें बंद करने को लेकर जताई जा रही ऐसी आशंका**

**धर्मशाला, वार्ता।** भारतीय सशस्त्र सेनाओं के पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के नौ आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाये जाने के बाद सीमावर्ती राज्यों के हवाई अढे बंद करने को लेकर ऐसी आशंका जतायी जा रही है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) एतिहायती तौर पर धर्मशाला में पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच होने वाले मैच का स्थान बदलवा कर सकती है। पंजाब किंग्स की ओर से यूनीवार्ता को बताया गया कि अभी तक बीसीसीआई की ओर से मुम्बई इंडियंस के साथ 11 मई को धर्मशाला में होने वाले मैच के स्थान के बदलाव के बारे में आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं दी है। भारतीय सेनाओं की ओर से चलाये गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद से दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए ही जम्मू-कश्मीर और लद्दाख से लेकर पंजाब, हिमाचल प्रदेश के हवाई अढे बंद किये जाने पर ऐसा माना जा रहा है कि धर्मशाला में होने वाले मैच को कई अन्यत्र स्थानांतरित किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच 11 मई को मैच होना है।

## IPL आचार संहिता उल्लंघन के लिए पांड्या, नेहरा पर लगा जुर्माना



**मुंबई, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 56 मैच के दौरान धीमे ओवर रेट के लिए मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या और उनकी पूरी टीम तथा गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा पर आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। मंगलवार रात वानखेड़े स्टेडियम में मुम्बई इंडियंस और गुजरात टाइटन्स के बीच खेले गए मैच में धीमी ओवर गति के लिए हार्दिक पांड्या पर जुर्माना लगाया गया है। चूंकि आईपीएल की न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित आचार संहिता के तहत उनकी टीम का सीजन का दूसरा अपराध है इसलिए पांड्या पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इम्पैक्ट प्लेयर और कन्कशन सब्सटीट्यूट सहित मैच खेल रही टीम के सभी सदस्यों पर व्यक्तिगत रूप से छह लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, जुर्माना लगाया गया। वहीं गुजरात टाइटन्स के मुख्य कोच आशीष नेहरा पर आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।




## निशानेबाजी में वेदांत उर्वा ने जीते स्वर्ण पदक

**● वेदांत ने 452.5 अंकों के साथ स्वर्ण जीतकर देश का नाम रोशन किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की निशानेबाजी प्रतियोगिता के तीसरे दिन बुधवार को महाराष्ट्र के वेदांत नितिन ने 50 मीटर थ्री पोजीशंस राइफल (पुरुष युवा वर्ग) में और उत्तर प्रदेश की उर्वा चौधरी ने 10 मीटर एयर पिस्टल (महिला युवा वर्ग) में स्वर्ण पदक जीते।

यहां कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर वेदांत ने 452-5 अंकों के साथ स्वर्ण, हरियाणा के रोहित कन्यन ने 451-9 अंकों के साथ रजत और पंजाब के अमितोज सिंह ने 440-1 अंकों के साथ कांस्य पदक हासिल किया। उत्तर प्रदेश की उर्वा चौधरी ने 10 मीटर एयर पिस्टल (महिला युवा वर्ग) में शानदार प्रदर्शन करते हुए 237.7 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। स्वर्ण पदक जीतने के बाद वेदांत ने कहा कि मैं पिछली खेलो इंडिया प्रतियोगिता में एक बार पांचवें स्थान पर था, इसलिए इस बार थोड़ा नर्वस था, लेकिन अब जब मैंने स्वर्ण पदक जीता है, तो यह बहुत खास है। मैं 2022 से खेलो इंडिया से जुड़ा हूं और सरकार की आर्थिक सहायता से चीजें काफी आसान हो गई हैं। मैंने पहले भी भाग लिया है, लेकिन इस बार बिहार सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाएं सराहनीय हैं।

**खेल विशेष**

## द. अफ्रीका को हराकर भारतीय महिला टीम त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में

**कोलंबो, वार्ता।** जेमिमाह रॉड्रिग्स (123) की शतकीय, दीप्ति शर्मा (93) और स्मृति मंधाना (51) की अर्द्धशतकीय पारियों के बाद अमनजोत कौर की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय महिला टीम ने बुधवार को त्रिकोणीय श्रृंखला के पांचवें मुकाबले में द. अफ्रीका की महिला टीम को 23 रनों से हरा दिया है। तीन हार के साथ दक्षिण अफ्रीका त्रिकोणीय श्रृंखला से बाहर हो गई। भारत रविवार को फाइनल मुकाबले में श्रीलंका से भिड़ेगा। 338 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी द. अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसने अपना पहला विकेट लारा गुडॉल (चार)रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद मियान स्मिट ने तेजमिन ब्रिट्स के साथ दूसरे विकेट के लिए 63 रन जोड़े। 15वें ओवर में अमनजोत कौर ने तेजमिन ब्रिट्स (26) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। मियान स्मिट (39) को दीप्ति शर्मा ने आउट किया। नोंडुमिसो शंघासे (36) के रूप में द. अफ्रीका का चौथा विकेट गिरा। सिनालो जाफ्टा (21) रन बनाकर आउट हुई। एन डर्कसन ने 80 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए (81) रन बनाये। कप्तान क्लोई ट्राइऑन 43 गेंदों में (67) रन को दीप्ति शर्मा ने बोल्ड कर द. अफ्रीका के मैच जीतने की उम्मीदों को ध्वस्त कर दिया। 48 ओवर के बाद कम रोशनी को लेकर अंपायर हरमनप्रीत कौर और बल्लेबाजों से बात की। और खराब रोशनी के कारण मैच रुक गया है। रोशनी में सुधार के बाद मैच फिर से शुरु हुआ। लेकिन द.अफ्रीका की टीम निर्धारित 50 ओवरों में 7 विकेट पर 314 रन ही बना सकी।



## पेट्रा ने इटालियन ओपन में पहली जीत दर्ज की

**■ क्वितोवा ने रोमानिया की इरिना को 7-5 और 6-1 से हराया**

**रोम, वार्ता।** दो बार की विंबलडन चैंपियन और चेक गणराज्य की टेनिस खिलाड़ी पेट्रा क्वितोवा ने अपने पहले बच्चे के जन्म के बाद इटालियन ओपन मुकाबले में पहली जीत दर्ज की है। रोम में इटालियन ओपन के पहले दौर में चेक गणराज्य की खिलाड़ी क्वितोवा ने रोमानिया की इरिना-कैमेलिया बेगू पर सीधे सेट 7-5, 6-1 से जीत दर्ज की।

पेट्रा क्वितोवा ने महिला टेनिस संघ (डब्ल्यूटीए) को मैच के बाद कहा कि मुझे 95 प्रतिशत लग रहा था कि मैं कोर्ट में कभी वापस नहीं लौट पायेगी। उस समय मैं टेनिस से ऊब चुकी थी। मैं सोच रही थी 'मैं अब और नहीं खेल सकती' इसलिए हमने बच्चे के लिए प्रयास करने का फैसला किया। क्वितोवा टूर्नामेंट के दूसरे दौर में ट्यूनीशिया की विश्व नंबर 36 की ओन्स जबूर से भिड़ेगी। दूसरे मैच में, ब्रिटेन की सोनय कार्टल ने दो घंटे 10 मिनट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बिरेल को 4-6, 6-3, 6-4 से हराया।

## मिशेल ओवेन को चोटिल मैक्सवेल की जगह पंजाब टीम में मिली जगह




**मुझे लगता है कि हम सभी इस सत्र के अंतिम चरण के लिए ओवेन को लेकर खुश है: रिकी पोंटिंग**

**धर्मशाला, वार्ता।** चोटिल ग्लेन मैक्सवेल की जगह ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिशेल ओवेन को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेष सत्र के लिए पंजाब किंग्स की टीम में शामिल किया गया है।

पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने 23 वर्षीय ओवेन का टीम में स्वागत करते हुए कहा कि मुझे लगता है कि हम सभी इस सत्र के अंतिम चरण के लिए मिशेल ओवेन को अपनी टीम में शामिल करके बहुत खुश हैं। वह एक ऐसा खिलाड़ी है जिसे मैंने पिछले 12 महीनों में बहुत करीब से देखा है।

वह ऐसा खिलाड़ी है जो अलग-अलग क्रम पर बल्लेबाजी कर सकता है और साथ ही कुछ बहुत ही उपयोगी मध्यम गति की गेंदबाजी भी कर सकता है। मैं उसे टीम का हिस्सा बनाकर वास्तव में उत्साहित हूं और जल्द से जल्द उसके यहां आने का इंतजार कर रहा हूं। तीन करोड़ रुपये में पंजाब किंग्स में शामिल हुए ओवेन ने 34 टी-20 मैचों में कुल 646 रन बनाए हैं और 10 विकेट लिए हैं। उनके नाम दो शतक भी हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 108 है।

## रोहित ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया

**भारत के लिए अब केवल रोहित शर्मा एकदिवसीय में जारी रखेंगे खेलना**



**नई दिल्ली, वार्ता।** टीम इंडिया के नियमित कप्तान रोहित शर्मा ने तत्काल प्रभाव से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। इससे अब सबसे लंबे प्रारूप में उनके भविष्य को लेकर चल रहीं अटकलों पर विराम लग गया है। रोहित टेस्ट प्रारूप में भारत के सबसे सफल बल्लेबाज हैं, जिन्होंने 67 टेस्ट मुकाबलों में 12 शतकों और 18 अर्धशतकों की मदद से 40.57 के औसत से 4301 रन बनाए। रोहित ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान अपने सोशल मीडिया हैंडल से किया। उन्होंने इंस्टा स्टोरी पर अपनी टेस्ट कैप की तस्वीर साझा की और कैप्शन में लिखा कि मैं आप सभी साथियों को बताना चाहता हूं कि मैं टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले रहा हूं। इस प्रारूप में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं वनडे में भारत के लिए खेलना जारी रखूंगा। भारत को टी-20 विश्व कप 2024 का खिताब जिताने के बाद रोहित शर्मा ने विराट कोहली के साथ इस प्रारूप से संन्यास का ऐलान कर दिया था। भारत ने यह खिताब दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर अपने नाम किया था। भारतीय टीम को दूसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब दिलाने के बाद दोनों दिग्गजों ने टी-20 से संन्यास लेकर सभी को चौंका दिया था। अब 38 वर्षीय बल्लेबाज ने क्रिकेट से लंबे प्रारूप से संन्यास की घोषणा कर दी है। अब वह सिर्फ वनडे में भारत का नेतृत्व करते नजर आएंगे। रोहित के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद यह साफ हो गया है कि इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टीम को नया टेस्ट कप्तान मिलेगा। इस दौड़ में बुमराह, केएल राहुल, शुभमन गिल और ऋषभ पंत सबसे आगे चल रहे हैं। इस सीरीज की शुरुआत जून में होगी। रोहित 2024-25 सीजन के दौरान खराब दौर से गुजरे। उन्होंने 15 मैचों में 10.83 के औसत से 164 रन बनाए। रोहित बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान खराब फॉर्म में थे। इसके बाद वह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच में अपने बेटे के जन्म के कारण नहीं खेले थे। एडिलेड में हुए दूसरे टेस्ट के दौरान जब रोहित वापस आए तो उन्होंने ओपनिंग नहीं की और यशस्वी जायसवाल तथा केएल राहुल को पारी का आगाज करने भेजा। रोहित की अनुपस्थिति में पहले टेस्ट में यशस्वी और राहुल की जोड़ी ने 201 रनों की साझेदारी की थी। रोहित छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे, लेकिन संघर्ष करते दिखे। ब्रिसबेन में खेले गए तीसरे टेस्ट में उन्होंने महज 10 रन बनाए। इसके बाद रोहित ने शीर्ष क्रम में वापसी की, लेकिन वहां भी असफल रहे।

## मार्केज ने जून में प्रशिक्षण लेने वाले 28 सदस्यीय भारतीय फुटबॉल टीम की घोषणा की

**■ भारत क्वालीफायर के ग्रुप-सी में बांग्लादेश हांगकांग चीन और सिंगापुर के साथ है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच मनोलो मार्केज ने एएफसी एशियाई कप 2027 क्वालीफायर को लेकर बुधवार को आगामी 18 मई से कोलकाता में शुरु होने वाले प्रशिक्षण शिविर के लिए 28 सदस्यीय संभावित दल की घोषणा की। भारत एएफसी एशियाई कप 2027 के अंतिम दौर के क्वालीफायर के ग्रुप सी में बंगलादेश, हांगकांग चीन और सिंगापुर के साथ है। भारतीय टीम की अगली बड़ी चुनौती 10 जून को काई टेक स्पोर्ट्स पार्क में हांगकांग, चीन के साथ होने वाले मैचों को लेकर है। हांगकांग के खिलाफ एशियाई कप क्वालीफायर की तैयारी के हिस्से के रूप में भारतीय टीम का कोलकाता में 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर होगा। भारतीय टीम चार जून को थाईलैंड के खिलाफ फीफा अंतर्राष्ट्रीय मैत्रीपूर्ण मैच खेलने के लिए बैंकॉक रवाना होगी। इसके बाद टीम एशियाई कप क्वालीफायर के लिए हांगकांग जाएगी।

# महिला ने फांसी लगाकर दी जान पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा



**कांठ (शाह टाइम्स)** किसी बात से नाराज महिला ने दुपट्टे का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी पुलिस ने महिला के शब को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र के गांव महदूद कलमी निवासी कलवा का विवाह करीब 6 साल पहले राजीपुर गांव की जया के साथ हुआ था। कलुआ जाति से गुजर है और जया सैनी समाज की है इस बीच में उनके एक लड़का हुआ जो करीब 2 साल का है रात को जया परिवार के साथ ठीक-ठाक सोई थी लेकिन सुबह को कमरे का दरवाजा न खुलने पर परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने विंडो से झांककर देखा तो महिला को पंखे के कुंडे से लटका हुआ पाया दरवाजा तोड़कर परिजनों ने शब को नीचे उतार लिया मृतका के मायके वालों को भी इसकी सूचना दी गई बताया गया कि मायके वालों की सहमति से ही महिला के अंतिम संस्कार की तैयारी कर दी गई। लेकिन किसी ने उच्चा अधिकारियों को फोन कर घटना से अवगत कराया इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शब को कब्जे में ले लिया सूचना मिलने पर सीओ सहित आला अधिकारी भी घटना स्थल पर पहुंचे और शब को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। एक तरफ महिला की मौत से गांव में शोक का माहौल हो गया, वहीं दूसरी ओर मृतक के 2 साल के पुत्र को देखकर भी लोगों की आंखें नम हो गई।

# शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, सामान जलकर राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूढ़ापांडे।** मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव दलपतपुर में ग्रामीण के घर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई, जिससे घर में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया, पीड़ित के जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर में ऊपर कमरे में सो रहा था, परिवार के अन्य सदस्य घर के एक कमरे में नीचे सोए रहे थे, इसी दौरान शॉर्ट सर्किट से घर में आग लग गई, परिवार को आग लगने का पता ऊंची लपटे उठने के बाद चला, जिसके कारण आग बेकाबू हो गई, शोर शराबा सुनकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई, ग्रामीणों की मदद से परिवार ने आग पर काबू पाने की काफी कोशिश की लेकिन, घर का सामान जलकर राख होने तक आग बुझाने में कामयाबी नहीं मिल पाई, जिसके कारण पीड़ित परिवार का लाखों का नुकसान हो गया, पीड़ित मासुक का कहना है कि जब उसे कमरे में सोते हुए घुटन महसूस हुई तो तुरंत आंख खुल गई जब देखा तो कमरे के अन्दर धुंआ ही धुंआ था।



## परिवार अंदर सो रहा बाहर से किसी ने कुंडी लगाकर घर में लगा दी आग

**कांठ( शाह टाइम्स )** टांडा निवासी मोमिन का घर बीच गांव में है बताया गया की रात में 12:30 बजे के करीब उसके घर के खिड़की दरवाजों पर टंगे पर्दों में आग लग गई परिवार के लोगों ने घर से बाहर निकलना चाहा तो घर की कुंडी आगे से लगी मिली परिवार की लड़की छत पर सोई हुई थी आग लगी देखकर उसने शोर मचाया तो आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और घर का दरवाजा खोलकर लोगों को बाहर निकालते हुए आग को बुझा लिया। ग्रामीणों ने इस घटना पर आश्चर्य व्यक्त किया लेकिन कोई बड़ा नुकसान न होने और किसी से कोई नाराजगी न होने के कारण मोमिन के परिवार ने कानूनी कार्यवाही करना उचित नहीं समझा जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन गृह स्वामी द्वारा कार्रवाई करने से इनकार करने पर वापस लौट आई लेकिन गांव में इस तरह हुई घटना को लेकर लोगों में काफी चर्चा है।

## एक नजर

### नारद जी भक्तों की बात को भगवान तक पहुंचाने का करते है कार्य

**बिलारी।** बहोरनपुर नरौली स्थित प्रेम शांति इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव ने नारद जयंती के उपलक्ष में छात्रों को मुनि नारद जी से संबंधित बोधकथा सुना कर उनके विषय में विस्तार से बताया। बुधवार को आयोजित बाल सभा में बोध कथा के माध्यम से प्रधानाचार्य विजयपाल सिंह राघव ने देवताओं के देव देवर्षि नारद जी के विषय में विस्तार से बताते हुए कहा कि नारदजी श्री विष्णु हरि के परम भक्त है और उनका मुख्य उद्देश्य भक्तों की पुकार को श्री विष्णु हरि तक पहुंचाना है। नार शब्द का अर्थ जल और ज्ञान होता है। नारद जी प्राणी मात्र को जल दान, ज्ञानदान, तर्पण करने में मदद करते हैं इसीलिए वह नारद कहलाए। एक पौराणिक कथा के अनुसार नारद जी बैकुंठ धाम गए और श्रीहरि को प्रणाम कर कहा कि प्रभु मैं दुखी हूं मैं देख रहा हूं कि पृथ्वी पर धर्म के मार्ग पर चलने वाले लोग दुखी हैं और उनका भला नहीं होता। तब श्री हरि ने कहा कि देवर्षि ऐसा नहीं है। यह सब नियति के अनुसार है और सृष्टि चक्र का ड्रामा है। जिससे हर किसी को गुजरना है। इंसान के कर्म से उसका भाग्य तय होता है और कर्म से बढ़कर कुछ नहीं है। श्री आचार्य ने आगे कहा कि देवर्षि नारद जी का जन्म सृष्टि रचयिता श्री ब्रह्मा जी की गोद में हुआ था। श्री देवर्षि नारद को ब्रह्म के सात मानस पुत्रों में एक माना जाता है। नारद जी को देवताओं का ऋषि मानते हुए और तीनों लोकों में विचरण करने के कारण उन्हें देवर्षि कहा जाता है। बोध कथा में मुख्य रूप से आदित्य राघव अनिल चौहान अमित कुमार भारत राधेश्याम रंजीत कृष्ण पाल उमेश अंकल अंकुश विनीत विजय कुमार सुषमा राघव, ज्योति, परीक्षा सजल राघव काजल रचना शीतल आदि सहित अनेको छात्र ने भाग लिया।

### बारात में आए युवक को मारपीट करके किया घायल

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बारात में आए युवक को मारपीट करके बुरी तरह से घायल कर दिया। तहरीर के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। उत्तराखंड के बाजपुर निवासी रघुनाथ पुत्र दुर्जन सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया कि 6 मई को शाम करीब 9:30 बजे बीरमपुर गांव में बारात आई थी। उसी बारात में उनका बेटा मोहित भी था, जहां गांव के अकरम, असलम, गुड्डू पुत्रगण आशिक अली ने मारपीट शुरू कर दी। उसके बेटे के सिर में ईंट मारी। इससे उसके चोटें आई, बाद में आरोपी धमकी देकर चले गए। तहरीर के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

### शिक्षण संस्थान से चोरों ने सरिया और जनरेटर चुराया

**बिलारी।** अभनपुर रोड ढकिया नरु स्थित चौधरी चरण सिंह स्मारक एवं शिक्षण संस्थान में चोरों ने पिछली दीवार को तोड़कर 5 केवीए का जनरेटर, 6 कुंटल सरिया चुरा लिया। शिक्षण संस्थान में 51 फीट ऊंची चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा लगी हुई है। यहां पर निर्माण कार्य चल रहा है लिहाजा सामान रखा हुआ था। इस मामले को लेकर जाट महासभा के पूर्व तहसील अध्यक्ष सुनील कुमार पुत्र फकीरचंद निवासी हरोरा के अलावा भूरे सिंह फौजी, आनंद वीर सिंह आदि ने रिपोर्ट दर्ज करने को तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### 16 साल की युवती को मारपीट करके किया घायल

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 16 साल की किशोरी को मारपीट करके बुरी तरह से घायल कर दिया। वहीं उसके साथ अश्लील हरकतें भी की। तहरीर के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। एक गांव के रहने वाले ग्रामीण ने मुकदमा दर्ज कराया की 6 मई को शाम 5 बजे उसकी 16 वर्षीय बेटी पप्पू पुत्र लाखन सिंह के घर के सामने पहुंची तो पप्पू, रमेश, लाखन आदि ने उसकी बेटी को रास्ते में घेरकर गंदी गालियां देनी शुरू कर दी। जब गाली देने को मना किया तो बदनियति से उसके कपड़े फाड़ दिए और मारपीट कर हड्डी भी तोड़ दी। शोर शराबे पर उसकी दूसरी बेटी मौके पर पहुंची तो उसके भी कपड़े फाड़कर सड़क पर गिरा दिया और मारपीट की, बाद में आरोपी गाली गलौज का जान से मारने की धमकी देकर चले गए। बिलारी अस्पताल पहुंचने पर उसका इलाज कराया गया। तहरीर के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी।

### नाबालिग युवती को लेकर परिजनों ने किया पुलिस चौकी पर विरोध प्रदर्शन

**अगवानपुर।** नगर पंचायत अगवानपुर के मोहल्ला वाल्मीकि बस्ती से तीन दिन पहले मोहल्ला सराय फारूक निवासी राहुल कुमार, एक नाबालिक 14 वर्षीय युवती को लेकर फरार हो गया उसी को लेकर बीती रात युवती के परिजनों ने युवक पर युवती को बहला फुसलाकर कर ले जाने का आरोप लगाते हुए बीती रात अगवानपुर पुलिस चौकी पर धरना प्रदर्शन किया। जिसपर पुलिस ने युवती को तो बरामद कर लिया लेकिन युवक अभी भी फरार है उसी को लेकर युवती के परिवारजनों ने चौकी पर धरना प्रदर्शन कर युवक को पकड़ने की मांग की अभी तक युवक पुलिस के हाथ नहीं लगा है परिजनों से बात करने पर लड़की की मां ने मीडिया को बताया कि मोहल्ला सराय फारूक निवासी राहुल 22 वर्ष, मेरी 14 वर्षीय बेटी को तीन दिन पहले घर से बहला फुसलाकर ले गया। जिसकी हमने अपनी बेटी को अगवा कर ले जाने की पुलिस को तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने मेरी बेटी को तो बरामद कर लिया लेकिन आरोपी युवक को अभी तक नहीं पकड़ पाई। शायद पुलिस पैसे के बल पर आरोपी युवक को बचाना चाहती है इसी लिए हम ने पुलिस चौकी का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया है। हम चाहते हैं कि पुलिस आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर सख्त से सख्त सजा दे। अगर पुलिस अपनी कार्यशैली में ढील डालती है तो हम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव करेंगे।

### बीआईएस प्रथम गतिविधि मानक लेखन प्रतियोगिता

**कुंदरकी।** बुधवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कुंदरकी में बी आई एस की प्रथम गतिविधि मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गतिविधि में बी आई एस की छात्राओं द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता में गानिया सैफी और राधिका को प्रथम पुरस्कार, कुमारी इल्मा और खतीजा को द्वितीय पुरस्कार एवं समरीन और सोफिया को तृतीय पुरस्कार दिया गया तथा सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम का संचालन बी आई एस क्लब प्रभारी कुमारी शिवानी आर्या प्रवक्ता द्वारा किया गया। पुरस्कार वितरण डॉक्टर कमल जुगलान प्रधानाचार्या श्रीमती शशिबाला मैडम, श्रीमती अनुज्ञा भारती ,श्रीमती स्वाति राठी एवं श्रीमती स्मृति सैनी मैडम द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।




## बाइकों के आपस में टकराने पर दो घायल

**कांठ।** बाइको के आपस में टकराने पर दो युवक घायल हो गए जिन्हें सरकारी अस्पताल भेजा गया वहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। बताया गया कि गौरव पुत्र सतपाल निवासी सिरसा और अभिषेक पुत्र चंद्रपाल निवासी रसूलपुर अपनी अपनी बाइकों से जा रहे थे जैसे ही वह स्टेशन रोड स्थित वेलकम कॉलोनी के सामने पहुंचे दोनों की बाइक आपस में टकरा गई जिससे दोनों सड़क पर गिर गए और उनके काफी चोट आई। आसपास के लोगों ने उन्हें सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

कुल मिलकर आपस में टकराई बाईको से कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हो पाई बाइक सवार बिना हेलमेट के बाइक चलाते बताए जा रहे हैं।

## सड़क हादसे में बाईक सवार दो युवक घायल



**मूढ़ापांडे।** मूंढापांडे थाना क्षेत्र के दलपतपुर अलीगंज मार्ग स्थित चमंडु मंदिर के करीब बिक्रम ने बाईक में पीछे से टक्कर मार दी टक्कर लगने से बाईक का संतुलन बिगड़ गया , बाईक रोड पर जा गिरी बिक्रम चालक बाईक को रौंदता हुआ चला गया, जिसमें जिला रामपुर , सहदनगर चौकी क्षेत्र के रहने वाले तालेवर पुत्र किशोरी नासिर गार्डन नगला गांव के पास शादी में जा रहा था और सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया, वहीं यासीन पुत्र अजीम निवासी दलपतपुर थाना मूंढापांडे दलपतपुर बाईक सवार का भी संतुलन बिगड़ गया और वह भी बाईक सहित नहर में जा गिरा और घायल हो गया, सड़क हादसे की सूचना पर थाना प्रभारी राजीव कुमार शर्मा पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को एम्बुलेंस के द्वारा जिला अस्पताल के लिए भिजवाया, क्षतिग्रस्त बाईक को पुलिस ने दलपतपुर चौकी भिजवाया और आगे की वैधानिक कार्यवाही में जुट गई है।

## खनन माफियाओं ने किसान को पीटा, हालत गंभीर

**डिलारी।** थाना क्षेत्र के गांव सहसपुरी में खनन माफिया ने किस को बेदर्दी से पीट दिया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। घटना से गांव में सनसनी फैल गई।

बुधवार की सुबह 4:35,बजे गांव निवासी किसान जसवंत सिंह अपने ट्रैक्टर से खेत को जोत रहा था, तभी पड़ोस में खनन माफिया पुलिस से साठ गांठ, कर मशीन से मिट्टी की खुदाई कर ट्रालियों में भरकर प्रतिदिन की भांति मिट्टी बेचने ले जा रहे थे, खनन माफियाओ ने शक करते हुए , अवैध खनन की सूचना पुलिस प्रशासन को दे देगा, निर्दोष किसान को सरियो से पीटना शुरू कर दिया, जिससे जसवंत की हालत गंभीर हो गई, गंभीर अवस्था में पीड़ित ने थाना डिलारी पहुंच कर खनन माफिया के नाम तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की, घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कर दिया, हालत बिगड़ी देखते रात डॉक्टर ने जिला अस्पताल को रेफर कर दिया, पुलिस ने मशीन समेत खनन माफिया को पड़कर बिना कार्यवाही के छोड़ दिया, बिना कार्यवाही के थाने से जाते ट्रैक्टर और मिट्टी की खुदाई की मशीन का वीडियो बनाकर फरियादी ने सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया।

## अपना दल एस की बैठक में पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर

**कांठ ( शाह टाइम्स )** अपना दल एस की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन रसूलपुर चौहरा में जिला अध्यक्ष कलीम अख्तर अंसारी एवम शुभम शर्मा के संचालन में किया गया। बैठक में जिला से लेकर विधानसभा एवं बूथ स्तर तक संघटन को धार देने और सदस्यता अभियान को गांव गांव में डोर टू डोर जाकर चलाने पर चर्चा की गई । बताया कि जल्द ही सेक्टर अध्यक्ष बनाए जाएंगे और संघटन का तेजी से विस्तार किया जाएगा । बैठक में गेंदा लाल पासी, नवदीप सिंह, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मंच संभल सिफत जहरा , जिला महासचिव अंकित सपड़ा, जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार,जिला अध्यक्ष महिला मंच खुशबु शर्मा, जिला अध्यक्ष व्यापार मंच अनिल कुमार, जिला अध्यक्ष युवा मंच ऋतु करण सिंह, जिला अध्यक्ष किसान मंच पाकेश चौहान, विधानसभा अध्यक्ष कांठ जुबैर अंसारी, विधानसभा अध्यक्ष ठाकुरद्वारा इंजीव महफूज हुसैन वर्षा चौहान, जिला सचिव मीतू पाल,मंगल सिंह बहेलिया, आदि लोग उपस्थित रहे।



गृह मंत्रालय, भारत सरकार एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के निर्देशों का किया पालन

# पुलिस लाइन में आपातकालीन स्थिति के बचाव के लिए मॉकड्रिल सम्पन्न







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** गृह मंत्रालय, भारत सरकार एवं नागरिक सुरक्षा विभाग, उ०प्र० शासन द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुसार नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल के अंतर्गत मुरादाबाद क्षेत्र में दिनांक 07.05.2025 को पूर्वाहन 9:30 बजे पुलिस लाइन में नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया है। नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल का लक्ष्य नागरिकों को आपात स्थिति में व्यवस्थित और त्वरित प्रतिक्रिया देना है, इसमें हवाई हमले की चेतावनी (सायरन), ब्लैक आउट, निकासी (Evacuation), प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराया जाना जैसे अभ्यास शामिल हैं। इस ड्रिल में नागरिक सुरक्षा, एसडीआरएफ, एनसीसी, एनएसएस इत्यादि दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। ड्रिल के दौरान उपस्थित लोगों को आपातकालीन स्थिति से विभिन्न बचावों के तरीकों के बारे में बताया गया, जिसमें प्राथमिक उपचार, त्वरित राहत संबंधी उपचार, आग से बचाव संबंधित, सीपीआर कैसे दिया जाए आदि तरीकों के बारे में बताया गया। इसके साथ ही बिल्डिंग, कॉलैप्स के समय कैसे बचा जाए, कैसे ड्रॉप कवर होल्डिंग तरीके का इस्तेमाल कर जान बचाई जा सके के बारे में बताया गया। इसके साथ ही मॉक ड्रिल में दिखाया गया कि आपातकालीन परिस्थिति में कैसे मेडिकल टीम कार्य करती है, उसके बारे में भी गताया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह ने कहा कि आज हमने इस मॉक ड्रिल के माध्यम से बचाव के विभिन्न तरीकों को सीखा, अगर कोई युद्ध सरीखी स्थिति उत्पन्न होती है तो कैसे रिएक्ट कर बचाव किया जा सकता है।

सुरक्षित स्थान/शरणस्थल निकटतम की जानकारी रखें, अपने घर में मजबूत बिना खिड़की वाला कमरा तैयार रखें, शरणस्थल तक जल्दी पहुँचने का रास्ता पहले से तय करें, जरूरी वस्तुएँ तैयार रखें, पीने का पानी (कम से कम 3 दिन का स्टोर करके रखें), सूखा भोजन (बिस्किट, ड्राई फ्रूट्स आदि), प्राथमिक चिकित्सा किट, टॉर्च और एक्स्ट्रा सेल, पोर्टेबल रेडियो, जरूरी दस्तावेज (आईडी, मेडिकल रिपोर्ट, बैंक डिटेल्स), मोबाइल चार्जर, पावर बैंक, अंधेरा और सुरक्षा, रात में सभी लाइटें बंद रखें, (ब्लैकआउट), खिड़कियों पर मोटे पर्दे, काले कागज या ब्लाइंड लगाएँ, शीशे से दूर रहें, जमीन पर लेट जाएँ। अभ्यास और तैयारी के लिए परिवार के साथ हवाई हमले की ड्रिल करें, बच्चों को सुरक्षित स्थान और प्रक्रिया सिखाएँ, पड़ोसियों के साथ आपसी सहयोग सुनिश्चित करें, हमले के बाद क्या करें, बाहर तभी निकलें जब सरकारी निर्देश मिले, घायल हों तो प्राथमिक उपचार करें, संदिग्ध वस्तु या बम दिखे तो छुए नहीं तुरन्त पुलिस को सूचित करें। आज आयोजित हुई अभ्यास एक मॉक ड्रिल है एवं इसका उद्देश्य आबादी क्षेत्रों में इस बात की सजगता फैलाना था कि भविष्य में किसी हवाई हमले के युद्ध अथवा अन्य संभावनाओं की दशा में उन्हें किस प्रकार से कार्य व्यवहार करना होगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी अनुज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सतपाल अंतिल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्रीमती ममता मालवीय, एसपीआरए, एसपी ट्रैफिक श्री सुभाष चन्द गंगवार, मुख्य कोषाधिकारी श्रीमती रेनु बौद्ध, पीडी डीआरडीए, जिला विकास अधिकारी, ज्वाइंट कमिश्नर इंडस्ट्रिज सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगण व आमजनमानस उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय शिक्षा के स्थान पर बना मतभेदों का अखाड़ा

**चन्दौसी।** रुहेलखंड विश्वविद्यालय का पहला कॉलेज जहां से पढ़े छात्र देश के सर्वोच्च पदों तक पहुंचे और कॉलेज का नाम रोशन किया परंतु अब वही कॉलेज आपसी मतभेद का अखाड़ा बन गया है। एक समय था जब कि चन्दौसी के एस.एम. कॉलेज में कई जनपदों के छात्र-छात्राएं अध्ययन के लिए आते थे क्योंकि कॉलेज में ए.के. आनंद, सोडी साहब, अवस्थी, एच.एन. पाण्डे, एस.के. सक्सैना से लेकर जे.पी. तिवारी जैसे प्रोफेसर विद्यार्थियों को पढ़ाया करते थे। हजारों छात्र कॉलेज में पढ़कर इंजीनियर, आईएएस, पीसीएस, आईपीएस, राजनेता, प्रोफेसर आदि बने परंतु आज उसी कॉलेज में प्रोफेसरों की कमी है। साथ ही आपसी कलह के चलते कॉलेज मतभेदों का अखाड़ा बन गया है। लॉ एंड ऑर्डर नहीं माना जा रहा है, जब-जब आयोग से प्राचार्य आये तो उनका कार्यकाल पूरा न होना कॉलेज के लिये आम बात है। कॉलेज की प्रबंधन समिति व प्राचार्य के बीच तालमेल न बैठना कॉलेज के हित में नहीं है। सरकार सभी शिक्षकों को वेतन देती है पर कॉलेज परिसर में कार्यालय में ताला डाल देना, सील कर देना समस्या का समाधान नहीं है। दोनों पक्षों के मध्य विवाद समाप्ति होकर शिक्षा का सही संचालन होना चाहिए। इधर प्रबंध समिति के सचिव का आरोप है कि प्राचार्य डा0 दानवीर सिंह यादव और प्रोफेसर डा0 प्रवीण कुमार को बहाल करने का अधिकार कुल सचिव व कॉलेज प्रबंधन समिति को है। बर्खास्त प्राचार्य जबरन कॉलेज में आकर प्राचार्य की कुर्सी पर बैठ गये और परीक्षा कक्षों में जाकर अवलोकन करने लगे जो कि नियम विरुद्ध है जिससे उन्हें पुन: निलंबित कर दिया गया।

## आईएफटीएम की दो छात्राओं ने यूजीसी नेट सीएसआईआर- 2024 व एक छात्रा ने गेट-2025 की परीक्षा पास कर किया विश्वविद्यालय का नाम रोशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय की 02 छात्राओं रिया अस्थाना, अर्चना भारती ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएस आईआर) तथा यूजीसी नेट की संयुक्त दिसंबर 2024 एवं छात्रा श्वेता सिंह ने आईआईटी रुड़की द्वारा आयोजित अभियांत्रिकी स्नातक अभिक्षमता (गेट)- 2025 की परीक्षा पास कर विश्वविद्यालय और अपने परिजनों का नाम रोशन किया है। छात्राओं की इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री राजीव कोठीवाल, प्रतिकुलाधिपति श्री अभिनव कोठीवाल एवं कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने बधाई देते हुए उन्हें उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विश्व. विद्यालय के कुलपति प्रो. पाण्डेय ने कहा कि छात्राओं की इस उपलब्धि से निश्चित ही अन्य विद्यार्थी भी प्रेरित होंगे। प्रो. पाण्डेय ने बताया कि मेधावी विद्यार्थी किसी भी शिक्षण संस्थान के लिए ब्रांड एम्बेसडर की तरह होते हैं। कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने छात्राओं की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों में



श्वेता सिंह रिया अस्थाना अर्चना भारती

प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, केवल उनकी प्रतिभा को निखारने में अध्यापकों द्वारा ससमय उचित मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। लेकिन की जिम्मेदारी की होती है। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों की सफलता से शिक्षण संस्थानों के गुणवत्ता की पहचान होती है। स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. तंजील अहमद ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि एमएससी, बायोटेक्नोलॉजी की छात्रा रिया अस्थाना ने सीएसआईआर यूजीसी नेट-दिसंबर 2024 की जूनियर रिसर्च फेलो तथा लेक्चरशिप की श्रेणी में आल इंडिया 29वीं रैंक एवं एम.एससी, माइक्रोबायोलॉजी की छात्रा अर्चना भारती ने जूनियर रिसर्च फेलो एवं लेक्चरशिप की परीक्षा पास करने में सफलता प्राप्त की है, वहीं एमएससी, बायोटेक्नोलॉजी की छात्रा श्वेता सिंह ने अभियांत्रिकी स्नातक अभिक्षमता (गेट)- 2025 की परीक्षा पास की है। उन्होंने जानकारी दी कि यदि ये छात्राएं भविष्य में किसी विश्वविद्यालय से पी. एचडी करती हैं, तो इन्हें पी.एचडी के दौरान सरकार की ओर से छात्रवृत्ति भी प्राप्त होगी। उन्होंने यह भी बताया कि छात्राओं ने कठिन परिश्रम, नियमित अध्ययन और विभागीय शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह उपलब्धि हासिल की है। छात्राओं की इस उपलब्धि के लिए विश्व विद्यालय के प्रतिकुलपति- एक्सटर्नल अफेयर्स डॉ. राहुल कुमार मिश्रा, प्रतिकुलपति एकेडमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. वैभव त्रिवेदी, प्रतिकुलपति- रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. नवनीत वर्मा समेत सभी अधिकारियों, विश्वविद्यालय के समस्त स्कूलों के निदेशकों, विभागाध्यक्षों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी छात्राओं बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हर्बल इम्यूनिटी बूस्टर
थकान, कमजोरी दूर करें,
अनेक रोगो से बचाए
1980 से प्रसिद्ध
एनर्जिक-31
स्वास्थ्यवर्धक कैप्सूल


amazon पर भी उपलब्ध है
फोन नं0 0591-3554385 E-mail:energic31@gmail.com

# सम्पादकीय

गुरुवार, 8 मई 2025

## पाकिस्तान को सबक

पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना ने पीओके और पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के नौ ठिकानों को नष्ट कर पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश दे दिया है। पाक को भारतीय सेना की इस कार्रवाई से सबक सीखना होगा, क्योंकि पाकिस्तान आए दिन आतंकियों को प्रशिक्षण देकर भारत में भेजता रहा है, जिससे भारत के लोगों की जान जा चुकी है। यह पहला मौका नहीं है जब भारत ने ऐसी कार्रवाई की है। इससे पहले भी भारत ने कार्रवाई करके पाकिस्तान को सीख दी थी, लेकिन पाकिस्तान नहीं माना और 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी भेजकर निर्दोष लोगों की जान ले ली। आज पूरे भारत में सेना की इस कार्रवाई की सराहना हो रही है। देश के सभी धर्मों के लोग जश्न मना रहे हैं। हिन्दू, सिख, मुस्लिम और ईसाई सभी सेना की इस कार्रवाई की प्रशंसा कर रहे हैं। देर रात से ही देश में जश्न मनााया जा रहा है। इससे पहले भी 26 फरवरी 2019 को भारतीय वायु सेना के 12 मिराज 2000 जेट्स ने नियंत्रण रेखा पार की और बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद संचालित आतंकवादी शिविर पर हमला किया। भारतीय मीडिया ने बताया कि इस ऑपरेशन के दौरान लगभग 200 - 300 आतंकवादी मारे गए। भारतीय सेना ने 28 सितंबर 2016 को भी पाक में सर्जिकल स्ट्राइक कर दी थी। सरहद पार सेना ने 38 आतंकवादी और 2 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया था। इसी तरह से 14 फरवरी, 2019 को पुलवामा अटैक हुआ था। 12 दिन के बाद भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के बालाकोट में एयर स्ट्राइक कर दी थी। इतना सबकुछ होने के बाद भी पाकिस्तान में आतंकी प्रशिक्षण शिविर चालू रहे और भारत को अस्थिर करने के लिए नापाक हरकतें करता रहा, लेकिन अब बहुत हो चुका। पाकिस्तान को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। भारतीय सेना ने जिस तरह 6-7 मई की रात ऑपरेशन सिंदूर चलाकर लगभग सौ आतंकियों को मार गिराया और उनके प्रशिक्षण केंद्रों को तहस-नहस कर दिया, उससे साफ है कि भारत अब आतंकवाद के खात्मे को किसी हद तक जा सकता है। यहां सेना की सराहना करनी होगी कि उसने सिर्फ आतंकवादियों के नेटवर्क को ही निशाना बनाया। किसी भी नागरिक को कोई हानि नहीं होने दी। आज हमारी सेना दुनियां की पांचवीं सबसे बड़ी सेना है। इसके बावजदू पाकिस्तान की समझ में नहीं आया कि वह आतंकी गतिविधियों को रोके और अपनी सरजमीं का इसके लिए इस्तेमाल न होने दे। अगर पास्तिान यह सबकुछ करता, तो आज तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होता, लेकिन कहावत कि लातों केभूत बातों से नहीं मानते। यही भाषा पास्तिान को समझ में आती है, जिसके कारण उसे नुकसान उठाना पड़ता है। आतंकवाद केवल भारत की समस्या नहीं है, बल्कि यह पूरे विश्व के लिए चुनौती है। अगर कोई देश आतंकवाद का सुरक्षित ठिकाना बन गया हो, आतंकवादियों का शरणगाह बन गया हो, तो निश्चित तौर पर ऐसे ठिकानों को नष्ट करना मानवता का पहला कर्तव्य है। पूरी दुनिया एक स्वर में आतंकवाद के चारागाहों, शरणगाहों को खत्म करने की आवाज उठ रही है।

## जांबाज सैनिकों को सलाम



हम अपने सशस्त्र बलों पर गर्व करते हैं, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के आतंकी ठिकानों पर साहसिक और निर्णायक कार्रवाई करते हुए मुहंतोड़ जवाब दिया है, हम अपने जांबाज सैनिकों के साहस, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रभक्ति को सलाम करते हैं, पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के दिन से ही कांग्रेस ने साफतौर पर सशस्त्र बलों और सरकार के साथ एकजुटता से खड़े होकर सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ हर निर्णायक कार्रवाई का समर्थन किया था, कांग्रेस देश के वीर जवानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

**मल्लिकार्जुन खड़गे**
**कांग्रेस अध्यक्ष**

# इन्हें अपराध से नहीं बल्कि अपराधी के धर्म से नफरत है

**2018 में कश्मीर में आठ साल की मासूम बच्ची असिफा के साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या की घटना को अंजाम दिया गया था और कई दिनों तक मंदिर परिसर के एक कमरे में मंदिर के पुजारी सहित अनक लोगों ने उसका बलात्कार करने के बाद उसका शव झाड़ियों में फेंक दिया गया था**



**निर्मल रानी**



उत्तरांचल का व्यस्त पर्यटक स्थल नैनीताल पिछले दिनों साम्प्रदायिकतावादियों के निशाने पर आ गया। ख़बरों के अनुसार 12 अप्रैल को नैनीताल में एक 12 वर्षीय नाबालिग़ लड़की के साथ उस्मान नामक एक वृद्ध आयु के आरोपी द्वारा कथित तौर पर बलात्कार किया गया। पीड़िता की मां द्वारा घटना की रिपोर्ट 30 अप्रैल को मल्लीताल थाने में दर्ज कराई गई। आरोप है कि आरोपी उस्मान स्कूल से आते समय बालिका को बहला फुसलाकर कार में बिठाकर ले गया और उसने कार में ही बच्ची के साथ दरिन्दिगी की। पुलिस द्वारा आरोपी को फ़ौरन गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। परन्तु प्राथमिकी दर्ज होते ही थाने में ही हिंदूवादी संगठनों की भीड़ इकट्ठी होनी शुरू हो गई। और उसी दिन देर रात से लेकर अगले दिन 1 मई तक इस घटना के विरुद्ध जो भीड़ द्वारा जो तांडव किया गया। उसकी तो कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। उस्मान की दरिन्दिगी का बदला उसके समुदाय के लोगों से लिया जाने लगा। चुन चुनकर मुसलमानों के घरों व दुकानों में आग लगाई जाने लगी। अनेक मस्जिदें तोड़ी गईं व कई आग के हवाले कर दी गईं। सड़कों पर जुलूस निकालकर समुदाय विशेष के विरुद्ध नारेबाज़ी की गई।

इस घटना का एक अत्यंत सम्प्रदायिकतापूर्ण दुखद पहलू यह भी रहा कि जब हालात को नियंत्रित करने के लिए मल्लीताल थाने में तैनात उत्तराखंड पुलिस के वरिष्ठ सब इंस्पेक्टर मोहम्मद आसिफ़ ख़ान जो डयूटी पर तैनात थे, जब वहां पहुंचे तो उन्मादी भीड़ ने उन्हें भी घेर लिया। उनके साथ धक्का-मुक्की की और वर्दी का कॉलर पकड़ कर खींचने की कोशिश की। वे भी वहां प्रदर्शनकारियों की उग्रता का शिकार हो गए। उग्र भीड़ में कुछ लोग उनका नाम पूछते हुए अभद्रता धक्का-मुक्की करते देखे गए। भीड़ ने केवल धार्मिक आधार पर उन पर निशाना साधा और उन्हें कोतवाली के अंदर तक घसीट ले गए और कोतवाली में भी हंगामा करते रहे। इस घटना का वीडीओ भी सोशल मीडिया पसर शेयर हुआ और ख़ूब वायरल हुआ। इस घटना का दूसरा प्रभाव यह हुआ कि जो नैनीताल शांति व प्रकृतिक सौंदर्य के लिए मशहूर था वह भी साम्प्रदायिकता व अचानक साम्प्रदायिक उपद्रव के नाम से कलंकित हो गया। इतना ही नहीं करोड़ों रूपये का पर्यटन प्रभावित हुआ। और ख़बर तो यह है कि अगले महीने यानी जून तक की बुकिंग अनेक पर्यटकों द्वारा रद्द करा दी गई। एक ओर तो उपद्रवियों द्वारा एक व्यक्ति की दरिन्दिगी के चलते द्वारा उसके धर्म के लोगों के विरुद्ध जमकर फ़साद किया गया तो दूसरी तरफ़ इसी समाज के लोगों द्वारा उस्मान के विरुद्ध कई कड़े फ़ैसले लिए गए। नैनीताल के मुस्लिम संगठन अंजुमन-ए-इस्लामिया द्वारा उस्मान को मुस्लिम समाज से बहिष्कृत करने का फ़ैसला लिया गया और उसके मस्जिद में प्रवेश पर रोक लगा दी गई। साथ ही पीड़िता के इलाज से लेकर उसकी शिक्षा तक का पूरा ख़र्च उठाने की घोषणा की गई। अंजुमन ने यथाशीघ्र आरोपी को सख्त से सख्त सज़ा दिलाने की मांग की तथा इस घृणित कार्य की घोर निंदा की व इसे अमानवीय कृत्य बताया। परन्तु इस साम्प्रदायिक उपद्रव ने वही सवाल एक बार फिर खड़ा कर दिया कि क्या किसी एक व्यक्ति के अपराध की सज़ा उसके पूरे धर्म व उसके धर्मस्थलों को दी जा सकती है? और दूसरा यह भी कि बलात्कार जैसे अपराध पर उपद्रवियों का ग़ुस्सा क्या किसी अन्य समाज से जुड़े आरोपियों पर भी कभी उतरते देखा गया? और तीसरा यह भी कि आख़िर वह कौन लोग हैं जो समय समय पर बलात्कारियों व हत्यारों के पक्ष में दिखाई देते हैं? याद कीजिए, इसी उत्तरांचल राज्य में सितम्बर 2022 में 19 वर्षीय अंकिता की हत्या एक रिज़ॉर्ट संचालक और भाजपा नेता व पूर्व राज्यमंत्री विनोद आर्य के बेटे पुलकित आर्य, रिज़ॉर्ट मैनेजर सौरभ भास्कर और एक अन्य रिसोर्ट कर्मी अंकित द्वारा कर दी गई थी। अंकिता विनोद आर्य के स्वामित्व वाले वंतरा रिज़ॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट की नौकरी कर रही थी। पुलिस के अनुसार अंकिता को रिसोर्ट के 'विशेष' मेहमानों के साथ 'अनैतिक कार्य' करने के लिए मजबूर किया जा रहा था और जब अंकिता ने इस बारे में मना किया व इस घटना को दूसरों को बताने की बात कही तो उसकी हत्या कर दी गई। हत्या के बाद अंकिता का शव ऋषिकेश-हरिद्वार मार्ग पर चीला शक्ति नहर के पावर हाउस के पास बरामद किया गया है। उस समय हत्यारे पुलकित का भाई अंकित भी उत्तराखंड में अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग का उपाध्यक्ष था। यह पूरा परिवार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ा है। अंकिता भी उत्तरांचल की ही बेटी थी और पौड़ी गढ़वाल के डोम श्रीकोट की रहने वालीं थीं। इस घटना के बाद न तो किसी भीड़ का खून खौला न कोई हिंदूवादी संगठन सड़कों पर उतरते नज़र आया? आख़िर क्यों? हां महिला अस्मिता के इन साम्प्रदायिकतावादी उपद्रवियों की भीड़ उस समय हत्यारों और बलात्कारियों के पक्ष में ज़रूर खड़ी दिखाई दी थी जब 2018 में कश्मीर में आठ साल की मासूम बच्ची असिफ़ा के साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या की घटना अंजाम दी गई थी। और कई दिनों तक कई लोगों द्वारा मंदिर परिसर के एक कमरे में मंदिर के पुजारी सहित अनेक लोगों द्वारा उसका बलात्कार करने के बाद उसका शव झाड़ियों में फेंक दिया गया था। उस समय राज्य में भाजपा व पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की गठबंधन सरकार थी। पुलिस द्वारा आसिफ़ा की मौत व बलात्कार के सिलसिले में एक सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारी, चार पुलिस अधिका. रियों और एक किशोर सहित आठ लोगों को गिरफ़्तार किया गया था। मगर देश का इतिहास याद रखेगा कि इन आरोपियों की गिरफ़्तारी ने साम्प्रदायिक रूप ले लिया। भाजपा सहित अनेक हिंदूवादी संगठन जम्मू में विरोध प्रदर्शन करने लगे। हिंदूवादी वकीलों द्वारा आरोप पत्र दायर करने के लिए पुलिस को अदालत में प्रवेश करने से रोकने की कोशिश की गई। यहां तक कि सरकार में शामिल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो मंत्रियों व अनेक विधायकों ने आरोपियों के समर्थन में एक तिरंगा रैली निकाली। विश्व मीडिया में इस शर्मनाक घटना की खूब चर्चा हुई थी।

तो क्या अंकिता व आसिफ़ा की अस्मिता महिला अस्मिता नहीं थी। क्या बिल्क़ीस बानो की अस्मिता महिला अस्मिता का सवाल नहीं है। मणिपुर में नग्न परेड करा दी जाती है किसी का ख़ून नहीं खोलता। आसाराम जैसे अनेक बलात्कारियों पर किसी का ख़ून नहीं खोलता। हाथरस बलात्कार कांड में भी हत्यारों व बलात्कारियों के समर्थन में लोग जुट जाते हैं। यह आखिर कैसा देश और कैसा न्याय है जहां एक विशेष विचारधारा के लोगों को अपराध से नहीं बल्कि अपराधी के धर्म से नफरत है।

**( ये लेखक के निजी विचार है )**

# प्रतिरक्षा कोशिकाएं दर्द भी कम करती हैं




**साइंस पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में शोधकर्ता यह समझने की कोशिश कर रहे थे कि ट्रेग्स दर्द को कैसे प्रभावित करती हैं, उन्होंने मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी को ढंकने वाली सुरक्षा झिल्लियों में मौजूद ट्रेग्स पर ध्यान दिया, जहां ये कोशिकाएं सामान्य से कहीं ज्यादा पाई जाती हैं**

आमूमन प्रतिरक्षा कोशिकाएं शरीर को संक्रमण से बचाने का काम करती हैं, लेकिन रेग्युलेटरी टी कोशिकाओं (ट्रेग्स) का काम एक तरह से सामंजस्य की स्थिति बनाए रखना होता है। ये सूजन कम करती हैं, घाव भरने में मदद करती हैं और प्रतिरक्षा तंत्र को स्वयं अपने शरीर के विरुद्ध काम करने से रोकती हैं और अब, वैज्ञानिकों ने पाया है कि कुछ ट्रेग्स कोशिकाएं दर्द भी कम कर सकती हैं, हालांकि यह असर केवल मादा चूहों में देखा गया है।

साइंस पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में शोधकर्ता यह समझने की कोशिश कर रहे थे कि ट्रेग्स दर्द को कैसे प्रभावित करती हैं। उन्होंने मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी को ढंकने वाली सुरक्षा झिल्लियों (मेनिन्जेस) में मौजूद ट्रेग्स पर ध्यान दिया, जहां ये कोशिकाएं सामान्य से कहीं ज्यादा पाई जाती हैं।

परीक्षण के लिए उन्होंने ऐसे चूहे तैयार किए जिनमें इन खास ट्रेग्स को एक बैक्टीरिया विष के माध्यम से खत्म किया जा सकता था। जब मादा चूहों से ट्रेग्स हटाई गई, तो उनकी यांत्रिक दर्द (जैसे दबाने या छूने से होने वाला दर्द) के प्रति संवेदनशीलता बढ़ गई। लेकिन नर चूहों में ऐसा कोई असर नहीं देखा गया। हालांकि ट्रेग्स ने गर्मी या ठंड से जुड़ी दर्द की संवेदनशीलता पर कोई असर नहीं डाला -न मादा में और न ही नर में।दिलचस्प बात यह है कि जब वैज्ञानिकों ने आईएल-2 नामक एक प्रोटीन के ज़रिए ट्रेग्स कोशिकाओं की संख्या बढ़ाई तो चोटिल मादा चूहों में दर्द पर प्रतिक्रिया बेहतर हो गई-यानी दर्द कम महसूस हुआ। लेकिन जब मादा हार्मोन (जैसे एस्ट्रोजन) को बाधित कर दिया गया अथवा अंडाशय को हटा दिया गया तो आईएल-2 का असर नहीं हुआ। इससे साफ है कि ट्रेग्स कोशिकाएं दर्द से राहत देने का अपना काम मादा हार्मोन, खास तौर पर एस्ट्रोजन, की मदद से करती हैं।इतना ही नहीं, ट्रेग्स कोशिकाएं दर्द कम करने के लिए सिर्फ सूजन रोकने के ज़रिए काम नहीं करतीं बल्कि सीधे तंत्रिका को. शिकाओं पर असर डालती हैं। ये एंकेफेलिन्स नामक प्राकृतिक दर्दनाशक अणु छोड़ती हैं, जो तंत्रिका को. शिकाओं के दर्दरोधी ग्राहियों को सक्रिय करके दर्द की तीव्रता कम कर देते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि महिलाओं और जेंडर पुष्टि देखभाल (जेंडर अफर्मिंग केयर) ले रहे लोगों के लिए दर्द की समस्या ज्यादा होती है। उनके संदर्भ में यह खोज महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। कई शोधकर्ता आत्म-प्रतिरक्षा रोगों के लिए ट्रेग कोशिकाओं की संख्या बढ़ाने पर कार्य कर रहे हैं। उसमें दर्द प्रबंधन के दृष्टिकोण को जोड़ना मददगार हो सकता है। अलबत्ता, इस राह में कई चुनौतियां हैं-मनुष्यों के मस्तिष्क और रीढ़ की झिल्ली तक ट्रेग्स को सही-सलामत पहुंचाना आसान नहीं होगा। लेकिन ऐसा लगता है कि आत्म-प्रतिरक्षा रोगों के इलाज में इस्तेमाल हो रहा प्रतिरक्षा-वृद्धि उपचार इस राह को आसान कर सकता है।

# आपदा के समय भरोसेमंद दोस्त 'रेडक्रॉस'



**योगेश कुमार गोयल**




**8 मई 1828 को जन्मे डयूनेंट 1859 में हुई सालफिरोनो (इटली) की लड़ाई में घायल सैनिकों की दुर्दशा देख बहुत आहत हुए थे, क्योंकि युद्धभूमि में पड़े इन घायल सैनिकों के उपचार के लिए कोई चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी**

रेडक्रॉस की स्थापना महान् मानवता प्रेमी जीन हेनरी डयूनेंट द्वारा की गई थी, इसीलिए उनके जन्मदिन के अवसर पर प्रतिवर्ष विश्वभर में 8 मई का दिन 'अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस' के रूप में मनाया जाता है और संस्था की गतिविधियों से आम आदमी को अवगत कराने के प्रयास किए जाते हैं। रेडक्रॉस की स्थापना वर्ष 1863 में हुई थी और अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी दुनिया के सभी देशों में रेडक्रॉस आन्दोलन का प्रसार करने के साथ-साथ रेडक्रॉस के आधारभूत सिद्धांतों के संरक्षक के रूप में भी कार्य कर रही है। 8 मई 1828 को जन्मे डयूनेंट 1859 में हुई सालफिरोनो (इटली) की लड़ाई में घायल सैनिकों की दुर्दशा देख बहुत आहत हुए थे क्योंकि युद्धभूमि में पड़े इन घायल सैनिकों के उपचार के लिए कोई चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी। युद्ध मैदान में घायल पड़े इन्हीं सैनिकों के दर्दनाक हालातों पर अपने कड़वे अनुभवों के आधार पर उन्होंने 'मेमोरी और सालफिरोनो' नामक एक पुस्तक भी लिखी और 1863 में रेडक्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति 'आईसीआरआई' का गठन किया। डयूनेंट के सतत प्रयासों की बदौलत ही 1864 में जेनेवा समझौते के तहत 'अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस मूवमेंट' की स्थापना हुई।

डयूनेंट ने इटली में युद्ध के दौरान रक्तपात का ऐसा भयानक मंजर देखा था, जब चिकित्सकीय सहायता के अभाव में युद्धक्षेत्र में अनेक घायल सैनिक हृदयविदारक कष्टों से तड़प रहे थे। ऐसे घायलों की सहायता के लिए उन्होंने स्थाई समितियों के निर्माण की आवश्यकता को लेकर आवाज बुलंद की, जिसका असर भी दिखा। युद्ध में आहतों की स्थिति के सुधार के साधनों का अध्ययन करने के लिए उसके बाद एक आयोग का गठन किया गया। 1863 में जेनेवा में एक अंतर्राष्ट्रीय बैठक में रेडक्रॉस के आधारभूत सिद्धांत निर्धारित किए गए तथा रेडक्रॉस आन्दोलन का विकास करते हुए आहत सैनिकों और युद्ध पीड़ितों की सहायता संगठित करने हेतु दुनियाभर के सभी देशों में राष्ट्रीय समितियां बनाने पर जोर दिया गया। नेपोलियन तृतीय के हस्तक्षेप के चलते अंतर्राष्ट्रीय समिति 'स्विस फेडरल काउंसिल' को 8 अगस्त 1864 को जेनेवा में सम्मेलन बुलाने के लिए राजी करने में सफल हुई, जिसमें 26 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस सम्मेलन के चलते जेनेवा अधिवेशन हुआ, जिसमें सुरक्षा के प्रतीक रेडक्रॉस वाले सफेद झंडे पर स्वीकृति की मोहर लगाई गई, जो आज समस्त विश्व में रेडक्रॉस का प्रतीक चिन्ह बना हुआ है। शुरुआती दौर में रेडक्रॉस की भूमिका युद्ध के दौरान बीमार और घायल सैनिकों, युद्ध करने वालों और युद्धबंदियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना तथा उन्हें उचित उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने तक ही सीमित थी किन्तु अब इस संस्था के दायित्वों का दायरा लगातार विस्तृत होता जा रहा है।

मानवीय सेवा को समर्पित रेडक्रॉस ने प्रथम तथा द्वितीय विश्वयुद्ध में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए अनेक घायल सैनिकों तथा नागरिकों की सहायता कर अनुकरणीय उदाहरण पेश किया था। दुनिया के किसी भी भाग में जब भूकम्प, बाढ़, भू-स्खलन या अन्य किसी भी प्रकार की प्राकृतिक अथवा मानवीय आपदा सामने आती है तो सबसे पहले 'अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी' की टीमें वहां पहुंचकर राहत कार्यों में जुट जाती हैं। शांति और सौहार्द के प्रतीक के रूप में जानी जाने वाली इस संस्था ने अपने कर्मठ, समर्पित और कर्त्तव्यनिष्ठ स्वयंसेवकों के माध्यम से न केवल भारत में बल्कि दुनियाभर में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। फिलहाल 190 से भी अधिक देशों में 'रेडक्रॉस' संस्था सक्रिय है। भारत में 'भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी अधिनियम' के तहत वर्ष 1920 में रेडक्रॉस सोसायटी का गठन हुआ था और स्थापना के नौ वर्ष बाद इसकी सराहनीय गतिविधियों को देखते हुए अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी ने 'भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी' को मान्यता प्रदान की।

भारत में रेडक्रॉस की स्थापना के शुरुआती वर्षों में देश में रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष भारत के उपराष्ट्रपति होते थे किन्तु वर्ष 1994 में रेडक्रॉस एक्ट में संशोधन करते हुए सोसायटी का पदेन अध्यक्ष महामहिम राष्ट्रपति को तथा सचिव केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री को बनाया गया। वर्तमान समय में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की देशभर में 750 से अधिक शाखाएं मानवता की सेवा में जी-जान से जुटी हैं। रेडक्रॉस एक ऐसी स्वयंसेवी संस्था है, जो देश के किसी भी हिस्से में प्राकृतिक अथवा मानवीय आपदा के शिकार लोगों को बचाने व राहत पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और इसमें शामिल होने वाले कर्मठ स्वयंसेवकों की संख्या निरन्तर बढ़ रही है। विश्वभर में रेडक्रॉस के करीब एक करोड़ सत्तर लाख स्वयं सेवक हैं। यही कारण है कि रेडक्रॉस दिवस को 'अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस' भी कहा जाता है। रेडक्रॉस लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करती है और अपनी विभिन्न शाखाओं के जरिये देशभर में जगह-जगह रक्तदान शिविर लगाकर प्रतिवर्ष बहुत बड़ी मात्रा में रक्त एकत्रित करती है। देश में रक्त एकत्रित करने तथा वही रक्त जरूरतमंद लोगों के लिए सही समय पर उपलब्ध कराने का कार्य यह संस्था कई दशकों से लगातार कर रही है। वास्तव में रक्त इकट्ठा करने वाली यह विश्व की एकमात्र सबसे बड़ी संस्था है, जिससे कैंसर, थैलेसीमिया, एनीमिया जैसी प्राणघातक बीमारियों से जूझ रहे हजारों लोगों की भी जान बचाई जाती हैं। रेडक्रॉस की पहल पर दुनिया का पहला ब्लड बैंक अमे. रिका में 1937 में स्थापित हुआ था और वर्तमान में दुनियाभर के अधिकांश ब्लड बैंकों की देखरेख रेडक्रॉस तथा उसकी सहयोगी संस्थाओं द्वारा ही की जाती है। रेडक्रॉस देश के किसी भी भाग में मानवीय या प्राकृतिक आपदा के शिकार लोगों को बचाने तथा उन्हें राहत पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही है।

# दांत के सड़ने पर हो सकता है कैंसर का खतरा

दांतों में सड़न होने से सिर और गर्दन के पास स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा नामक कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि कैविटी के कारण दांत के अंदरूनी हिस्से से होते हुए गर्दन और सिर में गंभीर बीमारी हो सकती है। हालांकि कैविटी की वजह से सीधा कैंसर नहीं होता है। लेकिन इससे जो सूजन और संक्रमण फैलता है, वह धीरे-धीरे कैंसर का खतरा बढ़ाता है। इसलिए आपको इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि क्या दांत सड़ने से कैंसर का खतरा हो सकता है।

### क्रॉनिक सूजन...

वहीं जिस कैविटी से पानी बाहर नहीं निकल पाता है, तो वहां पर क्रॉनिक सूजन की वजह से साइटोकाइन रिलीज होता है। इसके आसपास के टिशू में क्षति हो सकती है। रिएक्टिव ऑक्सीजन स्पीसीज की वजह से सूजन अधिक बढ़ती है। जिसकी वजह से सेल्स में परिवर्तन होने के साथ दांत सड़ता है।

### ओरल इन्फेक्शन...

बैक्टीरिया टॉक्सिन, फ्यूसोबैक्टीरियम न्यूक्लियेटम और पोर्फिरोमोनस जिंजिवलिस जैसे बैक्टीरिया भी दांतों में मिलते हैं। इनमें टॉक्सिन सेल्स बढ़ता है।

### खराब ओरल हाइजीन...

इसके अलावा खराब ओरल हाइजीन भी एक रिस्क फैक्टर है, जोकि आमतौर पर बिना ट्रीटमेंट वाली कैविटी में मिलता है। इसको सिर और गर्दन के कैंसर का भी कारक माना गया है। वहीं खाब ओरल हाइजीन की वजह से तंबाकू और शराब जैसे कैंसरकारी कारकों के संपर्क में आने से भी मुंह में हानिक. ारक पदार्थों का जमाव हो सकता है।

### एचपीवी की भूमिका...

अगर मुंह के अंदर लंबे समय तक संक्रमण रहता है, तो इससे ह्यूमन पैपिलोमावायरस के संक्रमण का जोखिम बढ़ जाता है। यह गले के कैंसर से बहुत करीब से जुड़ा हुआ है।

### ल्यूकोप्लाकिया या मुंह का घाव

जब भी हम मुंह के कैविटी या फिर इंफेक्शन का इलाज नहीं कराते हैं, तो ल्यूकोप्लाकिया नामक कैंसर से पहले होने वाले घाव हो सकते हैं। जोकि बाद में गंभीर बीमारी में भी बदल सकते हैं।

### पोषक तत्वों की कमी...

बता दें कि कैविटी की वजह से खाने में दर्द और परेशानी होती है। जिससे हमारी शरीर में पोषक तत्वों की कमी हो सकती है।



## पहलगाम आतंकी हमले का भारत ने पाकिस्तान से किया हिसाब चुकता

# भारत की कार्रवाई से सहमा पाक

## दुनिया के देशों ने किया भारत का समर्थन



### आतंकवाद से लड़ाई में हम भारत के साथ: ट्रम्प



**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** भारत ने जब पहलगाम का बदला लेने के लिए पाकिस्तान में आतंकवादी शिविरों पर बमबारी की, तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्हें पता था कि कुछ होने वाला है और उम्मीद जताई कि यह जल्दी खत्म हो जाएगा। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रम्प ने भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर पर टिप्पणी करते हुए कहा, यह शर्म की बात है, हमने इसके बारे में अभी सुना, ठीक उसी समय जब हम ओवल के दरवाज़े पर चल रहे थे। उन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले का संदर्भ में कहा, मैंने इसके बारे में अभी सुना, मुझे लगता है कि हम जानते थे कि कुछ होने वाला है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, वे (भारत-पाकिस्तान) लंबे समय से लड़ रहे हैं, वे कई, कई दशकों से लड़ रहे हैं। अब मैं बस यही उम्मीद करता हूं कि यह बहुत जल्दी खत्म हो जाए। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति ट्रम्प विश्व के पहले नेता थे जिन्होंने 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फोन करके उनसे बात की, तथा आतंकवादी हमले की निंदा की और मदद की पेशकश की। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों में हस्तक्षेप न करने का फैसला किया है, तथा दोनों पक्षों को आपस में मुद्दों को सुलझाने दिया है। इससे पहले, कल देर रात के बाद रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ढांचे को नष्ट करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जहां से भारत के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाई गई और निर्देशित किया गया। भारत ने कुल मिलाकर, नौ स्थानों को निशाना बनाया गया है। बयान में कहा गया है, हमारी कार्रवाई केंद्रित, मापी गई और गैर-उग्र प्रकृति की रही है। किसी भी पाकिस्तानी सैन्य सुविधा को निशाना नहीं बनाया गया है। भारत ने लक्ष्यों के चयन और हमलों के तरीके में काफी संयम बरता है। उन्होंने कहा कि भारत ने यह कदम पहलगाम में हुए नृशंस आतंकवादी हमले के मद्देनजर उठाए गए हैं, जिसमें आतंकवादियों ने 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी गई थी।

### इज़रायल भारत की आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है



**नई दिल्ली।** इजरायल ने बुधवार को भारत के ऑपरेशन सिंदूर को अपना समर्थन देने की घोषणा की, जिसके तहत भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले का बदला लेने के लिए पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पीओके के नौ स्थलों पर आतंकवादी शिविरों पर हमला किया। भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में अपने देश का समर्थन व्यक्त किया। हैशटैग ऑपरेशन सिंदूर के साथ उन्होंने लिखा, इजरायल भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है। आतंकवादियों को ज्ञात होना चाहिए कि निर्दोषों लोगों के खिलाफ उनके जघन्य अपराधों से बचने के लिए उनके पास छिपने की कोई जगह नहीं है। राजदूत अजार की यह पोस्ट भारत के रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के कुछ घंटों बाद आई है। भारत के भारतीय सशस्त्र बलों ने कल देर रात पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी ढांचे पर हमला करते हुए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया है।

### हम स्थिति पर नजर रखे हुए: मार्को रूबियो



**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कहा है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच उपजे हालातों पर बारीकी से नज़र रखे हुए है और उम्मीद करता है कि यह स्थिति जल्द ही समाप्त हो जाएगी। अमेरिका विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मार्को रुबियो ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि अमेरिका शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारतीय और पाकिस्तानी नेतृत्व दोनों के साथ बातचीत जारी रखेगा।

रुबियो ने कहा, मैं भारत और पाकिस्तान के बीच उपजे हालात पर बारीकी से नज़र रख रहा हूं। मैं आज पहले अमेरिकी राष्ट्रपति की टिप्पणियों से सहमत हूं कि उम्मीद है कि यह स्थिति जल्द ही समाप्त हो जाएगी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर पर टिप्पणी करते हुए कहा, यह शर्म की बात है। हमने इसके बारे में अभी सुना, ठीक उसी समय जब हम ओवल के दरवाज़े पर चल रहे थे। उन्होंने कहा, मैंने इसके बारे में अभी सुना, अतीत के कुछ अंशों के आधार पर मुझे लगता है कि हम जानते थे कि कुछ होने वाला है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने पहलगाम आतंकवादी हमले का संदर्भ देते हुए यह बात कही है। वे लंबे समय से लड़ रहे हैं, वे कई दशकों से लड़ रहे हैं अब मैं बस यही उम्मीद करता हूं कि यह बहुत जल्दी खत्म हो जाए, अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा। गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रंप पहले विश्व नेता हैं जिन्होंने 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन करके उनसे बात की, और आतंकी हमले की निंदा की और मदद की पेशकश की।

## पाक ने कबूला: भारतीय वायुसेना ने अपनी सीमा से ही दागे हथियार

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने बुधवार सुबह दावा किया कि भारतीय वायुसेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपने हवाई क्षेत्र से ही हथियारों का इस्तेमाल नागरिक आबादी को निशाना बनाने के लिए किया। वहीं पाकिस्तान के जवाब में भारत ने कहा, हमांरी कार्रवाई केंद्रित, मापी हुई और गैर-उग्र प्रकृति की रही है। किसी भी पाकिस्तानी सैन्य सुविधाओं को निशाना नहीं बनाया गया है। भारत ने लक्ष्यों के चयन और हमला करने में काफी संयम बरता गया है। हम इस प्रतिबद्धता पर खरे उतरे हैं कि इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। पाकिस्तान सरकार ने एक बयान में आरोप लगाया गया कि भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के पंजाब में मुरीदके और बहवलपुर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पार और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में कोटली और मुजफ्फराबाद में नियंत्रण रेखा के पार के इलाकों को निशाना बनाया। पाकिस्तान ने कहा कि भारतीय कार्रवाई से वाणिज्यिक हवाई यातायात को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। भारतीय सशस्त्र बलों ने 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी ढांचे पर रात 1:44 बजे सटीक हमले किए।



पाकिस्तान की इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ISPR ने यह फोटो जारी की है। इसमें बहावलपुर के एक हॉस्पिटल में हमले में घायल का इलाज हो रहा है।

### शहबाज ने इसे बताया युद्ध, जवाब देने की दी धमकी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने आतंकी ठिकानों पर भारत की गोलाबारी को युद्ध की कार्रवाई बताते हुए कहा है कि उनका देश जवाब दे रहा है। शरीफ ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में बुधवार को कहा, पाकिस्तान को भारत के इस एक्ट ऑफ वार का माकूल जवाब देने का पूरा हक है और जवाब दिया जा रहा है।

### अगर भारत आगे कार्रवाई नहीं करता तो पाकिस्तान भी कुछ नहीं करेगा: ख्वाजा आसिफ



**इस्लामाबाद।** भारतीय सशस्त्र सेनाओं के ऑपरेशन सिंदूर से हताश पाकिस्तान ने कहा है कि यदि भारत आगे और कार्रवाई नहीं करता है तो पाकिस्तान भी कार्रवाई नहीं करेगा। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक टेलीविजन चैनल से बातचीत में कहा कि इस कार्रवाई की शुरुआत भारत ने की है और हमने इसके बाद जवाबी कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि यदि भारत रुक जाता है तो पाकिस्तान भी कोई कार्रवाई नहीं करेगा।

## सभी की सुरक्षा सुनिश्चित होगी: सिन्हा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच बुधवार को कहा कि देश के हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। सिन्हा ने आज उपायुक्तों (डीसी) को निर्देश दिया कि वे संवेदनशील इलाकों से ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाएं और उनके लिए भोजन, आवास, चिकित्सा और परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर शुरू किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में रात के समय सीमा पर भारी गोलाबारी देखी गई जिसमें तीन नागरिक मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए। गोलाबारी में कई घर क्षतिग्रस्त हो गए। उपराज्यपाल के कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने सभी सीमावर्ती जिलों के डीसी सहित सभी वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस और जिला अधिकारियों के साथ जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिलों की स्थिति का जायजा लिया। मैं स्थिति पर करीब से नज़र रख रहा हूं और सरकार किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। मैंने डीसी को निर्देश दिया है कि वे ग्रामीणों को संवेदनशील क्षेत्रों से सुरक्षित स्थानों पर ले जाएं और उनके लिए भोजन, आवास, चिकित्सा और परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। हम हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे।

## ऑपरेशन मूवमेंट से संबंधित कंटेंट साझा न करें

**जम्मू।** जम्मू पुलिस ने बुधवार को आम जनता के लिए एडवाइजरी जारी की और जिले में सुरक्षा तैनाती अथवा ऑपरेशनल मूवमेंट से संबंधित कोई भी जानकारी अपलोड या साझा न करने की अपील की। एडवाइजरी में कहा गया है कि सभी नागरिकों को सख्त सलाह दी जाती है कि वे सोशल मीडिया या किसी अन्य सार्वजनिक प्लेटफॉर्म पर सुरक्षा तैनाती, ऑपरेशनल मूवमेंट या संवेदनशील स्थानों से संबंधित किसी भी कंटेन्ट को अपलोड या साझा न करें। ऐसी गति. विधियां सार्वजनिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा करती हैं। ऐसा करने वालों के खिलाफ संबंधित कानूनों के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एडवाइजरी में आगे कहा गया है कि जम्मू जिला पुलिस सभी से जिम्मेदारी से काम करने और ऐसी गतिविधियों से बचने का आग्रह करती है जो सुरक्षा अभियानों की प्रभावशीलता से समझौता कर सकती हैं।

## वैश्विक आतंकवादी है मसूद अज़हर

**बहावलपुर।** भारत ने 2001 के संसद हमले के मास्टरमाइंड जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर के पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के बहावलपुर स्थित घर को निशाना बनाकर हमला किया है। मीडिया ने स्थानीय सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि इस घटना में कम से कम 14 लोग मारे गए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। घटना के बाद इलाके में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर दी गई है, हालांकि अभी तक इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि या खंडन नहीं किया गया है। मसूद अजहर ने दावा किया कि मृतकों में उसकी सबसे बड़ी बहन और उसके पति मसूद अजहर का भतीजा, उसकी पत्नी, एक और भतीजी और उनके परिवार के पांच बच्चे शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि मंगलवार देर रात हुए हमले में मसूद अजहर का एक करीबी सहयोगी और उसकी मां तथा दो अन्य करीबी सहयोगी भी मारे गए हैं। बयान में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना करते हुए कहा गया है कि इस हमले में सभी नियम तोड़ दिए हैं। गौरतलब है कि मसूद अजहर और जैश-ए-मोहम्मद 2001 में भारतीय संसद पर हमले, जनवरी 2016 में पठानकोट एयरबेस पर हमले, फरवरी 2019 में पुलवामा आत्मघाती हमले में शामिल थे। मई 2019 को संयुक्त राष्ट्र ने मसूद अजहर को वैश्विक आतंकवादी घोषित कर दिया।

### ऑपरेशन सिंदूर



बहावलपुर के बाहरी इलाके में एयर स्ट्राइक के दौरान मस्जिद क्षतिग्रस्त हुई।



लाहौर से 30 किमी दूर मुरीदके शहर के आतंकी ठिकानों को तबाह किया गया, यहां लोगों के घरों को खाली करा दिया गया।

### एलओसी पर पाक की जवाबी कार्रवाई



जम्मू के पुंछ में पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई की है, जिसमें 15 की मौत व दर्जनों घायल हुए हैं।



पाकिस्तानी सेना की ओर से बॉर्डर पर की गई गोलाबारी में कई लोग घायल हुए।

## डोभाल ने अमेरिकी विदेश मंत्री को ऑपरेशन सिंदूर की दी जानकारी

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने अमेरिका के एनएसए और विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात कर और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी है जिसके तहत भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी शिविरों पर सटीक हमले किए हैं। वाशिंगटन में भारतीय दूतावास ने मंगलवार देर रात बताया कि हमलों के तुरंत बाद एनएसए डोभाल ने अमे. रिका के एनएसए और विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात की और उन्हें इस कार्रवाई के बारे में जानकारी दी। वाशिंगटन में भारतीय दूतावास ने एक बयान में कहा, आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में एक नृशंस हमले में 26 नागरिकों की हत्या कर दी थी जिनमें एक नेपाली नागरिक भी शामिल था। भारत के पास विश्वसनीय सुराग, तकनीकी जानकारी, जीवित बचे लोगों की गवाही और अन्य सबूत हैं जो इस हमले में पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों की स्पष्ट संलिप्तता की ओर संकेत करते हैं। भारत को पहले यह उम्मीद थी कि पाकिस्तान आतंकवादियों और उन्हें समर्थन देने वाले बुनियादी ढांचे के खिलाफ कार्रवाई करेगा। इसके बजाय, पिछले पखवाड़े के दौरान, पाकिस्तान ने पहगाम हमले में उनकी संलिप्तता से इनकार दिया और भारत के खिलाफ झूठे अभियान चलाने का आरोप लगाया है। भारत की कार्रवाई अपने लक्ष्य पर केंद्रित और सटीक रही है तथा जिम्मेदाराना और ऐसी कार्रवाइयों या प्रतिक्रियाओं से बचने वाली है जो स्थिति की गंभीरता को बढ़ा दें।

Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
➢Russia
➢Georgia
➢Kazakistan
➢Kyragyzstan
➢Uzbekistan
➢Iran
➢Bangladesh
➢Nepal
➢China
➢Europe
➢Egypt
➢Armenia
➢U.K.
➢Canada
➢U.S.A.
Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./M.D BHMS, BAMS BDS, BUMS
ABROAD ADMISSION & COUNSELLING FOR INDIA
Since 2010
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTANCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprise, Chahshreen B-21, Bijnor